**सच, सिर्फ सच** **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 24, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 274 अंकों की उछाल

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और दोनों मानक सेंसेक्स 274 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 67 अंक का लाभ रहा। } 10

## टीबी उन्मूलन में तेजी लाने के निर्देश : नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने सदस्यों को सूचित किया कि टीबी उन्मूलन में तेजी लाने के लिए सरकार के संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के तहत अन्य राज्यों के सांसदों के साथ भी इसी तरह का परामर्श किया गया है। } 10



## राष्ट्रमंडल खेल : पैरा एथलीट दिलीप को स्वर्ण

### श्रीशंकर ने लंबी कूद व मोहम्मद बासिल ने 100 मीटर टी47 स्पर्धा में जीता रजत

एजेंसी



ग्लास्गो। मुरली श्रीशंकर ने बुधवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की लंबी कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में एक और अध्याय जोड़ दिया जबकि भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा जिसमें छह और मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर देश के लिए 10 पदक पक्के कर दिए। केरल के इस खिलाड़ी की उपलब्धि के बाद भारत ने पैरा एथलेटिक्स में इतिहास रचते हुए पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में शीर्ष दो स्थान हासिल किए जब दिलीप महादू गावित ने स्वर्ण और मोहम्मद बासिल मोर्सिंगनकाथ ने रजत पदक जीता। दिलीप ने 10.71 सेकेंड का खेलों का नया रिकॉर्ड और सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं बासिल ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ 10.83 सेकेंड का समय निकालते हुए रजत पदक हासिल किया। श्रीशंकर राष्ट्रमंडल खेलों में लंबी कूद स्पर्धा में लगातार दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। बर्मिंघम ...शेष पृष्ठ 10 पर

## योगी ने बाबा विश्वनाथ व काल भैरव मंदिर में किया दर्शन-पूजन

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावण मास में प्रभावी एवं निर्बाध व्यवस्था बनाये रखने के दिये निर्देश

विशेष संवाददाता

वाराणसी। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ श्रावण मास के प्रथम दिन सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। काशी कोतवाल बाबा काल भैरव मंदिर तथा श्री काशी विश्वनाथ धाम में विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर प्रदेश और देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं लोक कल्याण के लिए प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन की व्यवस्था को पूरे श्रावण मास में इसी प्रकार प्रभावी एवं निर्बाध रूप से बनाए रखा जाए। साथ ही सभी व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री योगी सर्वप्रथम बाबा काल भैरव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने वैदिक रीति से पूजा-अर्चना एवं आरती कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री यहां से श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा ...शेष पृष्ठ 10 पर



## असलहा लहराकर दंगा करने वाले को मिट्टी में ही दफन होना पड़ेगा: सीएम

गाजीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि समाज को बांटने वाले लोग विदेशी आक्रांता सालार मसूद गाजी को सम्मानित करते हैं। वे असलहा लहराने वाले दुर्दांत माफिया के सामने नाक रगड़ते थे और माफिया की कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ते थे। हमारी सरकार ने जीरो टॉलरेंस के तहत माफिया को मिट्टी में मिला दिया। अब गरीब का बेटा रामलीला का आयोजन करता है तो कोई असलहा लहराकर दंगा करने का दुस्साहस नहीं कर सकता, क्योंकि उसे मालूम है कि ऐसा करने वालों को मिट्टी में ही दफन होना पड़ेगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को गाजीपुर में 692 करोड़ रुपये की 268 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इन परियोजनाओं का लाभ गाजीपुर, जखनिया, मोहम्मदाबाद, सैदपुर, जमानिया, जहूराबाद व जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। सीएम ने लोकार्पण व शिलान्यास वाली योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### नकली दवा नेटवर्क का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में नकली और अधोमानक दवाओं के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने लखनऊ में एक बड़े संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। विभाग ने फर्जी बिलिंग, क्रॉस-बिलिंग और फर्जी बैंक ट्रांजैक्शन के जरिए नकली दवाओं को वैध दिखाकर बाजार में खपाने वाले नेटवर्क का खुलासा करते हुए थाना अमीनाबाद में छह एफआईआर दर्ज कराई हैं। जुलाई माह में नकली दवाओं के नेटवर्क के खिलाफ यह छठी बड़ी एफआईआर है। एफएसडीए आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि जांच में मिश्रा एसोसिएट्स (अमीनाबाद), मिश्रा मेडिकल एजेंसी (रायबरेली), अशोक फार्मास्युटिकल्स, भारत फार्मा और एम.डी.एच. फार्मा के बीच बिना वास्तविक दवा आपूर्ति के केवल कागजों पर करोड़ों रुपये की क्रॉस-बिलिंग किए जाने का खुलासा हुआ। जांच के आधार पर मनीष मिश्रा, आमोद कुमार मिश्रा, सन्नी कश्यप, देवेन्द्र शुक्ला और राहुल के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### तालाब में डूबने से मां-बेटे की मौत

अमेठी। जिले में बुधवार शाम तालाब में फंसी अपनी भैंस को निकालने के प्रयास में एक महिला और उसके 19 वर्षीय बेटे की डूबने से मौत हो गई। यह घटना अमेठी थाना क्षेत्र के नुवावा गांव स्थित खेम तालाब में हुई। पुलिस के मुताबिक, गीता विश्वकर्मा (40) का बेटा दीपक (19) परिवार की भैंस को चराने के लिए ले गया था। इसी दौरान भैंस गहरे पानी से भरे तालाब में उतर गई। भैंस को बाहर निकालने के लिए दीपक तालाब में उतरा, लेकिन गहरे पानी में जाने के कारण वह डूबने लगा। बेटे को संकट में देखकर गीता भी उसे बचाने के लिए तालाब में कूद गईं, लेकिन वह भी डूब गईं। पुलिस ने बताया कि परिवार का छोटा बेटा आदर्श (14) भी मां और भाई को बचाने

# रास में भी पास हुआ पेपर लीक रोधी बिल

### प्रश्न पत्र लीक करने के अपराध में दस साल तक की सजा तथा 50 लाख रूपये तक जुर्माने का प्रावधान

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा ने बृहस्पतिवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 को मंजूरी दे दी और इसके साथ ही विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गयी जिसमें प्रश्न पत्र लीक करने के अपराध में दस साल तक की सजा तथा 50 लाख रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

नीट प्रश्नपत्र लीक की पृष्ठभूमि में लाए गए लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024 को लोकसभा ने एक दिन पहले ही मंजूरी दी थी। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब दिया और उनके जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी। सदन ने विपक्ष द्वारा विधेयक पर लाये गये संशोधन प्रस्तावों को ध्वनिमत से खारिज कर दिया। मंत्री के जवाब के पहले कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग करते हुए सदन से वाक आउट किया। वाक आउट पर सदन के नेता जेपी नड्डा ने निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष पूरी तरह से मुद्दाविहीन हो गया है और उसने अपनी करतूत से इसे साबित भी कर दिया है। चर्चा का जवाब देते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह विधेयक सिर्फ पेपर लीक से नहीं जुड़ा हुआ है बल्कि परीक्षा में कदाचार से जुड़े विभिन्न पहलुओं को भी शामिल किया गया है। उन्होंने अपने जवाब में विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि उसने चर्चा में विपक्ष शासित राज्यों में हुए पेपर लीक का जिक्र नहीं किया। उन्होंने शिक्षा में सुधार के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने मेडिकल शिक्षा को वहनीय बनाने पर जोर दिया और मैनेजमेंट कोटा को खत्म किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने सीटों में वृद्धि करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने न सिर्फ मेडिकल शिक्षा में बल्कि उच्च शिक्षा पर जोर दिया है और विश्वविद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक, 2026 के प्रावधानों के अनुसार परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक करने या अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने वाले व्यक्तियों को कम से कम पांच साल और अधिकतम 10 साल तक के कारावास तथा 50 लाख रुपये तक के जुर्माने की सजा हो सकती है। इसी तरह संगठित अपराधों के लिए कम से कम सात साल के कारावास और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित संशोधनों के तहत सभी जांच दो महीने के भीतर पूरी करनी होंगी। विधेयक में राज्यों ...शेष पृष्ठ 10 पर



## वंदे मातरम का अपमान अब आपराधिक कृत्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद ने बृहस्पतिवार को उस विधेयक को पारित कर दिया, जिसके प्रावधानों के तहत राष्ट्रगीत वंदे मातरम के गायन के दौरान किसी भी तरह का व्यवधान या उसका अपमान आपराधिक कृत्य माना जाएगा और इसके लिए तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है। राष्ट्रगान जन गण मन के साथ ही उसी सम्मान के साथ राष्ट्रगीत वंदे मातरम के गायन को अनिवार्य बनाने वाले राष्ट्र गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 को लोकसभा ने बृहस्पतिवार को द्रमुक समेत विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के बीच संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी।

इससे पहले उच्च सदन ने बुधवार को विधेयक को मंजूरी प्रदान की थी। प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्वाई और राम मंदिर में चढ़ावा चोरी जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा की बैठक दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न साढ़े तीन बजे शुरू हुई तो विपक्षी सांसद पहले की तरह ही नारेबाजी कर रहे थे। हंगामे के बीच ही विधेयक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सरकार ने ई-20 ईंधन को वाहनों के लिए बताया सुरक्षित

नयी दिल्ली। सरकार ने बृहस्पतिवार को अपने एथनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम का बचाव करते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर परीक्षणों और व्यापक रूप से उपयोग में ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला है कि ई20 पेट्रोल (20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल) से इंजन में असामान्य नुकसान पहुंचने, जंग लगने या वाहनों की आयु कम होने की समस्या आती है।

सरकार ने कहा कि एथनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत किया है और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से उपभोक्ताओं को राहत देने में मदद की है। लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने कहा कि एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम को नीति आयोग, वाहन विनिर्माताओं, ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई), सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम), तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) और अन्य तकनीकी संस्थानों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अमेरिका-ईरान के बीच मिसाइल हमले तेज

### हमले में कई लोगों की मौत, संघर्ष और देशों तक फैलने की आशंका

एजेंसी

काहिरा। अमेरिका और ईरान के बीच बृहस्पतिवार को एक-दूसरे के ठिकानों पर मिसाइल दागने का सिलसिला फिर शुरू होने के साथ किसी भी तरह के जल्द समाधान की संभावना कमजोर पड़ गई है।

संक्षिप्त विराम के बाद संघर्ष के और अधिक देशों तक फैलने की आशंका बढ़ गई है। जॉर्डन ने कहा कि उसने लगातार दूसरे दिन ईरानी मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। वहीं, कुवैत ने बताया कि देश के उत्तरी हिस्से में हुए एक हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस सप्ताह की शुरुआत में मिस्र के एक बंदरगाह पर ड्रोन हमलों से जहाजों में आग लग गई थी। इसके अलावा, सऊदी अरब ने कहा कि उसे इराक में ईरान समर्थित लड़ाकों की ओर से हमले का सामना करना पड़ा। कुवैत की सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि ईरान के एक हमले में एक चीनी कंपनी की इमारत निशाना बनी, जिसमें एक कर्मचारी की मौत हो गई। सेना ने कहा कि हमले में उत्तरी कुवैत स्थित इमारत को गंभीर नुकसान पहुंचा है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब जॉर्डन की वायु रक्षा प्रणाली ने ईरान से दागी गई पांच मिसाइलों को मार गिराया। ये हमले जॉर्डन स्थित एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर पहले हुए ईरानी मिसाइल हमले के जवाब में किए ...शेष पृष्ठ 10 पर



## 11,350 ग्राम पंचायतों में बन रहीं हाईटेक डिजिटल लाइब्रेरी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण युवाओं को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 11,350 ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से हाईटेक डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित कर रही है। पंचायती राज विभाग की इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, कौशल विकास और डिजिटल शिक्षा के लिए गांव में ही बेहतर अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराना है। योजना के पहले चरण में 37 जिलों में पुस्तकों और फर्नीचर की आपूर्ति पूरी हो चुकी है। अब तक 10,976 ग्राम पंचायतों में पुस्तकें और 9,909 ग्राम पंचायतों में आधुनिक फर्नीचर स्थापित किया जा चुका है। प्रत्येक लाइब्रेरी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संत रविदास की शिक्षाएं सबसे बड़ी धरोहर : धामी

### 650वीं जयंती पर भगवानपुर से निकली समरसता संकल्प कलश यात्रा

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार (उत्तराखंड)। संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र से राज्यव्यापी समरसता संकल्प कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चुड़ियाला स्थित गुरु रविदास मंदिर में पूजा-अर्चना कर यात्रा को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं कलश को सिर पर धारण कर श्रद्धालुओं के साथ यात्रा में भाग लिया और बाद में सीएमडी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास का संपूर्ण जीवन सामाजिक समता, मानव सेवा और आध्यात्मिक चेतना का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने अपने विचारों से समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव, ऊंच-नीच और सामाजिक असमानता का विरोध करते हुए प्रेम, समान अधिकार और मानव सम्मान की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति का वास्तविक परिचय उसके जन्म से नहीं, बल्कि उसके कर्म, चरित्र और लोककल्याण के प्रति समर्पण से होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक सद्भाव और पारस्परिक विश्वास विकसित राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति समान सम्मान ...शेष पृष्ठ 10 पर





**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- प्रचार-प्रसार अधिक सशक्त करने पर विशेष बल (पृष्ठ-02)
- ग्रामीणों ने सराहा जल जीवन मिशन का प्रभाव (पृष्ठ-02)
- रुपया नौ पैसे मजबूत होकर 95.67 प्रति डॉलर (पृष्ठ-10)
- केंद्रीय बैंक की ब्याज दर 3.75 प्रतिशत पर स्थित (पृष्ठ-10)
- भारत-जर्मनी पनडुब्बी समझौते पर हस्ताक्षर जल्द (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** भयंकर बाढ़ की चपेट में 551 गांव, तीन लाख से अधिक आबादी प्रभावित

# असम में जारी बाढ़ का कहर, अब तक 78 की मौत

एजेंसी

गुवाहाटी। असम में बाढ़ से बुधवार को तीन और लोगों की मौत होने से राज्य में इस आपदा में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। बुलेटिन के मुताबिक, असम के सात जिलों में करीब तीन लाख लोग अब भी बाढ़ की चपेट में हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले तीन दिन तक राज्य के कुछ इलाकों के साथ-साथ पड़ोसी अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में भी गरज-चमक के साथ भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान जताया है।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के आधिकारिक बुलेटिन में बताया गया कि पिछले 24 घंटे में तीन लोगों के मरने की सूचना है, जिनमें से दो लोग शिवसागर जिले के और एक व्यक्ति गोलाघाट का था। इसके साथ ही बाढ़ में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई। बाढ़ से शिवसागर, चराइदेव, गोलाघाट, जोरहाट, नगांव, बिस्वनाथ और कामरूप शहरी समेत सात जिले अब भी प्रभावित हैं, जहां 551 गांव इसकी चपेट में हैं। राज्य में बाढ़ से 3,00,031 लोग प्रभावित हैं। चराइदेव सबसे अधिक प्रभावित जिला है, जहां 1,37,561 लोग बाढ़ की चपेट में हैं। शिवसागर में 84,600 और जोरहाट में 49,911 लोग ...शेष पृष्ठ 10 पर



## पुनर्वास के लिए केंद्र से मांगी वित्तीय सहायता : हिमंत सरमा

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार ने भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों के राहत एवं पुनर्वास के लिए केंद्र से वित्तीय सहायता मांगी है।

राज्य सरकार ने अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल (आईएमसीटी) के समक्ष अपनी मांग रखी। इस दल ने बुधवार को ऊपरी असम के बाढ़ प्रभावित जिलों का अपना चार दिन का दौरा संपन्न किया था। शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इस साल आई बाढ़ अभूतपूर्व ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सॉल्वर बैठाने के आरोप में प्रधानाचार्य समेत 11 गिरफ्तार

**सीबीटी परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर एसटीएफ ने दबोचा**

विशेष संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश एसटीएफ की प्रयागराज इकाई ने नैनी स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में आयोजित अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा के सैद्धांतिक विषय की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में परीक्षार्थियों से रकम लेकर उनके स्थान पर सॉल्वर बैठाकर सामूहिक नकल कराने के आरोप में प्रधानाचार्य समेत 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के अलावा पांच सॉल्वर - शिवम कुमार, रणविजय सिंह, जय सिंह, जितेंद्र पटेल और दिलीप कुमार - परीक्षा प्रभारी रवि प्रकाश और चार अनुदेशक- फूल प्रकाश, धीरज कुमार, राजेश कुमार एवं राजकुमार मौर्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एसटीएफ की टीम ने परीक्षा केंद्र से पांच प्रवेश पत्रों की छाया प्रति, पांच मॉनिटर, पांच सीपीयू, पांच कीबोर्ड, पांच माउस, 5.10 लाख रुपये नकद, परीक्षा से जुड़े दस्तावेज और छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि 11 जुलाई से आठ अगस्त तक तीन पालियों में ...शेष पृष्ठ 10 पर

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस ने की लीवर स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर, बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ ने एक संगोष्ठी 'हेपेटाइटिसः आइए, इसे समझें' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (SDG-3): उत्तम स्वास्थ्य और कल्याण के समर्थन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य हेपेटाइटिस की रोकथाम, लीवर स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ। सम्मेलन में प्रो वाइस-चांसलर प्रो सतीश चंद्र शर्मा, रजिस्टर डॉ. सुधर्मा सिंह, प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) नीता पसरीचा, संकाय सदस्य और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्रो. शर्मा ने इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए कॉलेज की सराहना करते हुए कहा कि सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप आयोजित जागरूकता कार्यक्रम स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शैक्षिक संस्थानों को रोग निवारण और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले समुदाय-केंद्रित पहलों का नेतृत्व जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।




अपने स्वागत संबोधन में, प्रोफेसर (डॉ.) लक्ष्मी बाला, प्रमुख, जैवरसायन विभाग, ने सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने में विभाग की प्रतिबद्धता को उजागर किया और राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग कार्यक्रम के अंतर्गत फैटी लिवर डिजीज को शामिल किए जाने की सराहना की। सभा को संबोधित करते हुए, प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) नीता पसरीचा ने दंत चिकित्सकों के लिए हेपेटाइटिस के प्रति जागरूकता के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक संक्रमण के जोखिम को देखते हुए संक्रमण नियंत्रण, उपकरणों की समुचित स्टरलाइजेशन, मानक सावधानियों का पालन तथा रोगियों की उचित स्क्रीनिंग सुरक्षित दंत चिकित्सा अभ्यास के अनिवार्य अंग हैं।

मुख्य व्याख्यान Hepatitis: Know the Risk, Take Action विषय पर प्रो. (डॉ.) नरसिंह वर्मा, प्राचार्य एवं डीन, सरदार पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड हेल्थ साइंसेज, लखनऊ द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद Nutrition and Lifestyle: Breaking Myths and Building Prevention for a Healthy Liver विषय पर संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सुश्री रीता आनंद एवं सुश्री प्रीति पांडे ने प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली, पोषण एवं यकृत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अफजा अहमद द्वारा किया गया तथा डॉ. आदिल हुसैन ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

आयोजन समिति ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा प्राप्त निरंतर सहयोग के प्रति भी अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

# नकली दवाओं के सिंडिकेट का भंडाफोड़, 6 मुकदमे दर्ज

## नकली दवा नेटवर्क पर एफएसडीए की बड़ी कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नकली और अधोमानक दवाओं के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने लखनऊ में एक बड़े संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। विभाग ने फर्जी बिलिंग, क्रॉस-बिलिंग और फर्जी बैंक ट्रांजैक्शन के जरिए नकली दवाओं को वैध दिखाकर बाजार में खपाने वाले नेटवर्क का खुलासा करते हुए थाना अमीनाबाद में छह एफआईआर दर्ज कराई हैं। जुलाई माह में नकली दवाओं के नेटवर्क के खिलाफ यह छठी बड़ी एफआईआर है।

एफएसडीए आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि जांच में मिश्रा एसोसिएट्स (अमीनाबाद), मिश्रा मेडिकल एजेंसी (रायबरेली), अशोक फार्मास्युटिकल्स, भारत फार्मा और एम.डी.एच. फार्मा के बीच बिना वास्तविक दवा आपूर्ति के केवल कागजों पर करोड़ों रुपये की क्रॉस-बिलिंग किए जाने का खुलासा हुआ। जांच के आधार पर मनीष मिश्रा, आमोद कुमार मिश्रा, सन्नी कश्यप, देवेन्द्र शुक्ला और राहुल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। भौतिक

- क्रॉस-बिलिंग और फेक ट्रांजैक्शन से चल रहा था नकली दवाओं का खेल




सत्यापन के दौरान भारत फार्मा और एम.डी.एच. फार्मा के पते पर किसी भी प्रकार का दवा भंडारण नहीं मिला। संबंधित प्रोपराइटरों ने लिखित बयान में बताया कि उनकी जानकारी के बिना फर्मों का संचालन किया जा रहा था। जांच में इन फर्मों के पास संबंधित दवाओं के खरीद बिल भी नहीं मिले, जिससे फर्जी बिलिंग के माध्यम से नकली दवाओं की सप्लाई की पुष्टि हुई।

एफएसडीए की जांच में यह भी सामने आया कि चर्चित एंटीबायोटिक दवा ऑगमेंटिन डुओ 625की खरीद वास्तविक लागत लगभग 116.70 रुपये के बजाय केवल 56.60 रुपये दर्शाई गई थी। संबंधित अधिकृत वितरक ने ऐसी किसी भी बिक्री से इनकार कर दिया, जिससे नकली दवा कारोबार की आशंका और मजबूत हो गई। कार्रवाई के दौरान स्थानीय पुलिस ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एफएसडीए ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नकली दवा कारोबार के खिलाफ पूरे प्रदेश में सख्त अभियान चलाया जा रहा है। सभी जिलों के औषधि निरीक्षकों को संदिग्ध दवा कारोबारियों, एजेंटों और सप्लाई चेन पर लगातार निगरानी रखने तथा दोषी पाए जाने पर लाइसेंस निरस्त कर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। एफएसडीए ने जांच पूरी होने तक अमीनाबाद की नौ संदिग्ध दवा फर्मों एसकेजी मेडिकेल्स, गायत्री फार्मा एंड सर्जिकल, हेल्थ प्लस, एमके फार्मा, मां अम्बे फार्मा, आरएन फार्मा, सनलाइट फार्मा, सोनल फार्मा और सुपरविजन फार्मा के संचालन पर रोक लगा दी है। इनके वित्तीय रिकॉर्ड और लेजर की जांच की जा रही है तथा कई प्रतिष्ठानों को सील भी किया गया है। जांच का दायरा अब उत्तर प्रदेश से बाहर भी बढ़ाया गया है। एफएसडीए के अनुसार नकली दवाओं का नेटवर्क राजस्थान और उत्तराखंड तक फैला हुआ है। देहरादून में संचालित एक अवैध दवा निर्माण इकाई पर भी कार्रवाई कर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। विभाग का कहना है कि नकली दवा कारोबार की पूरी सप्लाई चेन और आर्थिक नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## वाराणसी से आये पवित्र कलश की संत रविदास मंदिर में स्थापना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संत गुरु रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर भाजपा, लखनऊ महानगर द्वारा समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को कृष्णा नगर स्थित संत रविदास मंदिर, बारा बिरवा में वाराणसी से आये पवित्र कलश की विधि-विधान से स्थापना की गई।

भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कलश की स्थापना करते हुए कहा कि संत गुरु रविदास का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और मानव सेवा का प्रेरणास्रोत है। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और भेदभाव मिटाने का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में महानगर



महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, अभियान संयोजक सत्येंद्र सिंह, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष विनायक पांडेय, सौरभ वाल्मीकि, सतवीर, राजेश चौधरी, अमृता वर्मा, विपिन सोनकर, शैलू सोनकर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रावण के पहले दिन विश्वनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

**वाराणसी।** श्रावण मास के प्रथम दिन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंगला आरती के बाद जैसे ही बाबा विश्वनाथ के कपाट खुले, पूरा धाम 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गूंज उठा। दर्शन के लिए बुधवार रात से ही लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए मंदिर परिसर में रेड कार्पेट बिछाया गया, जबकि योगी सरकार के निर्देश पर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए गए। जलाभिषेक के लिए देश के विभिन्न राज्यों से कांवड़िये देर रात से ही काशी पहुंचने लगे थे। श्रद्धालुओं के हाथों में गंगाजल, बेलपत्र, मदार की माला और पूजन सामग्री दिखाई दी। बिहार से आए श्रद्धालुओं ने कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा, साफ-सफाई और शिविरों में बेहतर व्यवस्थाओं की सराहना की। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती, चिकित्सकीय सहायता, एम्बुलेंस, पेयजल, ओआरएस, ग्लूकोज और विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम दर्शन का अनुभव मिल सके।

## रेशम क्षेत्र से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा, स्वरोजगार पर योगी सरकार का जोर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार रेशम क्षेत्र को आत्मनिर्भरता, रोजगार और किसानों की आय बढ़ाने का मजबूत माध्यम बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। गुरुवार को रेशम निदेशालय में आयोजित समीक्षा बैठक में खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने विभागीय योजनाओं, बजट व्यय, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी, प्रभावी और समयबद्ध ढंग से पहुंचे। योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग, भौतिक सत्यापन और तय समयसीमा में कार्य पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री ने प्रशिक्षण केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने तथा प्रशिक्षित युवाओं और किसानों को स्वरोजगार एवं रेशम उत्पादन से जोड़ने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वीकृत बजट का नियमानुसार उपयोग और प्रत्येक मद के व्यय का सत्यापन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

## भदोही का नाम फिर संत रविदास नगर

**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भदोही जिले का नाम पुनः संत रविदास नगर किए जाने की घोषणा का रविदासिया समाज ने स्वागत किया है। गुरुवार को भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार के नेतृत्व में रविदासिया समाज के प्रतिनिधिमंडल ने गाजीपुर में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह फैसला संत शिरोमणि गुरु रविदास के प्रति सम्मान और रविदासिया समाज की भावनाओं का आदर है। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज के उत्थान और विकास के लिए आगे भी ऐसे सकारात्मक निर्णय लिए जाते रहेंगे। श्री गुरु रविदास जन्मस्थान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट, वाराणसी के सचिव धर्मपाल सिंह ने कहा कि संत रविदास के नाम पर जिले का नाम होना उनके अनुयायियों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक और जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय बताया। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व जिला प्रभारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि जिले का नाम दोबारा संत रविदास नगर किए जाने से समाज में खुशी का माहौल है और योगी सरकार के इस निर्णय का प्रदेशभर में स्वागत हो रहा है।

## बसपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए पंडित नीरज शर्मा

**लखनऊ।** मथुरा के पंडित नीरज शर्मा ने बहुजन समाज पार्टी छोड़कर उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बता दें कि पंडित नीरज शर्मा राष्ट्रीय सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अ.भा. ब्राहमण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। अजय राय ने पंडित नीरज शर्मा का पार्टी में स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि पंडित नीरज शर्मा के शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

## प्रशिक्षित स्नातक भर्ती में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को 10 अगस्त को अंतिम अवसर

**लखनऊ।** प्रशिक्षित स्नातक के विज्ञापित 3539 पदों के सापेक्ष 15 विषयों की लिखित परीक्षा में औपबंधिक रूप से सफल अभ्यर्थियों का परिणाम अभिलेख सत्यापन के बाद 28 जुलाई को घोषित किया गया था। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार जो अभ्यर्थी अभिलेख सत्यापन के लिए अनुपस्थित थे, मेरिट में आने के कारण उन्हें भी अंतिम परिणाम में औपबंधिक रूप से शामिल किया गया है। ऐसे सभी अनुपस्थित अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा अभिलेख सत्यापन के लिए एक अंतिम अवसर 10 अगस्त को प्रदान किया जा रहा है। अभिलेख सत्यापन के लिए विस्तृत विज्ञप्ति और सूची आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in पर प्रदर्शित है।

# छात्र-नौजवानों के आगे झुकी भाजपा : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि छात्र-नौजवानों की ताकत के सामने भाजपा की अहंकारी सरकार को झुकना पड़ा। प्रधानमंत्री को बचाने के लिए मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इस्तीफा दिया। उनके इस्तीफे के बाद भाजपा सांसदों ने राहत की सांस ली।



बदायूं के एक दिवसीय दौरे के दौरान गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि विपक्ष चाहता है कि सरकार दिल्ली में छात्रों-नौजवानों पर हुई बर्बरता पर संसद में बयान दे। छात्रों-नौजवानों पर लाठियां चली, पैलेट गन चला, कील लगी लाठियां मारी गयीं। छात्रों को पता है लाठियां कहां से चली लेकिन चलाने वालों को नहीं पता है कि किसके आदेश से लाठी और गोली चली। भाजपा सरकार ने छात्रों पर अत्याचार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग अलोकतांत्रिक है। छात्रों पर लाठी, गोली चलाना, सिर फोड़ना, घायल करना और बेटियों के कपड़े फाड़ना बर्बरता है। भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। छात्रों-नौजवानों के प्रति भाजपा सरकार की नीयत साफ नहीं है। उत्तर प्रदेश में जबसे भाजपा सरकार आयी है 20 से ज्यादा पेपर लीक हुए है। भाजपा सरकार ने शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया। इस सरकार ने उत्तर प्रदेश में 26 हजार से ज्यादा स्कूल बंद कर दिए। इन्होंने सिर्फ स्कूल ही बंद नहीं किये बल्कि भाजपा सरकार ने लाखों नौकरियां भी खत्म कर दी। भाजपा सरकार गरीबों को शिक्षा से दूर कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक रंगी लोग संत रविदास के विचारों पर नहीं चलते है। ये लोग संत रविदास के विचारों पर अमल नहीं करते है। भाजपा संत रविदास और बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को नहीं मानती है। अखिलेश यादव ने बदायूं पहुंचकर पूर्व मंत्री ओमकार सिंह यादव के निधन पर शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि दी। ओमकार सिंह यादव के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि ओमकार सिंह यादव ने संघर्ष कर राजनीति में अपना स्थान बनाया। समाजवादी सिद्धांतों को मजबूत किया। नेताजी का साथ दिया।

# ग्रामीणों ने सराहा जल जीवन मिशन का प्रभाव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएं जल जीवन मिशन और नमामि गंगे देशभर के ग्रामीण समुदायों के जीवन में व्यापक परिवर्तन ला रही हैं। इन जन-केंद्रित पहलों के प्रभाव को दर्शाते हुए उत्तर प्रदेश के विभिन्न गांवों से कुल 17 पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें लाभार्थियों ने स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, जनस्वास्थ्य में सुधार, महिलाओं का श्रम एवं समय बचाने तथा जीवन की समग्र गुणवत्ता में वृद्धि के लिए प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। इन पत्रों में ग्रामीणों ने समावेशी ग्रामीण विकास के प्रति प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रतिबद्धता की भी सराहना की है। इनमें से एक पत्र जनपद ललितपुर के विकास खंड जाखौरा की ग्राम पंचायत खडेरा के ग्रामीणों द्वारा भेजा गया है। ग्रामीणों ने अपने पत्र में जल जीवन मिशन एवं नमामि गंगे के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रत्येक घर तक नल से स्वच्छ पेयजल पहुंचने से गांव के जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन आया है।

**प्रधानमंत्री को भेजे धन्यवाद पत्र**




ग्रामीणों ने बताया कि अब महिलाओं को पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती, जिससे उन्हें सुविधा मिली है, समय की बचत हुई है, स्वास्थ्य में सुधार आया है तथा जीवन स्तर बेहतर हुआ है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि समय पर जलापूर्ति होने से बच्चे समय पर विद्यालय पहुंच रहे हैं और गांव में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण हुआ है। एक अन्य पत्र में जनपद बांदा के विकास खंड जसपुरा की ग्राम पंचायत अमारा के निवासी बच्चा कोरी ने अपने गांव में जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि यह परियोजना निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी की गई तथा पिछले चार वर्षों से गांव के सभी परिवारों को सौर ऊर्जा आधारित पेयजल आपूर्ति प्रणाली के माध्यम से सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। उनके अनुसार, स्वच्छ जल की नियमित उपलब्धता से ग्रामीणों के दैनिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है तथा घरेलू और कृषि संबंधी कार्य अधिक सुगमता एवं दक्षता के साथ संपन्न हो रहे हैं। इन सभी पत्रों में यह स्वीकार किया गया है कि प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं ने ग्रामीण विकास को नई गति प्रदान की है तथा राज्य के गांवों को स्थायी और व्यापक लाभ पहुंचाए हैं। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और ग्रामीण नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया है।

साथ ही, उन्होंने जल जीवन मिशन एवं नमामि गंगे के क्रियान्वयन से जुड़े अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कार्मिकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की तथा आशा व्यक्त की कि इस प्रकार की विकासोन्मुखी पहलें भविष्य में भी ग्रामीण भारत को और अधिक सशक्त बनाती रहेंगी।

# 3 से 10 अगस्त तक चलेगा दिव्यांगजन रोजगार अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

- हजारों दिव्यांगजन जुड़ेंगे रोजगार और स्वरोजगार से, कौशल विकास मिशन करेगा आयोजन

**लखनऊ।** दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगी सरकार द्वारा प्रदेश भर में 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0' का आयोजन 3 से 10 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की इस विशेष पहल का उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण प्राप्त दिव्यांगजनों सहित अन्य योग्य इच्छुक दिव्यांग युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुसार रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। अभियान के दौरान प्रदेश के सभी राजकीय आईटीआई में विशेष रोजगार गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों को रोजगार के साथ-साथ विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र औद्योगिक इकाइयों और व्यावसायिक संस्थानों से समन्वय कर रिक्तियों की जानकारी जुटाएगा। वहीं, एमएसएमई विभाग स्वरोजगार योजनाओं और लीड बैंक के माध्यम से ऋण व वित्तीय सहायता में सहयोग करेगा।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी और जिला रोजगार सहायता अधिकारी रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों को रिक्तियों से जोड़ेंगे। अभियान की खास बात यह है कि पिछले दो चरणों में लाभान्वित दिव्यांगजनों का भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा, ताकि उनकी वर्तमान स्थिति का आकलन हो सके। योगी सरकार की मंशा है कि कोई भी दिव्यांगजन रोजगार से वंचित न रहे। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रत्येक जनपद में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति बनाई गई है, जो अभियान की निगरानी और समन्वय करेगी। 10 अगस्त तक सभी जनपदों से लाभान्वितों का विवरण शासन को भेजा जाएगा।

# प्रचार-प्रसार अधिक सशक्त करने पर दिया जाये विशेष बल : मंत्री नरेन्द्र कश्यप

## राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की प्रचार-प्रसार अनुदान समिति की बैठक संपन्न

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण व पिछड़ा वर्ग कल्याण (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में गुरुवार को विधान सभा स्थित उनके सरकारी कार्यालय में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की प्रचार-प्रसार अनुदान समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा प्रदेश में दिव्यांगता निवारण, बचाव, उपचार, पुनर्वासन तथा कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत दिव्यांगता निवारण के प्रचार-प्रसार के लिए अनुदान मद में कुल 35.00 लाख रु. की धनराशि का बजट प्राविधित है, जिसे बढ़ाकर 01 से 02 करोड़ किये जाने के लिए मंत्री ने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये हैं ताकि प्रदेश स्तर पर उप्र सरकार द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकारण विभाग की समस्त योजनाओं का भली-भांती प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हो सके। इस प्रचार-प्रसार अनुदान धनराशि का प्रयोग दिव्यांगजन को विभिन्न संचार माध्यमों यथा - पपेट शो, नुक्कड़ नाटक, आकाशवाणी/एफएम/जिंगल्स, दूरदर्शन आदि से जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। कश्यप ने प्रदेश की 350 तहसीलों के स्थान पर 375 तहसीलों पर, 18 मण्डल मुख्यालय एवं समस्त जनपद स्तर के साथ ही 07 महत्वाकांक्षी जिलों यथा बहराइच, बलरामपुर, चंदौली, फतेहपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर एवं सोनभद्र में होर्डिंग्स स्थापित करने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समस्त मण्डल व जनपद स्तर पर माह के अन्त में कैम्प आयोजित किये जाएं। प्रचार-प्रसार में स्वयं सेवी संस्थानों का भी सहयोग प्राप्त किया जाए। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार और अधिक सशक्त, सुदृढ़ व प्रभावशाली बनाया जा सकता है। फेसबुक, इंटाग्राम, एक्स (ट्विटर) एवं यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म इस दिशा में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि आज समाज के प्रत्येक व्यक्ति के पास स्मार्ट फोन है और वह इन सब सोशल मीडिया प्लेटफार्म का प्रयोग करते हैं। इन संचार माध्यमों से उन तक पहुंचना काफी आसान हो जाता है और साथ ही सरकार की मंशा भी पूर्ण हो सकेगी।

## शल्य चिकित्सा अनुदान समिति की हुई बैठक

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण व पिछड़ा वर्ग कल्याण (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में गुरुवार को विधान सभा स्थित उनके सरकारी कार्यालय में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की शल्य चिकित्सा अनुदान समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्री नरेन्द्र कश्यप को बताया गया कि कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के लिए 340 आवेदन प्राप्त



हुऐ हैं, जिनमें से 200 के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है लेकिन शेष का भी लाभान्वित करने के लिए और धनराशि की आवश्यकता होगी जिसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है और अनुमान है कि वांछित धनराशी शीघ्र मिल जायेगी और भविष्य में प्राप्त होने वाले कुछ और आवेदनों को भी इसमें सम्मिलित किया जायेगा ताकि वह भी इस योजना का लाभ उठा सकें। मंत्री को बताया गया कि कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के बाद स्पीच थिरैपी बहुज आवश्यक है। स्पीच थिरैपी न होने पर इस शल्य चिकित्सा को अपूर्ण ही समझना चाहिए। मंत्री को बताया गया कि इस शल्य चिकित्सा पर सरकार 05 से 06 लाख रुपए व्यय करती है और सर्जरी के बाद स्पीच थिरैपी न होने पर लाभार्थी को वांछित लाभ प्राप्त नहीं हो पाता है क्योंकि स्पीच थिरैपी हर मण्डल यह जनपद स्तर पर स्थित अस्पताल में यह स्पीच थिरैपी उपलब्ध नहीं है। सरकार अनुदान पर शल्य चिकित्सा प्राप्त करने वालों के लिए ऐसे जनपदों में जाना और वहां रहना-खाना बहुत मंहगा है, जो इन परिवारों के लिए संभव नहीं है। इस मुद्दे पर मंत्री ने प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह को निर्देश दिये कि ऐसा प्रस्ताव तैयार किया जाए जिससे कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के बाद उन लाभार्थियों को वहीं पर स्पीच थिरैपी की सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। राजेश सिंह ने मंत्री को बताया कि डीडीआरसी मण्डल स्तर पर स्थापित होने पर इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

# मांगों के समर्थन में समाजवादी छात्रसभा का प्रदर्शन

## राजभवन में कूच से पूर्व हिरासत में लेकर प्रदर्शनकारियों को भेजा इको गार्डेन पार्क

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी छात्र सभा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में छात्रों-नौजवानों ने विश्वविद्यालयों में फीस बढ़ोतरी को वापस लेने, छात्र संघ चुनाव बहाल करने, बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के 30 दलित छात्रों के निष्कासन को वापस लेने, उन पर लगाये गये आर्थिक जुर्माने को समाप्त करने, रामपुर के मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के भवनों के ध्वस्तीकरण आदेश को वापस लेने और पेपर लीक के विरोध में राजधानी लखनऊ के 1090 चौराहे पर धरना देकर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन का नेतृत्व समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने किया। प्रदर्शन में समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। लखनऊ उत्तर विधानसभा से प्रत्याशी रहीं पूजा

- राजधानी लखनऊ के 1090 चौराहे पर धरना देकर जोरदार किया प्रदर्शन



शुक्ला की सक्रिय भागीदारी रही। गुरुवार दोपहर में 1090 चौराहे पर एकत्र हुए छात्र-नौजवान अपनी मांगों का ज्ञापन राज्यपाल को देने के लिए राजभवन कूच करने की तैयारी कर रहे थे लेकिन पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया। पुलिस ने छात्रों के साथ धक्का मुक्की की। पुलिस ने सभी छात्र और नौजवानों को जोर जबरदस्ती से हिरासत में लेकर इकोगार्डेन भेज दिया।

इस अवसर पर विनीत कुशवाहा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब से भाजपा सरकार बनी हैं तबसे उत्तर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में लगातार बढ़ाई जा रही फीस के कारण गरीब किसान, मजदूर, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा हैं, शिक्षा किसी भी लोकतांत्रिक समाज की आधारशिला हैं इसलिए इसे आर्थिक बोझ नहीं बनाया जाना चाहिए लेकिन भाजपा चाहती हैं कि उत्तर प्रदेश का नौजवान अशिक्षित और अनपढ़ हो, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव वर्षों से नहीं होने से विश्वविद्यालयों में लोकतान्त्रिक परम्परा कमजोर हो रही हैं।

# लखनऊ बना रियल एस्टेट का नया हब

## यूपी में छह माह में 143 नयी परियोजनाएं पंजीकृत

विशेष संवाददाता (vol)

- यूपी रेरा ने घर खरीदारों को लौटाये 2,173 करोड़



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र लगातार मजबूत हो रहा है। उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) की वर्ष 2026 की अर्धवार्षिक रिपोर्ट के अनुसार जनवरी से जून 2026 के बीच प्रदेश में 143 नई रियल एस्टेट परियोजनाएं पंजीकृत हुई हैं। इन परियोजनाओं से प्रदेश में आवास निर्माण, निवेश और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

रिपोर्ट के मुताबिक इन नई परियोजनाओं में 46,049 आवासीय इकाइयों के निर्माण का प्रस्ताव है, जिनमें करीब 31,952 करोड़ रुपये का निवेश अनुमानित है। वर्ष 2025 की पहली छमाही में 35,082 आवासीय इकाइयों का प्रस्ताव था।

राजधानी लखनऊ में सबसे अधिक 37 नई परियोजनाएं पंजीकृत हुई हैं। इसके बाद गौतमबुद्ध नगर में 27, गाजियाबाद में 19, आगरा और मथुरा में 10-10 तथा वाराणसी में 7 परियोजनाएं पंजीकृत की गईं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब रियल एस्टेट विकास केवल एनसीआर तक सीमित नहीं है। लखनऊ जैसे शहर तेजी से आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाओं के प्रमुख केंद्र बन रहे हैं।

यूपी रेरा के अनुसार वर्ष 2023 में 197, वर्ष 2024 में 259 और वर्ष 2025 में 308 परियोजनाएं पंजीकृत हुईं। वर्ष 2025 में परियोजनाओं की संख्या में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। आवासीय इकाइयों की संख्या वर्ष 2023 में 55,297 से बढ़कर वर्ष 2025 में 84,976 हो गई।

वहीं पूंजी निवेश भी वर्ष 2023 के 28,411 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2025 में 68,328 करोड़ रुपये पहुंच गया।

### घर खरीदारों को मिली राहत

- यूपी रेरा ने घर खरीदारों के हितों की रक्षा करते हुए 8,212 मामलों में 2,173.78 करोड़ रुपये वापस दिलाए हैं। इनमें जिला प्रशासन की सहायता से 6,411 मामलों में 1,623.28 करोड़ रुपये और समझौते के माध्यम से 1,801 आवंटियों को 550.50 करोड़ रुपये वापस दिलाए गए। इसके अलावा 11,558 मामलों में 6,032.42 करोड़ रुपये मूल्य के संपत्ति विवादों का समाधान किया गया। यूपी रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा कि रिपोर्ट से स्पष्ट है कि प्रदेश के रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेशकों और घर खरीदारों का भरोसा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण पारदर्शी व्यवस्था, समयबद्ध परियोजना पूर्ण कराने और उपभोक्ता हितों की सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रहा है।

## नगर निगम की संपत्तियों का होगा कायाकल्प

- कल्याण मंडपों के नवीनीकरण और सरकारी भूमि संरक्षण पर फोकस

**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गुरुवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर विकास कार्यों और नगर निगम की परिसंपत्तियों की समीक्षा की। उन्होंने मलपुर स्थित एलएसए व्हीकल चार्जिंग स्टेशन परिसर में उपलब्ध अतिरिक्त भूमि पर पोर्टेबल कॉम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन (पीसीटीएस) विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि शहर की स्वच्छता व्यवस्था और प्रभावी बनाई जा सके। निरीक्षण के दौरान मलपुर स्थित नगर निगम की खाली भूमि पर अतिक्रमण मिलने पर नगर आयुक्त ने तत्काल अतिक्रमण हटाने, भूमि की चारदीवारी कराने तथा भविष्य में कब्जा रोकने के निर्देश दिए। इसी क्षेत्र में जोन-6 के नए जोनल कार्यालय के लिए भी उपयुक्त स्थान चिन्हित किया गया। इसके बाद राजेंद्र नगर के केशव कल्याण मंडप, आनंद नगर और बिजनौर स्थित कल्याण मंडपों का निरीक्षण कर उनके नवीनीकरण और विस्तार की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के सभी सामुदायिक भवनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित और सुरक्षित बनाया जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# अलीगंज अग्निकांड : भवन ध्वस्तीकरण का 26.14 लाख जुर्माना वसूलेगा एलडीए

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अलीगंज में जिस अवैध बिल्डिंग में अग्निकांड हुआ था, उसके ध्वस्तीकरण में हुये खर्च का शुल्क एलडीए सम्बंधित भवन स्वामी से वसूलेगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर अभियंत्रण, विद्युत यांत्रिक, सुरक्षा एवं जनसम्पर्क अनुभाग ने ध्वस्तीकरण का शुल्क 26 लाख 14 हजार 212 रुपए निर्धारित किया है। अब मामले में आरोपी भवन स्वामी को रिकवरी नोटिस भेजकर इस रकम की वसूली की जाएगी।

प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि वीरेन्द्र शुक्ला, सुरेन्द्र शुक्ला व अन्य द्वारा अलीगंज के सेक्टर-डी में भूखण्ड संख्या-एम0एस0-102 पर अवैध रूप से व्यावसायिक भवन का निर्माण कराया गया था। जिसमें आग लगने से जनहानि की दुःखद घटना हुयी थी। उक्त अवैध निर्माण के विरूद्ध विहित प्राधिकारी न्यायालय से जारी ध्वस्तीकरण आदेश के अनुपालन में 25 जुलाई को अवैध भवन में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी थी। जोनल अधिकारी ने बताया कि ध्वस्तीकरण व मलबा हटाने में जेसीबी, पुकलैंड, ड्रिल मशीन, डम्पर समेत अन्य मशीनरी व श्रमिक लगाये गये थे। साथ ही सुरक्षा व अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं में हुआ समस्त व्यय प्राधिकरण की ओर से वहन किया गया था। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा नियमानुसार ध्वस्तीकरण में हुये व्यय की वसूली भवन स्वामी से किये जाने के निर्देश दिये गये थे। जिसके अनुपालन में ध्वस्तीकरण में हुये सभी प्रकार के व्यय की गणना करायी गयी, जोकि 26,14,212 रुपए निर्धारित हुयी है। जोनल अधिकारी ने बताया कि नियम विरुद्ध किये गये निर्माण कार्य के विरूद्ध ध्वस्तीकरण का खर्च सम्बंधित पक्ष से वसूलने की नीति पहले से लागू है। इसका उल्लेख ध्वस्तीकरण आदेश के तहत स्थल पर चस्पा की गयी नोटिस में भी किया गया था। इसी के आधार पर आरोपी भवन स्वामी को रिकवरी नोटिस भेजकर उक्त धनराशि की वसूली की जाएगी।

## शकुन्तला विवि का दीक्षांत समारोह आज

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का 13वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सी. सदानंदन मास्टर होंगे, जबकि दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कुलपति प्रो. संजय सिंह विश्वविद्यालय की उपलब्धियां गिनाएंगे। यह जानकारी विवि प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने दी। दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर 130 मेधावी विद्यार्थियों को कुल 156 पदकों से सम्मानित किया जाएगा। इनमें 76 स्वर्ण, 40 रजत और 40 कांस्य पदक शामिल हैं।

## वार्ड विकास कार्यों को लेकर विवाद

**लखनऊ।** नगर निगम में 15वें वित्त आयोग और अवस्थापना निधि के तहत वार्डों में विकास कार्यों को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। वार्डों में काम न मिलने की शिकायतों के बाद गुरुवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने भाजपा पार्षदों को कैंप कार्यालय बुलाकर बैठक की। बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में विकास कार्यों की स्थिति और लंबित प्रस्तावों को लेकर अपनी बात रखी। महापौर ने पार्षदों से पिछले तीन वर्षों में उनके वार्डों में कराए गए कार्यों और प्रस्तावित विकास योजनाओं की जानकारी ली। सूत्रों के अनुसार, कई पार्षदों ने आरोप लगाया कि वित्तीय वर्ष में होने वाले कार्यों के चयन में उनके वार्डों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिल रही है। इसको लेकर पार्षदों में नाराजगी बनी हुई है। महापौर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वार्डों की आवश्यकतानुसार विकास कार्यों का आकलन कर प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और सभी वार्डों में संतुलित विकास सुनिश्चित किया जाएगा। नगर निगम में वार्ड विकास कार्यों को लेकर चल रहे विवाद के बीच महापौर की बैठक को नाराज पार्षदों को साधने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है।

# नेहरू इन्क्लेव में बनेगा सेना का वॉर म्यूजियम

- रक्षा विरासत, सैन्य इतिहास, पर्यटन व आधुनिक सम्मेलन सुविधाओं का प्रमुख केन्द्र बनेगा लखनऊ
- सेना अपने हिस्से की 33.97 एकड़ भूमि एलडीए को हस्तांतरित करेगी

**लखनऊ।** गोमती नगर के नेहरू इन्क्लेव में सेना का वॉर म्यूजियम व विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर बनेगा। इससे एक ओर जहां लखनऊ को रक्षा विरासत, सैन्य इतिहास व पर्यटन क्षेत्र में नयी पहचान मिलेगी, बल्कि शहर आधुनिक सम्मेलन सुविधाओं का प्रमुख केन्द्र भी बनेगा। परियोजना का विकास लगभग 125 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की पहल पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इसका प्रस्ताव तैयार कराया है। जिसके तहत परियोजना के निर्माण के लिए सेना अपने भौतिक कब्जे वाली 33.97 एकड़ भूमि एलडीए को हस्तांतरित करेगी। इसमें 12.87 एकड़ क्षेत्रफल में एलडीए वॉर म्यूजियम व कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कराएगा, जबकि 14 एकड़ भूमि ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित की जाएगी। शेष 7.10 एकड़ भूमि पर व्यावसायिक एवं मिश्रित उपयोग के भूखण्ड नियोजित किये जाएंगे, जिसे बेचकर वॉर म्यूजियम व कन्वेंशन सेंटर के निर्माण का खर्च निकाला जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि गुरूवार को इस सम्बंध में शासन में बैठक की गयी, जिसमें प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया गया। प्रस्ताव के मुताबिक सेना से औपचारिक सहमति मिलने के 02 वर्ष के अंदर एलडीए वॉर म्यूजियम एवं कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कराएगा। लगभग 125 करोड़ रुपए की लागत से परियोजना पूर्ण होने पर परिसर का संचालन भी प्राधिकरण द्वारा कराया जाएगा।

**कारगिल व विश्व युद्ध के इतिहास से रूबरू होंगे लोग :** वॉर म्यूजियम में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के गौरवशाली इतिहास को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। संग्रहालय में प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्ध, 1947-48, 1962, 1965, 1971 तथा कारगिल युद्ध सहित भारतीय सैन्य इतिहास के विभिन्न अध्यायों को डिजिटल तकनीक, प्रोजेक्शन मैपिंग, इंटरैक्टिव डिस्प्ले एवं अत्याधुनिक ऑडियो-विजुअल माध्यमों से प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही आधुनिक युद्ध प्रणाली, ऑपरेशन सिंदूर, बालाकोट, उरी, सियाचिन, नौसेना एवं वायुसेना की उपलब्धियों तथा भारतीय सैन्य परम्परा पर आधारित विशेष गैलरियां भी विकसित की जाएंगी। संग्रहालय में अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर, 270 डिग्री इमर्सिव ऑडिटोरियम, रक्षा उपकरणों की ओपन एयर प्रदर्शनी, हेलीकॉप्टर एवं टैंक सिम्युलेटर, डिजिटल इंटरैक्टिव जोन, सैन्य स्मृति वस्तु केंद्र विकसित किया जाएगा। इससे युवाओं को भारतीय सशस्त्र सेना से जुड़ने व करियर के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि वॉर म्यूजियम से शहर में पर्यटन, रोजगार, निवेश तथा अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

## ट्रॉमा सेंटर में सीटी स्कैन के लिए मरीजों को करना पड़ा घंटों इंतजार

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में सीटी स्कैन जांच के लिए गंभीर मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। गुरुवार को जांच के लिए बरामदों और सीढ़ियों के पास स्ट्रेचर की लंबी कतारें लगी रहीं। कोई मरीज दर्द से कराहता रहा तो कोई ऑक्सीजन सपोर्ट के बावजूद अपनी बारी का इंतजार करता दिखा। हरदोई निवासी सुरेश को बुधवार को सड़क हादसे के बाद ट्रॉमा सेंटर लाया गया था। सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें हैं। डॉक्टरों ने गुरुवार सुबह सीटी स्कैन की सलाह दी, लेकिन तीन घंटे बाद भी जांच नहीं हो सकी। इस दौरान तीमारदार स्ट्रेचर के नीचे बैठकर नंबर का इंतजार करता रहा और मरीज दर्द से कराहता रहा। इसी तरह ऑक्सीजन सपोर्ट पर भर्ती रामविलास को भी सीटी स्कैन के लिए डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा। गंभीर हालत के बावजूद प्राथमिकता नहीं मिली। यहां बड़ी संख्या में घायल और गंभीर मरीज सीटी स्कैन और अन्य जरूरी जांचों के लिए घंटों इंतजार करते दिखे। मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि यदि सीटी स्कैन की क्षमता बढ़ाई जाए और गंभीर मरीजों को प्राथमिकता दी जाए तो ऐसे हालात से बचा जा सकता है। समय पर जांच न होने से इलाज भी प्रभावित हो रहा है। ट्रामा सेन्टर के अधिकारी बताते हैं कोशिश रहती है कि मरीजों को जांच के लिए ज्यादा इंतजार न करना पड़े। कभी कभार मरीजों संख्या ज्यादा या फिर मशीन में दिक्कत होने के कारण जांच करने की रफ्तार कुछ धीमी पड़ जाती है।

## छात्रवृत्ति न मिलने पर आयुष छात्रों का प्रदर्शन

**लखनऊ।** छात्रवृत्ति न मिलने सहित कई मांगों को लेकर आयुष छात्रों ने माध्यमिक, उच्च, तकनीकी एवं मेडिकल कॉलेज संयुक्त महासभा के बैनर तले गुरुवार को प्रदर्शन किया। साथ ही हजरतगंज स्थित आयुर्वेद रजिस्ट्रार कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने रजिस्ट्रार कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को कार्यालय के अंदर जाने से रोक दिया, जिसके बाद काफी देर तक प्रदर्शन जारी रहा। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश में लगभग 350 आयुर्वेद व आयुष कॉलेज हैं, जिनमें करीब 60 हजार फार्मासिस्ट और जीएनएम के छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं। आरोप लगाया कि पिछले 2 साल से परीक्षा नहीं हुई है। इसकी वजह से हजारों छात्र-छात्राओं का भविष्य दांव पर लग गया है। छात्रवृत्ति भी नहीं आ रही है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## गृह कर में 5% छूट का अंतिम मौका आज

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ द्वारा गृह करदाताओं को समय पर भुगतान के लिए दी जा रही 5 प्रतिशत छूट का लाभ लेने का शुक्रवार, 31 जुलाई अंतिम अवसर है। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद छूट की अवधि आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। नगर निगम के अनुसार, कार्यकारिणी समिति की स्वीकृति के बाद गृह कर जमा करने वाले नागरिकों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से भुगतान पर 5 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। यह सुविधा केवल 31 जुलाई 2026 तक ही लागू है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शहरवासियों से अपील की है कि वे समय रहते अपना गृह कर जमा कर छूट का लाभ जरूर उठाएं।

## 35 वर्षीय युवती के पेट से निकाला अंडाशय ट्यूमर

**लखनऊ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के स्त्री रोग डाक्टरों ने जटिल सर्जरी कर 35 वर्षीय अविवाहित युवती के बाएं अंडाशय से 28.7 .20.4 .15.8 सेमी आकार का ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाल दिया। ट्यूमर के अंदर से लगभग 7.5 लीटर तरल पदार्थ भी निकाला गया। युवती को पिछले कई महीनों से पेट फूलने, पेट में भारीपन और सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। जांच में पता चला कि उसके बाएं अंडाशय में नौ महीने की गर्भावस्था के बराबर ट्यूमर बन गया था। ट्यूमर इतना बड़ा था कि मूत्राशय और आंतों पर दबाव डाल रहा था, जिससे मरीज को चलने-फिरने और सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी। सर्जरी के दौरान दाहिने अंडाशय में भी 6.5 .3.8 .6.5 सेमी की एक सिस्ट पाई गई। ऑपरेशन के दौरान फ्रोजन सेक्शन की सुविधा उपलब्ध थी। ट्यूमर का नमूना तत्काल जांच के लिए भेजा गया, जिसकी रिपोर्ट गैर-कैंसरस आई। इसके आधार पर डाक्टरों ने प्रजनन क्षमता को ध्यान में रखते हुए केवल आवश्यक सर्जरी की और दाहिने अंडाशय व गर्भाशय को सुरक्षित रखा।

# स्टेशन मास्टर की तत्परता से ट्रेन से गिरा बालक सुरक्षित, परिजनों से मिला

**लखनऊ।** लखनऊ मंडल के बाबतपुर स्टेशन पर स्टेशन मास्टर की सूझबूझ एवं त्वरित कार्रवाई से ट्रेन से गिरा एक बालक सकुशल अपने परिजनों से मिल गया। गुरुवार को बाबतपुर स्टेशन पर रात्रि पाली में (0-8) ड्यूटी के दौरान लगभग 01:04 बजे गाड़ी संख्या 14261गया जं. से लखनऊ एकात्मता एक्सप्रेस बाबतपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 02 पर अलार्म चेन पुलिंग में खड़ी हुई। इसी दौरान एक परिवार रोते-बिलखते स्टेशन मास्टर चंद्रेश कुमार सिंह के पास पहुंचा और बताया कि उनका बच्चा बाबतपुर स्टेशन से लगभग तीन-चार किलोमीटर पीछे चलती ट्रेन से गिर गया है।

सूचना मिलते ही स्टेशन मास्टर द्वारा तत्काल स्थिति की गंभीरता को देखते हुए संबंधित नियंत्रण कार्यालय एवं रेल कर्मचारियों को सूचित किया गया। इसी बीच गाड़ी संख्या 12392 श्रमजीवी एक्सप्रेस नई दिल्ली से राजगीर के लोको पायलट को आवश्यक सतर्कता बरतने हेतु कॉशन दिया गया। किलोमीटर संख्या 788/01 के पास लोको पायलट की नजर बालक पर पड़ी, जो गिरने के बाद ट्रैक के किनारे सुरक्षित स्थान पर जाकर बैठ गया था। लोको पायलट ने तत्काल बालक को अपने संरक्षण में लिया। कुछ ही देर में रेलवे सुरक्षा बल के जवान मौके पर पहुंच गए, जिन्हें लोको पायलट द्वारा बालक सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया। इसके उपरांत गाड़ी संख्या 22355 पाटलिपुत्र-चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस को भी कॉशन देकर उक्त स्थान पर रोका गया, जिससे बालक को बाबतपुर स्टेशन लाया गया और उसके परिजनों को सकुशल सौंप दिया गया। बालक की पहचान आयुष चौहान (18 वर्ष), पुत्र शिव कुमार चौहान, निवासी ग्राम अलीनगर, बिछड़ी वार्ड संख्या-05, थाना अलीनगर, जनपद चंदौली (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई जोकि पंडित दीनदयाल उपाध्याय से लखनऊ स्थित पीजीआई में बेटे के उपचार के लिए यात्रा कर रहे थे। लखनऊ मंडल के स्टेशन मास्टर (बाबतपुर), लोको पायलट, रेलवे सुरक्षा बल तथा संबंधित कर्मचारियों की त्वरित समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप यह बालक सुरक्षित अपने परिवार से मिल सका।

## ऊर्जा निगमों के संविदा कर्मियों की सेवानिवृत्त आयु 60 वर्ष की जाये : समिति

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने ऊर्जा निगमों के संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की है। समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि मार्च 2023 के आंदोलन के बाद हटाए गए सभी संविदा कर्मियों को ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते और शासन के निर्देशों के अनुरूप तत्काल सेवा में वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि संविदा कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु वर्तमान 55 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष की जानी चाहिए, ताकि अनुभवी और प्रशिक्षित कर्मचारियों की सेवाओं का लाभ ऊर्जा निगमों को मिलता रहे। साथ ही कार्य के दौरान दुर्घटनाग्रस्त कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और सभी संविदा व आउटसोर्स कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने की मांग की गई। संघर्ष समिति ने लगभग 25 हजार संविदा कर्मचारियों की प्रस्तावित छंटनी पर तत्काल रोक लगाने तथा पिछले दो वर्षों में हटाए गए कर्मचारियों को उनकी योग्यता और अनुभव के आधार पर पुनः रोजगार देने की मांग भी उठाई। समिति का कहना है कि सरकार द्वारा गठित आउटसोर्स निगम में ऊर्जा विभाग के सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को शामिल किया जाए, जिससे उन्हें रोजगार की स्थिरता, पारदर्शी सेवा व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सके।

## ताइक्वाण्डो में छात्रों ने 10 गोल्ड मेडल समेत 23 पदक जीते



**लखनऊ।** सीएमएस के अलीगंज प्रथम कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने लखनऊ डिस्ट्रिक्ट ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में 10 गोल्ड मेडल, 7 सिल्वर मेडल एवं 6 ब्रांज मेडल समेत कुल 23 पदक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह चैम्पियनशिप उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के सौजन्स से लखनऊ डिस्ट्रिक्ट ताइक्वाण्डो एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित हुई। यह जानकारी स्कूल के हेड, कम्यूनिकेशन ऋषि खन्ना ने दी है।


## पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क में दो साल से बिजली चोरी का आरोप

**लखनऊ।** माल विकासखंड के अटारी स्थित पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क में निर्माण कार्य के दौरान बिना वैध विद्युत कनेक्शन के बिजली उपयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान मजदूर यूनियन (सर्वसमाज) ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। संगठन ने इस संबंध में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को शिकायती पत्र भेजने के साथ मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील सिंह चौहान का आरोप है कि परियोजना में करीब दो वर्षों तक बिना नियमित बिजली कनेक्शन लिए निर्माण कार्य कराया गया। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के माध्यम से संचालित इस परियोजना में निर्माण एजेंसी ने विद्युत नियमों की अनदेखी की है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि निर्माण स्थल पर पानी की आपूर्ति के लिए सरकारी विभाग के नाम स्वीकृत विद्युत कनेक्शन का उपयोग किया गया। संगठन ने मांग की है कि निर्माण अवधि के दौरान उपभोग की गई विद्युत ऊर्जा का पूरा रिकॉर्ड खंगाला जाए तथा परियोजना में लगे सभी विद्युत उपकरणों और कनेक्शनों की तकनीकी जांच कराई जाए। यूनियन ने मांग की है कि यदि जांच में बिजली चोरी या सरकारी कनेक्शन के दुरुपयोग की पुष्टि होती है तो संबंधित एजेंसी, जिम्मेदार अधिकारियों और अन्य दोषियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम-2003 के तहत कार्रवाई की जाए। साथ ही सरकार को हुए राजस्व नुकसान का आकलन कर उसकी वसूली सुनिश्चित की जाए। सुशील सिंह चौहान ने कहा कि निष्पक्ष जांच से पूरे मामले की सच्चाई सामने आएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो सकेगी।

# लविवि : दीक्षांत समारोह का रिहर्सल

**लखनऊ।** लविवि ने अपने 69वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए गुरुवार को अटल बिहारी वाजपेयी वैज्ञानिक कन्वेंशन सेंटर, लखनऊ में फुल-ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया। इस पूर्वाभ्यास के माध्यम से 31 जुलाई को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह की सभी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया।

लविवि का 69वां दीक्षांत समारोह आज



69वां दीक्षांत समारोह अटल बिहारी वाजपेयी वैज्ञानिक कन्वेंशन सेंटर, लखनऊ में आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। नीति आयोग के सदस्य तथा भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व सचिव प्रो. अभय करंदीकर मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। वहीं, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में सम्मिलित होंगे। रिहर्सल की शुरूआत पारंपरिक शोभायात्रा (एकेडमिक प्रोसेशन) से हुई। इसके बाद विशिष्ट अतिथियों के आगमन एवं आसन ग्रहण, पदक एवं उपाधियों के वितरण, मंच संचालन तथा समूह छायाचित्र सहित समारोह की प्रत्येक प्रक्रिया का विस्तृत पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने कार्यक्रम को वास्तविक स्वरूप प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने समारोह में शामिल होने वाले विशिष्ट अतिथियों की भूमिकाएं निभाईं। रिहर्सल के दौरान भौतिकी विभाग की प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की भूमिका निभाई। प्रो. अनुपमा रस्तोगी ने उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी की भूमिका निभाई। प्रो. विवेक सहाय ने मुख्य अतिथि प्रो. अभय करंदीकर की भूमिका निभाई। प्रो. अरविंद मोहन ने उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय की भूमिका निभाई। रिहर्सल के दौरान कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा तथा परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।


उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| Admin Unit/Zone | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| Auction catalogue No./Lot no. | WVM-10-2026 |
| Description of Work | Installation and operation of Water Vending Machine (WVM's) at Various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years |
| Catalogue Published on | 28.07.2026 |
| Auction Start (All Lots) | 12.08.2026 at 11:00 hrs |
| Auction close Date/Time | 12.08.2026 at 11:50 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

नीलामी के लिए रखी जाने वाली डब्ल्यूवीएम का विवरण निम्नलिखित है :-

Station's wise details of WVM

| S.No. | Lot Number | Stations | Close Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | MSS-LKO-AYC-WVM-173-26-1 | AYC | Date - 12.08.2026 11:30:00 |
| 2 | MSS-LKO-JOP-WVM-178-26-1 | JOP | Date - 12.08.2026 11:40:00 |
| 3 | MSS-LKO-AME-WVM-177-26-1 | AME | Date - 12.08.2026 11:50:00 |

2636/2026
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक
उत्तर रेलवे, लखनऊ

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# इनोवेशन हब के इंटर्न ने प्रस्तुत किये नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स



विशेष संवाददाता (vol)

- एकेटीयू कुलपति ने वितरित किये इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाण-पत्र

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में इनोवेशन हब यूपी फाउंडेशन इंटर्नशिप प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य इंटर्नशिप पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों द्वारा अपने कार्यों, नवाचारों एवं परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण करना तथा उन्हें विश्वविद्यालय के नवाचार एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम से और अधिक जोड़ना था। चयनित 49 विद्यार्थियों में से 15 विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक अपनी इंटर्नशिप पूर्ण की।

डीन इनोवेशन एवं सोशल एंटरप्रेन्योरशिप तथा निदेशक, इनोवेशन हब प्रो. बीएन मिश्रा के नेतृत्व एवं डॉ. अनुज कुमार शर्मा, एसोसिएट डीन (इनोवेशन) के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एआई असिस्टेड वर्चुअल लैब, ऑटोनॉमस टूर गाइड रोबोट, स्मार्ट टूर ट्रैकर सहित विभिन्न नवाचार एवं अनुसंधान आधारित परियोजनाओं पर किए गए अपने कार्यों का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया।

प्रस्तुतीकरण के बाद कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने सभी 15 विद्यार्थियों को इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के कौशल विकास के साथ-साथ उन्हें रोजगार, अनुसंधान एवं उद्यमिता के लिए भी तैयार करते हैं तथा विद्यार्थियों को अपने नवाचारी विचारों को समाज एवं उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इंटर्नशिप के माध्यम से उन्हें वास्तविक परियोजनाओं पर कार्य करने, नई तकनीकों को सीखने तथा स्टार्टअप एवं नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की व्यावहारिक समझ विकसित करने का अवसर प्राप्त हुआ, जो उनके भविष्य के करियर एवं उद्यमशीलता की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर इनोवेशन हब यूपी फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महीप सिंह ने विद्यार्थियों को अपने नवाचारी विचारों को सफल स्टार्टअप में परिवर्तित करने तथा उपलब्ध सरकारी योजनाओं एवं विश्वविद्यालय की सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## एकेटीयू देगा बेस्ट टीपीओ अवार्ड

- विवि छात्रों की बेहतर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के लिए शुरू कर रहा है पहल

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने छात्रों को बेहतर एवं नई तकनीकी से लैस करने की लगातार पहल कर रहा है। छात्रों को न केवल कार्यशाला, सेमिनार, हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के जरिये प्रशिक्षित किया जा रहा है बल्कि प्लेसमेंट के भी बेहतर अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इसे और बेहतर करने के लिए पूरे प्रदेश के संबद्ध संस्थानों को रीजनवाइज कर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर की कोर कमेटी बनायी जाएगी। इस कोर कमेटी में से टेजनिंग एंड प्लेसमेंट में अच्छा परिणाम देने वाले टीपीओ को बेस्ट टीपीओ अवार्ड भी दिया जाएगा।

**हर महीने होगी समीक्षा :** हाल ही में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में लखनऊ एवं नोएडा में विश्वविद्यालय एवं एचसीएल गुवी ने मिलकर टीपीओ मीट का आयोजन किया। इस मौके पर कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट दो आयाम हैं। इसलिए जरूरी है कि टीपीओ इन्हें अलग-अलग रूपों में समझकर अपनी तैयारी करें। तभी बेहतर परिणाम निकल सकेंगे। मीट में एचसीएल गुवी की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में टीपीओ को जानकारी दी गयी। साथ ही विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट की ओर से बनायी जा रही कार्ययोजनाओं के बारे में भी विस्तार से डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. अरूणिमा ने बताया। इस मौके पर तय हुआ कि पूरे प्रदेश में फैले साढ़े सात सौ से ज्यादा संबद्ध संस्थानों को रीजन वाइज बांटा जाएगा ताकि ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर की कोर कमेटी बनायी जा सके। महीने में एक बार समीक्षा बैठक की जाएगी। इसमें अच्छा काम करने वाले टीपीओ को बेस्ट टीपीओ अवार्ड दिया जाएगा। ताकि ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट को बढ़ावा दिया जा सके। साथ ही विश्वविद्यालय के टेजनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से समय सारणी भी जारी की जाएगी। इसके अलावा टीपीओ से हाल ही में शुरू हुए यूराइज के सीटीपीसी पोर्टल पर पंजीकरण कराने के लिए कहा गया है। मीट में 150 से ज्यादा टीपीओ ने प्रतिभाग किया। इस दौरान उप परीक्षा नियंत्रक नेहा श्रीवास्तव, प्रतिभा शुक्ला सहित एचसीएल गुवी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# आरोपी वकीलों की गिरफ्तारी के लिए लगीं 10 टीमें

**पड़ोसी के जनपद सीतापुर, उन्नाव, हरदोई और बाराबंकी में भी पुलिस दे रही दबिश**

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की सख्ती के बाद लखनऊ सिविल कोर्ट परिसर में हमले के आरोपी वकीलों की तलाश में दस टीमें लगी है। उनकी तलाश में पुलिस पड़ोस के जनपद सीतापुर, उन्नाव, हरदोई और बाराबंकी में भी दबिश दे रही है। सिविल कोर्ट परिसर में पैरवी के लिए गए भाइयों पर जानलेवा हमले के मामले में आरोपी अधिवक्ताओं की तलाश में पुलिस की 10 टीमें दबिश दे रही हैं। मंगलवार को इस मामले में हाईकोर्ट की सख्ती के बाद पुलिस कमिश्नरेट भी एक्शन में आया। आरोपियों की तलाश में लखनऊ के साथ ही पड़ोसी जनपदों में दबिश दे रही है। हाईकोर्ट ने 24 अगस्त तक जिले की किसी भी अदालत में आरोपी वकीलों के प्रवेश पर लगाई गई रोक लगाई है। अधिवक्ता सौरभ वर्मा और उनके साथी हर्षित पांडेय, यश पांडेय, अभय प्रताप वर्मा और 40-50 अज्ञात के खिलाफ थाने में जानलेवा हमले के दो मुकदमे दर्ज हैं।

कैसरबाग थाना क्षेत्र के गगनी शुक्ल निवासी शाकिर ने वजीरगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। शाकिर ने आरोप लगाया था कि 21 जुलाई को वह भाइयों के साथ मुकदमे की पैरवी में कोर्ट गया था। वहां सौरभ, यश, हर्षित और अभय समेत 40-50 लोगों ने उन्हें घेर लिया और पीटा। एसोसिएशन के दफ्तर में खींच ले गए। गला दबाकर जान लेने की कोशिश की। किसी तरह वहां से भागकर जान बचाई। शाकिर ने आरोप लगाया था सौरभ और उसके साथी पूर्व में भी उनपर और भाइयों पर हमला कर चुके थे। घटना का हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया।

**कोर्ट में वकील की पिटाई का हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, विशेष पीठ करेगी सुनवाई:** न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला ने मंगलवार को पूरे मामले में सख्त रुख अपनाया था। 24 अगस्त तक जिले की किसी भी अदालत में आरोपी वकीलों के प्रवेश पर लगाई गई रोक लगाई थी। कोर्ट ने इन वकीलों के खिलाफ आईबी की गोपनीय जांच, 10 वर्ष के आयकर रिटर्न समेत संपत्ति का खुलासा करने और पीड़ित भाइयों को सुरक्षा देने के आदेश दिए थे। कोर्ट की सख्ती के बाद पुलिस कमिश्नरेट से मामले में फरार चल रहे आरोपियों की तलाश में 10 टीमें गठित की गई थी। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक टीमें लखनऊ के संभावित ठिकानों के साथ ही पड़ोसी जनपद सीतापुर, उन्नाव, हरदोई और बाराबंकी में दबिश दे रही हैं।

**सौरभ वर्मा ने किया था शनिवार को समर्पण, तीन अभी भी फरार:** इस मामले में आरोपी अधिवक्ता सौरभ वर्मा ने शनिवार को कोर्ट में समर्पण किया था। वह सफेद शर्ट और काली पैंट खुद पहने था। इसके अलावा अधिवक्ता वेश वाले लोगों के घेरे में कोर्ट पहुंचा था। मामले में आरोपी हर्षित पांडेय, यश पांडेय, अभय प्रताप वर्मा अभी भी फरार हैं। वहीं, 40-50 अज्ञात हमलावरों को वजीरगंज चिंह्वित करने का प्रयास कर रही है।

**पीड़ित को फंसाने की कोशिश:** पीड़ित शाकिर के मुताबिक कोर्ट परिसर में हमले के दौरान अधिवक्ता सौरभ और उसके साथियों ने उसके हाथ में असलहा रखकर उसे ही फंसाने की कोशिश की थी। वह असलहा बरामद कराकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराना चाहते थे।

**सौरभ के खिलाफ दर्ज हैं आठ मुकदमे:** इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश त्रिपाठी के मुताबिक सौरभ के खिलाफ चोरी, जालसाजी, दंगा, मारपीट समेत आठ अपराधिक मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज है। सौरभ और उसके साथियों के खिलाफ जमीनों पर कब्जा करने का आरोप है। इससे संबंधित उसके कई वीडियो भी वायरल हो चुके हैं।

**जेसीपी कानून एवं व्यवस्था ने लोगों से की अपील:** संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार ने लोगों से अपील की है कि अधिवक्ताओं के वेश में जमीन, मकान और प्लाट पर कब्जा मारपीट करने वालों के खिलाफ उनके कार्यालय में विशेष प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज कराएं। डालीगंज स्थित उनके दफ्तर में विशेष प्रकोष्ठ बनाया गया है। विशेष प्रकोष्ठ कार्यालय का प्रभारी दरोगा रामेश्वर तिवारी को बनाया गया है। कोई भी व्यक्ति कार्यालय जाकर या इस नंबर पर 9454634500 शिकायत दर्ज करा सकता है।

## गर्भावस्था सरकारी नौकरी पाने में नहीं मानी जा सकती है बाधा : हाईकोर्ट

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि गर्भावस्था किसी महिला को सरकारी नौकरी पाने के अधिकार से वंचित करने का आधार नहीं बन सकती। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी महिला को मातृत्व और रोजगार में से किसी एक को चुनने के लिए मजबूर करना उसके प्रजनन अधिकार और रोजगार के अधिकार, दोनों का उल्लंघन है। इसी टिप्पणी के साथ कोर्ट ने वन रक्षक एवं वन्यजीव रक्षक भर्ती में गर्भावस्था के कारण शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) स्थगित करने का अनुरोध ठुकराने के उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के फैसले को रद्द कर दिया। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की पीठ ने यह आदेश कोमल जायसवाल की विशेष अपील स्वीकार करते हुए दिया। अपीलार्थी ने वर्ष 2023 की भर्ती में आवेदन किया था। लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद फरवरी 2026 में होने वाली पीईटी से पहले वह नौ माह की गर्भवती थी। उसने 14 किलोमीटर की पैदल परीक्षा स्थगित करने का अनुरोध किया, लेकिन आयोग ने नियमों में प्रावधान न होने का हवाला देकर मांग अस्वीकार कर दी। बाद में एकल पीठ ने भी उसकी याचिका खारिज कर दी थी। दो जजों की पीठ ने एकल पीठ के फैसले को खारिज करते हुए कहा कि महिला का विवाहित होना या गर्भवती होना नियुक्ति के लिए अयोग्यता नहीं है। यदि नियमों में पीईटी स्थगित करने पर रोक नहीं है तो असाधारण परिस्थितियों में आयोग को मानवीय और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना चाहिए था। अदालत ने यह भी कहा कि भर्ती प्रक्रिया में विज्ञापन और लिखित परीक्षा के बीच दो वर्ष से अधिक का अंतर रहा, जिसके दौरान विवाह और गर्भधारण होना स्वाभाविक था। कोर्ट ने आयोग को चार सप्ताह के भीतर अपीलार्थी की पीईटी कराने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा कि यदि वह पीईटी, चिकित्सीय परीक्षण और मेरिट में सफल होती है तो उसे उसी तिथि से नियुक्ति का लाभ दिया जाए, जिस दिन उससे कम मेरिट वाले अभ्यर्थी को नियुक्ति मिली हो। तब तक ओबीसी महिला वर्ग का एक पद रिक्त रखने का भी आदेश दिया गया है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लखनऊ। काकोरी कोतवाली क्षेत्र में एक अज्ञात युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। काकोरी थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ग्राम पंचायत कुशमौरा हलवापुर के बाबा खेड़ा ललित मिश्रा की आम की बाग में काली रस्सी से युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली। मौके पर पुलिस पहुंचकर जांच शुरू किया और आसपास के लोगो से पूछताछ किया लेकिन म्रतक की पहचान नही हो पाई।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा बार काउंसिल आर्फ उ.प्र. का प्रमाण पत्र जिसका नम्बर UPE06207/12 कहीं खो गया है। **अपर्णा दिवाकर पुत्री शत्रोधन प्रसाद नि.- 548छ/240, दीप नगर, लखनऊ।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल सह अंकपत्र वर्ष- 2012, जिसका अनुक्रमांक- 2337693 व इंटरमीडिएट अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वर्ष- 2014, जिसका अनुक्रमांक- 1712602 है, जोकि वास्तव में कहीं खो गया है। मीनाक्षी पुत्री रामू मुंशीगंज, इनायतपुर, द्वारिकागंज जनपद-सुलतानपुर। पिनकोड-228125

**सूचना**

**व अदालत सिविल जज (सीनियर डिवीजन) आगरा**

**उत्तराधिकार केस संख्या-301 सन 2026**

श्रीमती मीनू राजीवप्रताप सिंह पुत्री स्व. श्री विश्वनाथ सिंह चौहान पत्नी श्री राजीव प्रताप सिंह, निवासी फ्लेट नं. 16ए, टावर-2 फेयरवे ईस्ट, एमउएम गोल्फ एस्सटेट सेक्टर 65 बादशाहपुर जिला गुड़गांव-122101

..........प्रार्थिनी

बनाम

1. श्रीमती रीना भदौरिया पुत्री स्व. श्री विश्वनाथ सिंह चौहान पत्नी श्री महेन्द्र पाल सिंह निवासी 14 विश्वकर्मा एन्क्लेव शास्त्रीपुरम रोड आगरा-282007
2. श्रीमती वीना भदौरिया पुत्री स्व. श्री विश्वनाथ सिंह चौहान पत्नी श्री देवेन्द्र सिंह भदौरिया निवासी 38/ए प्रथम तल आशीर्वाद ग्रीन्स, सेक्टर-2सी वैशाली वसुन्दरा गाजियाबाद-201012
3. श्रीमती शशी तौमर पुत्री स्व. श्री विश्वनाथ सिंह चौहान पत्नी श्री किश्न सिंह तौमर निवासी डी-1 निर्भय नगर गैलाना रोड आगरा-282007
4. श्री नरेन्द्र सिंह चौहान पुत्र स्व. श्री विश्वनाथ सिंह चौहान निवासी 1/120बी देहली गेट आगरा-282002
5. श्रीमती अंजू राबौर पुत्री स्व. श्री विश्वनाथ सिंह चौहान पत्नी श्री रामलखन सिंह निवासी सी-10 निर्भय नगर गैलाना रोड आगरा-282007

......विपक्षीगण

चूँकि उपरोक्त मुकदमा प्रार्थिनी ने अन्तर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है। आवेदिका की माताजी श्रीमती कमला देवी का स्वर्गवास दिनांक 24.02.2022 को हो चुका है जिनके केनरा बैंक व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में डिपोजिट धनराशि वसूल करने के वास्ते यह उत्तराधिकार मुकदमा प्रस्तुत किया गया है जिसके निस्तारण हेतु दिनांक-07 अगस्त 2026 वक्त सुबह 10 बजे नियत की गई है। अतः हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयक मामले के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक अथवा उससे पूर्व न्यायालय मे स्वयं अथवा अपने द्वारा नियुक्त किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें। अगर ऐसा न करेंगे तो दरख्वास्त मजकूर की गैर हाजिरी में एकतरफा समाप्त होगी।

आज दिनांक 24.07.2026 को मेरे दस्तखत और मोहर से जारी किया गया।

**मुंसरिम**
**सिविल जज (सीनियर डिवीजन)**
**आगरा**

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 3131486 व इंटरमीडिएट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2346207 का प्रमाण पत्र, सह अंक पत्र कहीं खो गये है। रितेश सोनकर पुत्र सुभाष सोनकर निवासी ग्राम कटघर सदर पोस्ट गोपालपुर जनपद आजमगढ़

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सेकेण्डरी(अरबी/फारसी) (मुंशी/मौलवी)/सीनियर सेकेण्डरी/आलिम/कामिल/फाजिल मुख्य/पूरक परीक्षा सन् 2025 अनुक्रमांक 1691050648 की अंकतालिका व प्रमाण पत्र वास्तव में खो/नष्ट हो गया है। आसिफ अली पुत्र सलीम अली नयापुरा, नैकाना, महोबा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो मैं आदिल रसूल पुत्र सैफुद्दीन आबदीन नि0 158/29 गंगा प्रसाद रोड निकट महेश प्रसाद स्ट्रीट, अमीनाबाद, लखनऊ। मेरी पुत्री आइजा आबदीन (Aiza Abdin) के पासपोर्ट में नाम त्रुटिवश आइजा आदिल (Aiza Adil) हो गया है। जबकि उसका सही नाम आइजा आबदीन (Aiza Abdin) जो उसके आधार कार्ड पर भी अंकित हैं। आइजा आबदीन (Aiza Abdin) के पासपोर्ट पर आइजा आदिल (Aiza Adil) की जगह आइजा आबदीन (AIZA ABDIN) अंकित करना आवश्यक एवं न्यायोचित है। आदिल रसूल पुत्र सैफुद्दीन आबदीन नि. 158/29 गंगा प्रसाद रोड निकट महेश प्रसाद स्ट्रीट, अमीनाबाद, लखनऊ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र आशू का जन्म दिनांक 21/12/2019 को निजी आवास घर में ही हुआ है। जानकारी के अभाव में मैं अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं करवा सका। इसके पहले मैंने कहीं से भी जन्म प्रमाण पत्र के लिए कोई आवेदन नहीं किया। मेरे पुत्र आशू का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना जनहित में आवश्यक है। जिसे जारी किया जाए। किसी को आपत्ति हो तो दर्ज करवा सकता है। बाबूराम पुत्र रामखेलावन निवासी ग्राम पंथुवा मजरे रमवां तहसील व जिला फतेहपुर।

## सावन व कांवड़ यात्रा पर राजधानी में रहेगी कड़ी सुरक्षा व निगरानी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गुरुवार से शुरू हो रहे श्रावण मास के अवसर पर लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने शहर में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। कांवड़ियों व शिवभक्तों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। शहर के प्रमुख धार्मिक प्रतिष्ठानों/ शिवालयों, जैसे नागेश्वर महादेव मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, श्री ओंकारेश्वर मंदिर, बुद्धेश्वर महादेव मंदिर व चन्द्रिका देवी मंदिर सहित अन्य प्रसिद्ध मंदिरों व संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

**मंदिरों और संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी:** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर शहर के संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मंदिर परिसरों में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सीसीटीवी कैमरों की मदद ली जा रही है, जिससे हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। इसके अतिरिक्त सिविल डिफेन्स, डिजिटल वॉलन्टियर /विशेष पुलिस बल आदि के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था के लिए जन सहयोग/सामुदायिक पुलिसिंग के लिए विशेष प्रबन्ध किये गये है। मंदिरों में कांवड़ियों की संख्या को व्यवस्थित करने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है एवं समस्त पुलिस बल को सतर्कता बरतने के लिए निर्देशित किया गया है। सीसीटीवी कैमरों की सहायता से प्रमुख मंदिरों और भीड़भाड़ वाले इलाकों की निगरानी की जा रही है। स्थानीय पुलिस बल को हाई अलर्ट पर रखा गया है और पैदल गश्त भी बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

**सुरक्षा एवं पुलिस बल का व्यवस्थापन:** कांवड़ यात्रा पर कावड़ियों /शिवभक्तों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है

**विशेष फोकस:** शिवालयों, कांवड़ यात्रा मार्ग, संवेदनशील स्थानों व मिश्रित आबादी वाले इलाकों में सुरक्षा के दृष्टिगत डायल-112, पालीगन मोबाईल व सादे वस्त्रों में महिला पुलिस कर्मियों तथा एण्टी रोमियो स्क्वायड/पिंक मोबाईल की ड्यूटी लगाई गयी है, जो लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि बनाये रखेंगे। कांवड़ यात्रा मार्ग , शिवालयों ,मंदिरों पर उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। जलाशयों व घाटों पर सुरक्षा के दृष्टिगत एसडीआरएफ टीमों द्वारा की गश्त की जायेगी। सादे कपड़ों में इंटेलिजेंस (एलआईयू) की टीमें असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखेंगी। सीसीटीवी कण्ट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी (बुद्धेश्वर महादेव मंदिर 01-01 उपनिरीक्षक व पुलिस बल की नियुक्ति)।

**यातायात प्रबंधन और ट्रैफिक डायवर्जन:** कांवड़ियों की सुविधा के लिए ट्रैफिक डायवर्जन (बुद्धेश्वर चौराहा, मनकामेश्वर मंदिर ढाल, डालीगंज चौराहा, हनुमान सेतु मंदिर चौराहा, पाल तिराहा, दुबग्गा तिराहा, बाराबिरवा तिराहा व सीतापुर मार्ग) पर लागू किया गया है। जनसाधारण की सुविधा केलिए विस्तृत 'यातायात एडवायजरी' अलग से जारी की गई है। प्रमुख मंदिरों के आसपास यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है और अव्यवस्था से बचने के लिए बैरिकेडिंग की गई है। ट्रैफिक पुलिस के अतिरिक्त जवानों को भीड़भाड़ वाले इलाकों में तैनात किया गया है, जिससे दर्शन करने आने वाले भक्तों को परेशानी न हो।

**तकनीकी निगरानी व सोशल मीडिया मॉनिटरिंग: सीसीटीवी :** प्रमुख शिवालयों, कांवड़ मार्गों, जलाशयों, घाटों और संवेदनशील मार्गों की 247 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया सेलः सोशल मीडिया की राउण्ड द क्लॉक मॉनिटरिंग की जायेगी। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे- फेसबुक, इन्स्टाग्राम, ट्विटर एवं वाट्सएप आदि पर मीडिया सेल द्वारा विशेष निगरानी रखी जायेगी।

## सरकारी विभाग लालफीताशाही का बहाना बनाकर नहीं मांग सकते देरी माफी : हाईकोर्ट

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि सरकारी विभाग केवल लालफीताशाही, फाइलों के इधर-उधर घूमने या प्रशासनिक प्रक्रियाओं में देरी का हवाला देकर मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) मामलों में विलंब से दायर अपीलों की देरी माफ कराने का अधिकार नहीं रखते। अदालत ने स्पष्ट किया कि लिमिटेशन कानून के तहत सरकार और निजी पक्षकार दोनों समान हैं तथा सरकारी विभागों को किसी प्रकार की विशेष रियायत नहीं दी जा सकती।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति अभदेश कुमार चैधरी की पीठ ने रेल मंत्रालय की ओर से दाखिल विशेष अपील खारिज करते हुए की। अदालत ने वाणिज्यिक न्यायालय, लखनऊ के उस आदेश को सही ठहराया, जिसमें मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 34 के तहत आपत्तियां दाखिल करने में हुई 28 दिन की देरी माफ करने से इनकार किया गया था। मामला मेसर्स गैलेंट इस्पात लिमिटेड और रेल मंत्रालय के बीच रेलवे साइडिंग के लिए लीज पर दी गई भूमि के किराये को लेकर उत्पन्न विवाद से जुड़ा था। एकल मध्यस्थ ने दिसंबर 2023 में कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए रेलवे को लीज किराया संशोधित करने तथा अधिक वसूली गई करीब 1.79 करोड़ रुपये की राशि आठ प्रतिशत ब्याज सहित लौटाने का निर्देश दिया था। इसके बाद रेल मंत्रालय ने वाणिज्यिक न्यायालय में चुनौती दी, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद याचिका दाखिल होने के कारण उसकी देरी माफी अर्जी अस्वीकार कर दी गई। जिसके खिलाफ रेल मंत्रालय ने हाई कोर्ट का रूख किया था। अपील का विरोध करते हुए गैलेंट की ओर से पेष वरिश्ठ अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा का तर्क था कि रेल मंत्रालय याचिका दाखिले में देरी के पर्याप्त तरीके से स्पश्ट नहीं कर पाया जिस कारण उक्त देरी क्षम्य नहीं हो सकती है। अपने फैसले में हाईकोर्ट ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि देरी माफी अपवाद है, नियम नहीं। सरकारी विभागों को भी यह साबित करना होगा कि देरी के पीछे वास्तविक, पर्याप्त और सद्भावनापूर्ण कारण थे। केवल प्रशासनिक सुस्ती या फाइलों की प्रक्रिया को ष्पर्याप्त कारणष नहीं माना जा सकता। अदालत ने इसी आधार पर रेल मंत्रालय की अपील भी खारिज कर दी।

## सीता स्वयंवर का भावपूर्ण और रोचक वर्णन किया

लखनऊ। डालीगंज स्थित प्राचीन श्री बंदी माता मंदिर के 44वें वार्षिक उत्सव के चतुर्थ दिवस पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं रासलीला में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचिका रोली शास्त्री ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न के अवतार तथा सीता स्वयंवर का भावपूर्ण और रोचक वर्णन किया। सीता स्वयंवर की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पार्षद रंजीत सिंह ने बताया कि रात्रि में आयोजित रासलीला में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीलाओं तथा भस्मासुर वध की मनोहारी प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विशेषकर श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को देखकर माताएं एवं बहनें भावविभोर हो उठीं, जबकि भस्मासुर वध का मंचन रोमांच का केंद्र रहा। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे।

## नहर में समेसी पुल के पास मिला अज्ञात युवक का शव

**लखनऊ।** नगराम थाना क्षेत्र के समेसी पुल के पास गुरुवार सुबह इंदिरा नहर में एक अज्ञात अधेड़ का शव उतराता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची नगराम पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए शिनाख्त और मौत के कारणों की जांच तेज कर दी है।

थानाध्यक्ष नगराम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह समेसी के मजरा महुली निवासी मंशाराम ने सूचना दी कि समेसी पुल के पास इंदिरा नहर में एक शव बहता दिखाई दे रहा है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक अनुज भाटी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया गया और आसपास के लोगों से उसकी पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई भी व्यक्ति मृतक की शिनाख्त नहीं कर सका।

प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष आंकी गई है। शव चार से पांच दिन पुराना प्रतीत हो रहा है और अनुमान लगाया जा रहा है कि वह नहर के तेज बहाव के साथ कहीं दूर से बहकर यहां पहुंचा है। मृतक ने सफेद रंग का कुर्ता पहन रखा था तथा उसके दाहिने हाथ में कलावा बंधा मिला है, जो पहचान का एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। पुलिस ने पंचायतनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए लखनऊ स्थित मोर्चरी भेज दिया है। मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पंपलेट जारी किए जा रहे हैं और सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों का भी सहारा लिया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच करते हुए मृतक की पहचान कराने के प्रयास में जुटी हुई है।

**पहली मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत:** गोसाईंगंज इलाके में देर रात छत पर शो रहे एक मजदूर की नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। गिरने व मजदूर के चिल्लाने की आवाज सुनकर घर ने अन्य सदस्य नींद से उठ गए। जिसके बाद घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज स्थित दुलार मऊ के रहने वाला संजय (36) मजदूरी करते थे भाई सरवन ने बताया कि उनके भाई बुधवार रात छत पर लेटे हुए थे रात लगभग 3:00 बजे बाथरूम के लिए नींद के चलते अचानक उनका जीने की जगह खाली जगह पर पैर पड़ गया जिससे वह नीचे आंगन में जा गिरे उनकी कराहने की आवाज सुनकर घर के अन्य सदस्य भी आ पहुंचे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनकी मौत हो गई। उनके परिवार में पत्नी ललिता तीन बेटियां है।

**कार की ठोकर से युवक की मौत:** सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र के शहीद पथ पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है। परिजनों का आरोप है कि कार चालक शराब के नशे में था और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। परिजनों के अनुसार 29 जुलाई की रात करीब 10-11 बजे शहीद पथ स्थित ओवरपास पर कार के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए अपूर्व अग्रवाल को टक्कर मार दी। हादसे में अपूर्व गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। 30 जुलाई को पीजीआई थाने में दी गई तहरीर में परिजनों ने आरोप लगाया कि हादसे के समय कार चालक शराब के नशे में था। चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई।

शिकायत में आरोपी चालक का नाम और पता भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर पीजीआई पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हादसे की परिस्थितियों की जांच कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि हादसे के समय चालक शराब के नशे में था या नहीं। मृतक के परिजनों का कहना है कि लापरवाही से वाहन चलाने के कारण उन्होंने अपना बेटा खो दिया।

## फर्जी दस्तावेज के जरिये इनोवा कार बेचकर लाखों की धोखाधड़ी

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के जरिए इनोवा कार बेचकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले में मूलरूप से हरदोई जिले के कासिमपुर स्थित गौसगंज व वर्तमान में ठाकुरगंज के दुबग्गा निवासी मोहम्मद जैद ने ठाकुरगंज के पक्का बाग निवासी रेहान खान, मोहम्मद जावेद और मनीष सिन्हा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहम्मद जैद के मुताबिक वह वर्ष 2025 में एक इनोवा कार खरीदना चाहते थे। तभी उनकी मुलाकात रेहान खान और मोहम्मद जावेद से हुई, जिन्होंने उन्हें एक इनोवा कार दिखाते हुए बताया कि वाहन पर किसी प्रकार का बैंक ऋण नहीं है। इस दौरान कार मालिक मनीष सिन्हा ने भी आरसी दिखाते हुए यही कहा। इसके बाद 26 नवंबर 2025 को 3.20 लाख रुपये में सौदा तय हुआ और जैद ने पूरी रकम उन्हें दे दी। कुछ समय बाद वाहन की आरसी भी उनके नाम स्थानांतरित करा दी गई। पीड़ित का कहना है कि मार्च 2026 के अंत में आरटीओ कार्यालय से सूचना मिली कि वाहन पर बैंक का ऋण बकाया है और आरसी जमा करनी होगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अमेठी विकास खण्ड धौरहरा, जिला खीरी**

पत्रांक : मेमो / निविदा सूचना प्रकाशन ,5वां राज्य वित्त ,15वां वित्त — दिनांक 30.07.2026

**वित्तीय वर्ष 2026-27**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

5वां राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अमेठी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2026-27 में निम्न निर्माण हेतु स्थानीय पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बंद निविदा दिनांक 06.08.2026 अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | डामर रोड से रमेश के घर तक इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कार्य। | 469000.00 |
| 2. | संजय के घर से सरोज के घर तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य। | 296200.00 |
| 3. | सरोज के घर से डामर रोड़ पुलिया तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य। | 326500.00 |

**नियम व शर्ते -:**

1. निविदा फर्म उससे सम्बंधित निर्देश ग्राम पंचायत अमेठी के कार्यालय में 31.07.2026 से 06.08.2026 तक रू मूल्य 200 नगद जमा करके अपरान्ह 02 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत अमेठी के कार्यालय में मोहरबंद लिफाफे को निविदा प्राप्त दिनांक 31.07.2026 से 06.08.2026 को समय 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबंद टेण्डर डाले जाएंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत अमेठी के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 06.08.2026 को समय 04 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेगे।
4. निविदा स्वीकार होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2026-27 में कोई अन्य परिवर्तन मान्य नही होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवस्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्काब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा। सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न होने पर अथवा कमी पाये पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान / ग्राम विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।

**जुगुल किशोर वर्मा**
**ग्राम प्रधान/ प्रशासक**
**ग्राम पंचायत अमेठी**
**विकास खण्ड धौरहरा खीरी**

**नवल किशोर**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत अमेठी**
**विकास खण्ड धौरहरा खीरी**

## मध्यांचल के एमडी संदीप बागिया ने तेज की मॉनिटरिंग

**उपभोक्ता सेवा और तकनीकी सुधारों पर फोकस**

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) के प्रबंध निदेशक संदीप बागिया ने उपभोक्ता सेवाओं को और बेहतर बनाने तथा विद्युत व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाने के लिए सभी वितरण खंडों में नियमित समीक्षा और मॉनिटरिंग तेज कर दी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बिजली आपूर्ति, शिकायत निस्तारण और राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एमडी ने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध समाधान निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं और अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया कि फील्ड का नियमित निरीक्षण करें तथा ट्रांसफार्मर खराब होने, लाइन फॉल्ट और लो-वोल्टेज जैसी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से बरसात के मौसम को देखते हुए जर्जर विद्युत लाइनों, ढीले तारों और क्षतिग्रस्त पोलों की जांच कर आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए। साथ ही बिजली चोरी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा राजस्व हानि कम करने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। संदीप बागिया ने स्मार्ट मीटर, उपभोक्ता शिकायत निवारण और बिलिंग व्यवस्था की भी समीक्षा करते हुए कहा कि पारदर्शिता और तकनीक आधारित सेवाओं को बढ़ावा देना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए और शिकायतों का समाधान निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए। एमडी ने स्पष्ट किया कि बेहतर बिजली आपूर्ति, सुरक्षित वितरण व्यवस्था और उपभोक्ता संतुष्टि के लिए सभी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी।

## महिला से जेवर व नकदी की टप्पेबाजी

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े टप्पेबाजों द्वारा देवी का साया और अनहोनी का डर दिखाकर दंपती से जेवर व नकदी ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के कैधुलिया गांव निवासी सतगुरु पुत्र गंगाराम के मुताबिक, गुरुवार सुबह करीब 11 बजे वह अपनी पत्नी कंचन गौतम और 11 माह के बेटे समरजीत के साथ साइकिल से बदौरा जा रहे थे। लखनऊ-हरदोई हाईवे पर बंजारनखेड़ा के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें रोक लिया और राजेश की दुकान का पता पूछने लगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचनाः**
**EL-MWS-GKP-2026-27-09**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती हैः- **निविदा सं. एवं कार्य का विवरणः- EL-MWS-GKP-2026-27-09,** पी०ओ०एच० ऑफ 30 नं० मेन पेन्ट्री एंड 30 नं० मिनी पेन्ट्री इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर।, **अनुमानित लागतः-** Rs. 2,24,61,703.30/-, **बयाने की राशिः-** Rs. 4,49,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः-** 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से - 24 महीना।, • आन लाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 20.08.2026 समय 11:00 बजे तक, • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.)
मुजाधि/विद्युत-117 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# सावन के पहले दिन भक्तों ने किये भोलेनाथ के दर्शन, की पूजा-अर्चना





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आज सावन के पहले दिन मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। मंदिरों में हर तरफ हर हर महादेव का जयघोष गूंज रहा था। बड़ी संख्या में श्रद्धालओं ने भोले बाबा मंदिर में भांग-धतूरा, बेलपत्र व फल-फूल अर्पित कर दूध व जल से अभिषेक कर मत्था टेका और मंगल कामना की। बड़ी संख्या में भक्त बाबा के दरबार में हाजिर हुए और अपनी आस्था व श्रद्धा निवेदित की।

उत्साह और उल्लास के साथ शहर वासियों ने सावन का स्वागत किया। शहर के शिव मंदिर रंग और रोशनी से जगमगा रहे हैं। गुरुवार से भगवान शिव के प्रिय मास सावन की शुरूआत हो गई। भोर से ही मंदिरों के कपाट खुलने के साथ ही श्रृंगार और रुद्राभिषेक शुरू हो गए। शिव मंदिरों में रुद्राभिषेक और पूजा अर्चना कराने के लिए बुकिंग फुल है। डालीगंज का मनकामेश्वर मंदिर सुबह पांच बजे भक्तों के लिए खोल दिया गया। राजेंद्र नगर के महाकाल मंदिर के कपाट भोर चार बजे खुले। चौक के कोनेश्वर महादेव मंदिर, रानी कटरा स्थित शिवालयों में भी सावन मास भर रुद्राभिषेक चलेगा। सावन के पहले दिन यहां सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। मोहान रोड स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में सावन मास में लगने वाले ऐतिहासिक सावन मेला की रौनक देखते ही बन रही। झूले लगे हुए हैं। हालांकि, मेले की शुरूआत बुधवार से होगी। सोमवार को बाबा का श्रृंगार भांग से होगा और बुधवार को खोवा से बाबा का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। सावन भर यहां जलाभिषेक के लिए भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। यहां सावन मास भर मेला लगेगा। चौक के कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में उज्जैन की तर्ज पर पूजा अर्चना की जा रही है। महंत विशाल गौड़ के अनुसार, सावन भर शाम आठ से रात दस बजे तक हर दिन रुद्राभिषेक होगा। सावन के पहले दिन इंदिरानगर के मानस विहार स्थित शिव मंदिर में भी सुबह-सुबह श्रद्धालुओं का हुजूम दिखायी दिया।

**बाबा श्री सिद्धनाथ मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान शिव की कृपा से शुभ संवत नल नामक श्रावण मास कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि मंगलवार को बाबा श्री सिद्धनाथ मंदिर हाल नादान महल रोड में सुबह 11 बजे से 14वां रुद्राभिषेक 25 चौकियों पर शिव परिवार के साथ 55 सौ रूद्र विराजमान कर शिव भक्तों ने पूजा की। आयोजक अमरनाथ मिश्र ने बताया कि प्रमुख आचार्य ने हर हर महादेव के मंत्र उच्चारण के भद्रम करणेभि के मंत्र से अपने 8 सहयोगियों के साथ वैदिक मंत्रों के द्वारा रुद्राभिषेक पूजा प्रारंभ की।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऋषिकेश हरिद्वार से 1000लीटर गंगाजल लाकर भगवान शिव का अभिषेक किया गया साथ में दूध दही घी शहद शर्करा गन्ने का रस कुसोदक गंगाजल इन वस्तुओं से भी अभिषेक किया गया। आचार्य शिव शंकर पांडे ने बताया कि ध्यान आसन प्राणायाम पुण्यावाचन आवाहन के पश्चात भगवान को स्नान से लेकर षोडसोपचार पूजन किया गया तत्पश्चात भगवान शंकर का श्रंगार किया गया।

**सावन के लिए तैयार हुआ चांदी का शिवलिंग :** सावन शुरू होने से पहले ही बाजारों में इसकी रौनक दिखने लगी है। बाजार में इस बार चांदी के कई गहने ऐसे हैं जो सावन में शिव पूजा के दौरान काम आ सकते है। सराफा कारोबारी विनोद माहेश्वरी ने बताया कि इस बार सावन में चांदी के बेलपत्र, नाग नागिन, चंद्रमा मोती जो रुद्राभिषेक में चढ़ते हैं उसको तैयार किया गया हे। उन्होंने बताया कि चांदी के शिवलिंग हर साइज के तैयार किए गए हैं। इसके अलावा स्फटिक की माला पारे का शिवलिंग पारे का नंदी भी इस बार विशेष तैयार किया गया है। विनोद माहेश्वरी ने बताया कि 24 कैरेट गोल्ड पॉलिश पर चांदी का काम बढ़िया से किया गया है।

भगवान को मंदिर में रखने के लिए महाकाल एवं शिव परिवार की मूर्ति सुंदर.सुंदर रूपों में तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि चांदी के नाग-नागिन, बेलपत्र एवं त्रिशूल की कीमत 500 से 1100 तक है। चरण पादुका 500 से 1200 तक की गई है। उन्होंने बताया कि शिवलिंग 3000 से 15000 नंदी व शिवलिंग 10000 रुपए तक आ रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में इसमें तेजी से बिक्री होगी। सवान में लखनऊ में करीब 500 किलो चांदी की बिक्री होती है। मंदिर में लोग दान करते हैं।

**व्रत के साथ घरों में हुआ पूजन:** भोले के भक्तों द्वारा पहले सावन पर व्रत भी रखा गया। घरों में भी भोलेनाथ की पूजा की गई और रुद्राभिषेक का भी आयोजन किया गया। इस दौरान भोले के भक्तों द्वारा सुख-शांति और मंगल की कामना की गई।

**बमबम भोले के जयकारों से गूंजा भंवरेश्वर महादेव मंदिर:** तीन जनपदों की सीमा ओर स्थित पौराणिक काल के प्राचीन शिवमंदिर में श्रावण मास के पहले दिन से ही शिव भक्तों का तांता लगा रहा मध्यरात्रि से ही मंदिर के कपाटखुलते मंदिर हर पर महादेव, बम बम भोले के नारों से गूंजने लगा शाम तक लाखो की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर भगवान भोले नाथ के दर्शन किये। लखनऊ उन्नाव व रायबरेली की सीमा पर सी नदी के किनारे स्थित प्राचीन व पौराणिक काल से ही इस मंदिर के प्रति लोगों में एक अलग ही धार्मिक महत्व है लोगों का मानना है कि द्वापर युग में यहां पर त्र्यंबक नामक वन हुआ करता था जहां पर पांडव अपने अज्ञातवास के दौरान ठहरे हुए थे तो पांडव पुत्र महाबली भीम ने इस शिवलिंग को स्थापित किया था

**यहां भी दर्शन को उमड़े श्रद्धालु:** चौक के रानी कटरा स्थित के छोटा व बड़ा शिवाला, कोनेश्वर मंदिर, आशियाना के सेक्टर.एच स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, बंगलाबाजार के श्री रामजानकी मंदिर, मौनी बाबा मंदिर व गुलाचिन मंदिर के अलावा सिद्धेश्वर मंदिर, गोमतेश्वर मंदिर व विन्ध्याचल मंदिर के अलावा शहर के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। स्वप्नेश्वर महादेव मंदिर, इंदिरानगर भूतनाथ मंदिर, महानगर के सिद्धेश्वर मंदिर, राजाजीपुरम, सआदतगंज, आलमबाग, चिनहट के अलावा बख्शी का तलाब के मां चंद्रिका देवी मंदिर के चंद्रकेश्वर महादेव मंदिर, कालेश्वर महादेव मंदिर, इटौंजा के रत्नेश्वर महादेव मंदिर, टीकेश्वर महादेव मंदिर के साथ ही शहर के सभी छोटे बड़े शिव मंदिरों पर भोर से श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई थी। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन कर आरती की।

**कोतवालेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक की बुकिंग फुल:** चौक के कोतवालेश्वर मंदिर में भी सावन के पहले दिन को लेकर रौनक रही। यहां सावन के अंतिम सोमवार को महादेव बाबा नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। चौक के रानी कटरा के मां संकटा देवी मंदिर बाबा शिवाला और छोटा शिवाला में भी शिव भक्त जुटे। यहां पूरे सावन भर रुद्राभिषेक की बुकिंग फुल है। सदर के द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, आलमबाग के मौनी बाबा मंदिर, कृष्णा नगर के सहसैवीर बाबा मंदिर, इंद्रेश्वर मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में विशेष सजावट की गई है।

## मनकामेश्वर में लगे बम-बम भोले के जयकारे



लखनऊ। सावन के पहले दिन मनकामेश्वर मठ मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार दिखायी दी। हर कोई महादेव के जयकारे लगाते हुए दर्शन के लिए आतुर दिखायी दिया। सावन के पहले दिन डालीगंज आदि गंगा गोमती के तट पर स्थित प्राचीन श्रीमनकामेश्वर मंदिर में सुबह ही शिवार्चन शुरू हो गया। सैकड़ो की संख्या में भक्त यहां दर्शन के लिए आए। मंदिर में शाम चार से सात बजे की बीच ओम्नमः शिवायः महामंत्र का जाप हुआ। मंदिर की महंत देव्यागिरी महाराज ने विधि.विधान से पूजन कर जप शुरू कराया। वह स्वयं भी जप में बैठी। इसके अलावा मंदिर के अन्य कार्यकताओं ने जप किया। इससे पहले मुख्यकार्यकर्ता उपमा पाण्डेय सहित अन्य भक्तों ने रंगोली सजाई। भगवान भोलेनाथ की पतिमा स्थापित की। मंदिर की श्रीमहंत देव्यागिरी जी महाराज ने बताया कि कोई भक्त इसमें शामिल हो सकता है। यह लोक मगंल के कल्याण के उद्देश्य से किया जा रहा है। सावन के पहले दिन शाम को महंत ने भगवान शिव की आरती की। आरती के समय भक्तों का हुजूम दिखायी दिया।

## हर-हर महादेव के जयघोष के साथ रुद्राभिषेक का शुभारंभ




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शिव सेवा परिवार के तत्वावधान में भगवान शिव की अहैतुकी कृपा से श्रावण मास कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, गुरुवार को रामलीला ग्राउंड, ऐशबाग, लखनऊ में प्रातः 10:00 बजे से 18वें सपादलक्ष रुद्राभिषेक का शुभारंभ ऱहर-हर महादेवऱ के जयघोष के साथ विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख आचार्य गिरजाशंकर दीक्षित, शिवशंकर पाण्डेय एवं डॉ. योगेश व्यास सहित पाँच सहयोगी आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव एवं शिव परिवार का षोडशोपचार पूजन संपन्न कराया। पूजन में भगवान का आवाहन, पाद्य, अर्घ्य, आचमन, स्नान, सुगंधित जलाभिषेक, वस्त्र, यज्ञोपवीत, चंदन, अक्षत, मिश्रित अन्न, गुलाल, बेलपत्र, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, पान, सुपारी, ऋतु-फल, दक्षिणा, स्तुति, आरती, पुष्पांजलि एवं विसर्जन सहित समस्त वैदिक अनुष्ठान संपन्न किए गए। साथ ही समस्त श्रद्धालुओं की मनोकामनाओं की पूर्ति एवं लोककल्याण की प्रार्थना भगवान शिव से की गई। आयोजक अमरनाथ मिश्र ने बताया कि 27 चैकियों पर शिव परिवार के साथ 5,500 रुद्र विराजमान कर श्रद्धालुओं ने सामूहिक रुद्राभिषेक एवं पूजन किया। भगवान शिव के अभिषेक हेतु ऋषिकेश से 540 लीटर गंगाजल तथा 3 कुंतल गौ-दूध विशेष रूप से मंगाया गया। आयोजक हरीशचन्द्र अग्रवाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए रामलीला मैदान में ही निर्धारित स्थान पर गड्ढा बनाकर पूजन में प्रयुक्त मूर्तियों का विधिवत विसर्जन किया गया। इस अवसर पर हरिश्चन्द्र अग्रवाल, अमरनाथ मिश्र, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, अरविंद तिवारी, उमेश शर्मा, पवन मनोचा, लोकेश अग्रवाल, सूर्य प्रकाश शुक्ला, शिवम बंसल, संदीप कांत राजन, विनोद अग्रवाल, उत्कर्ष त्रिपाठी, अतुल त्रिपाठी, सतीश चंद्र मिश्रा, दीपक बाजपेई, संजय श्रीवास्तव, नीरज मिश्रा, मयंक मनोचा, वर्षा शर्मा, उज्ज्वल शुक्ला, अनुज अग्रवाल, संजय सोनकर, सत्यकाम मिश्रा, अर्चना जी, आशा रानी निगम, प्रीति निगम एवं देवेश जी सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित रहे।




# अशिवनी भिड़े देशपांडे के शास्त्रीय गायन ने मन मोहा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित दीक्षारम्भ-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत समापन दिवस अत्यंत गरिमामय एवं सांस्कृतिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पद्मश्री से सम्मानित सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका डॉ. अश्विनी भिड़े देशपांडे द्वारा विश्वविद्यालय के कलामंडपम सभागार में शास्त्रीय गायन की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, सुविख्यात शास्त्रीय गायिका डॉ. अश्विनी भिड़े देशपांडे तथा स्पिक मैके के प्रतिनिधि डॉ. हेमचंद्र पालीवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में शास्त्रीय गायन का शुभारंभ डॉ. अश्विनी भिड़े देशपांडे ने राग तोड़ी एवं मेघ मल्हार में मेघ श्याम घनश्याम की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके पश्चात उन्होंने बनारस घराने की प्रसिद्ध ठुमरी सुंदर सारी मोरी, मइके में मैल भई, का लेके जइबे गवनवा हो रामा प्रस्तुत कर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। उनके साथ हारमोनियम पर डॉ0 विनय मिश्रा, तबला पर विनोद लेले तथा तानपुरा पर अपूर्वा तिवारी ने प्रभावी संगत प्रदान की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रो. सृष्टि माथुर (विभागाध्यक्ष, गायन), डॉ. मनोज कुमार मिश्र (विभागाध्यक्ष, तालवाद्य) एवं ज्ञानेन्द्र दत्त बाजपेयी (विभागाध्यक्ष, नृत्य) सहित शिक्षकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने बताया कि ऐसे प्रसिद्ध कलाकार का विश्वविद्यालय में आगमन ही विद्यार्थियों की प्रेरणा के लिए महत्वपूर्ण है। इनको सुनना विद्यार्थियों के जीवन के लिए यादगार हो जाता है और यह उनके समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# जय-जय दुर्गा माता पर किया मनमोहक कथक नृत्य

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ घराने के महागुरू पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज जी एवं पंडित रामनारायण के परम शिष्य तथा लखनऊ घराने के कथक को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने वाले कथक गुरू, कलाकार तथा कोरियोग्राफर स्वर्गीय पंडित अर्जुन मिश्रा की जयन्ती पंडित अर्जुन मिश्रा जयन्ती 2026) को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में मनाई गयी। जिसमें उनके सुपुत्र पंडित अनुज अर्जुन मिश्रा जो की संगीत नाट्य अकादमी अवार्ड एवं उस्ताद बिस्मिलाह खा अवार्डी है एवं पंडित अनुज अर्जुन मिश्रा एवं प्रान्तिय कथक कलाकारों, अन्य साथी व स्वर्गीय अर्जुन मिश्रा जी के सपुत्र अनुज मिश्रा जी के विदेशो (स्कॉटलैंड, इटली, दुबई) मे रहने वाले भारतीय मूल के शिष्य कलाकारो (नैथली एवं श्वेता) ने भाग लेकर मंच पर आकर्षक नृत्य करके सबका मन मोह लिया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पंडित अनुज अर्जुन मिश्रा जी एवं अनुज मिश्रा कथक अकादमी की ओर से अनेक संरचनाओ का शानदार प्रदर्शन हुआ एवं पंडित अनुज अर्जुन मिश्रा एवं उनकी धर्मपत्नी नेहा सिंह सेंगर जी की कोरियोग्राफी ने सभी दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया।

पंडित अनुज अर्जुन मिश्रा जी एवं उनकी धर्मपत्नी नेहा सिंह सेंगर जी ने अपने शिष्य एवं शिष्याओ के साथ मिलकर बहुत ही शानदार जयन्ती मनाई जिसमें सर्वप्रथम सीनियर और जूनियर छात्रों ने गुरु वंदना से जयन्ती का शुभ आरंभ किया उसके पश्चातपंडित अनुज अर्जुन मिश्रा जी के साथ मिलकर सीनियर छात्रों ने जय जय दुर्गा माता पर मनमोहक कथक नृत्य करके सबका मन मोह लिया, इसके बाद अकादमी के जूनियर छात्रों ने सिया रामचंद्र पर अद्भुत नृत्य किया। तदो उपरांत अकादमी के सीनियर छात्रों एवंम जूनियर छात्रों ने मिलकर अर्जुन मिश्रा जी को याद करके ताल चक्र पर शानदार प्रदर्शन किया। वही अकादमी के शुरूआती छात्रों एवं जूनियर छात्रों ने तराना पर कथक नृत्य करके सभी दर्शको को आश्चर्य चकित कर दिया और अंत में कृष्ण रस पर पंडित अनुज अर्जुन मिश्रा जी एवं उनकी धर्मपत्नी नेहा सिंह सेंगर जो की ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित होने के पश्चात भी उनकी द्वारा निर्देशित नृत्य ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया और तालियों के शोर से पूरा ऑडिटोरियम गूंज गया। कथक नृत्य मे सम्मिलित होने वाले सीनियर छात्रों के नाम-आरती बघेल, विवेक वर्मा, श्रेया वर्मा, प्रेरणा विश्वकर्मा, मैत्री चौहान, वंशिका शर्मा, रुद्राक्षी यादव, अनुप्रिया सिंह, शुभ सिन्हा, यशवी चतुर्वेदी, हर्षाली मौर्य, प्रज्ञानशी पाठक, यशस्वी मिश्रा, नीरज कश्यप, ईशिता सिंह।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद नगीना, जनपद बिजनौर

पत्रांकः-341,/न.पा.परि.नगीना/सार्व. सूचना/2026-27 दिनांक -: 30/07/2026

**सार्वजनिक सूचना**

**विषयः- ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम 2026, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2022, निर्माण एवं विध्वंस (C&B) अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2025 एव अर्बन डवलपमेन्ट उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश सेपटेज मैनेजमेन्ट पॉलिसी 2019 के प्राविधानों के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

मा. उच्चतम न्यायालय एवं भारत सरकार द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (Solid Waste Management) नियम 2026 प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (Plastic Waste Management) नियम 2022 (समय-समय पर किए गए संशोधनो सहित) तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन (Construction & Demolition Waste Management) नियम 2025 के प्राविधानों के अनुपालन में नगर पालिका परिषद नगीना जनपद बिजनौर के सम्पूर्ण नगर क्षेत्र हेतु निम्नलिखित अधिसूचित किया जाता है-

1. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (SWM) नियम 2026 के अनुरूप नगर निकाय की उपविधियॉ (Bye-Laws) सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में प्रभावी होंगी तथा सभी नागरिक, प्रतिष्ठान एवं संस्थान उनका अनुपालन सुनिश्चित करेंगें।
2. प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (PWM) नियम 2022 एवं उसमें समय-समय पर किये गये संसोधन के सभी प्रावधान सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में लागू होंगे, सभी निमार्ता, विक्रेता थोक एवं खुदरा व्यापारियों, संस्थानो एवं नागरिकों द्वारा नियमों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।
3 निर्माण एवं विध्वंस (C&D) अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2025 के अनुसार सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में निर्माण एवं विध्वंस से उत्पन्न मलवे का पृथक संग्रहण, परिवहन, पुनर्चक्रण एवं निस्तारण वैज्ञानिक पद्धति से किया जाएगा। बिना अनुमति सार्वजनिक स्थानों पर मलबा डालना प्रतिबंधित होगा। उक्त नियम सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में लागू होंगे।
4. अर्बन डवलपमेन्ट उत्तर प्रदेश सेपटेज मैनेजमेन्ट पॉलिसी 2019 फीकल स्लज एवं अन्य अपशिष्ट का वैज्ञानिक निपटारन सुनिश्चित करेगें ।

उपरोक्त नियमों के उल्लंघन की स्थिति में सम्बन्धित नियमों एवं नगर निकाय की उपविधियों के अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**नगीना**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**नगीना**

संक्षेप

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**जौनपुर** । शाहगंज क्षेत्र के लतीफपुर गांव में गुरुवार तड़के दर्दनाक हादसा हो गया। शौच के लिए रेलवे लाइन की ओर गए एक अधेड़ की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लतीफपुर गांव निवासी 55 वर्षीय फिरतू राजभर सुबह करीब चार बजे शौच के लिए घर से निकले थे। परिजनों के अनुसार, वह गांव के पास स्थित रेलवे लाइन की ओर गए थे। इसी दौरान अचानक वह गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गए। ट्रेन की चपेट में आने से फिरतू राजभर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और परिजनों को सूचना दी। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया।

## युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**जौनपुर**। खेतासराय थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने तथा पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, थाना खेतासराय पर दर्ज मुकदमा का आरोपी गुलशन विन्द पुत्र शोभनाथ विंद, निवासी चकमारुफपुर, थाना खेतासराय को रेलवे स्टेशन खेतासराय से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज है।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया।

## एबीसी सेंटर के लिए भूमि चिह्नांकन में तेजी

**सोनभद्र**। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं वंदन योजना के सम्बन्ध में जनपद के समस्त नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन के निदेशानुसार एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटर की स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि के चिन्हांकन पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नगरीय निकायों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वन्दन योजना के अन्तर्गत चुर्क नगर पंचायत में शीतला माता मन्दिर पर अवस्थापना सुविधायें एवं सौन्दर्यीकरण कराने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने हेतु जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किये। जिलाधिकारी ने प्रस्तुत प्रस्तावों का परीक्षण करते हुए उपयुक्त एवं जनहितकारी कार्यों को स्वीकृति प्रदान की तथा जो प्रस्ताव योजना की गाइडलाइन के अनुरूप नहीं पाए गए, उनके स्थान पर नियमों के अनुरूप अन्य जनोपयोगी कार्यों के प्रस्ताव दो दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि योजनाओं के अंतर्गत ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिनसे नगरों की उपयोगिता, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं तथा सौंदर्यीकरण में प्रभावी वृद्धि हो और आमजन को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना का क्रियान्वयन गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

# विंध्य क्षेत्र में विकसित होगा विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन

## लगभग 48 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की समीक्षा




**मीरजापुर**। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को पर्यटन, संस्कृति और धर्मार्थ कार्य विभाग की प्रस्तावित व निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए धार्मिक स्थलों के समग्र विकास, पर्यटक सुविधाओं के विस्तार और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 48 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की 18 पर्यटन परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राज्यमंत्री समाज कल्याण संजीव गौड़, उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहन लाल श्रीमाली, विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक चुनार अनुराग सिंह, विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्या, विधायक छानबे रिंकी कोल, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, विधायक ज्ञानपुर विपुल दूबे, जिलाध्यक्ष भाजपा लाल बहादुर सरोज, जिलाध्यक्ष अपना दल (एस) इंजीनियर राम लौटन बिन्द, मण्डलायुक्त राजेश प्रकाश, डीएम पवन कुमार गंगवार बैठक में उपस्थित रहें तथा डीएम सोनभद्र व भदोही जूम माध्यम से बैठक में शामिल रहें। मिजार्पुर मंडल के लिए प्रस्तावित इन 18 पर्यटन परियोजनाओं में मिजार्पुर की 15, भदोही की 2 और सोनभद्र की 1 परियोजना शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर बुनियादी पर्यटन सुविधाओं का विकास कर श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर अनुभव उपलब्ध कराना है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटन विकास कार्य संबंधित स्थलों की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि एक करोड़ रुपये तक की परियोजनाओं को नवंबर 2026 तक और डेढ़ करोड़ तक की परियोजनाओं को छह माह के भीतर पूरा किया जाए। मिजार्पुर जनपद में सबसे अधिक 15 पर्यटन विकास प्रस्तावों की समीक्षा की गई। इनमें मिजार्पुर विधानसभा क्षेत्र के प्राचीन भगवान शंकर मंदिर, चुनार के शिव मंदिर व विंध्याचल क्षेत्र के शिवपुर स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण व बुनियादी पर्यटन सुविधाओं के विकास के प्रस्ताव शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## कंटेनर ने घर में सो रहे पिता-पुत्र को रौंदा, दोनों की मौके पर मौत

जिला संवाददाता (vol)

**मीरजापुर**। विंध्याचल थाना क्षेत्र अंतर्गत गैपुरा में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में अनियंत्रित कंटेनर सड़क किनारे सो रहे पिता-पुत्र को रौंदते हुए मकान में जा घुसा। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों का आरोप है कि डिवाइडर पर इंडिकेटर व पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण यह हादसा हुआ। सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार, 30 जुलाई 2026 को भोर में तकरीबन 3 बजे थाना विन्ध्याचल के पुलिस चौकी गैपुरा क्षेत्रान्तर्गत कलना गहरवार के पास प्रयागराज की तरफ से आ रहे सीमेंट कंटेनर के अनियंत्रित होकर घर में घुस कर पलट जाने के कारण चारपाई पर सो रहे शिव प्रसाद गुप्ता (45 वर्ष) पुत्र गंगा प्रसाद गुप्ता निवासी कलना गहरवार थाना विन्ध्याचल की मौके ही मृत्यु हो गयी जबकि उनका पुत्र रोहित (13 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घायल रोहित उपरोक्त को इलाज के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मृत्यु हो गयी।

थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा दोनों मृतको के शवों को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया तथा परिजन द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर तथा सम्बन्धित वाहन को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा है। मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर, उपजिलाधिकारी सदर मय पर्याप्त पुलिस बल के साथ मौजूद है। वहीं दूसरी ओर दुर्घटना के बाद मौके पर सैकड़ों की संख्या में जुटे ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए मौके पर आस-पास के थानों की पुलिस फोर्स बुला लिया गया था वहीं हादसे की खबर होने पर मौके पर पहुंचे राष्ट्रवादी मंच के संयोजक मनोज श्रीवास्तव ने मृतक के परिजनों को धैर्य बंधाते हुए उनके साथ खड़े होने का आश्वासन देते हुए मृतक परिवार को जिला प्रशासन द्वारा 50 लाख का मुआवजा मिले तथा क्षतिग्रस्त मकान का अभिलम्ब निर्माण कराये जाने की मांग करते हुए आक्रोशित लोगों को शांत कराने में जुटे रहे हैं।

## हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा शिवालय



**आजमगढ़**। देवों के देव महादेव की भक्ति के माह सावन का पहले दिन गुरुवार को नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिवालय हर-हर महादेव के जयकारे से गूंज उठे। सभी शिवालयों में सुरक्षा के लिए वालेंटियरों के साथ पुलिस तैनाती रही। जबकि प्रमुख शिवालयों पर सीसीटीवी कैमरे से अराजकतत्वों पर निगरानी भी की जा रही है। सावन माह में भगवान शिव के अराध्य का बड़ा महत्व है। इसका वर्णन शिव महापुराणों में भी किया गया है। पूरे सावन माह में शिव की पूजा-अर्चन के साथ ही जलाभिषेक होता है। कथा-पूजन, हरिकीर्तन के अलावा रूद्राभिषेक भी श्रद्धालु करते हैं। सावन के पहले दिन शिवालयों पर पूजन-अर्चन व जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का आने का क्रम अलसुबह से ही शुरू हो गया है। मंदिरों पर घंटा-घड़ियाल, बम-बम भोले के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठता है। मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने के मद्देनजर मंदिर के व्यवस्थापकों द्वारा सभी प्रमुख मंदिरों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एक दिन पूर्व ही बास-बल्ली व रस्सा बांधकर बैरिकेडिंग कर दी गयी है। इसी के साथ ही सुरक्षा के लिए पुलिस फोर्स के अलावा वालेंटियर भी लगाए गए हैं। नगर से सटे भंवरनाथ मंदिर समेत प्रमुख मंदिरों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

## मंदिरों में सुरक्षा व स्वच्छता को लेकर सौंपा पत्रक

**आजमगढ़**। भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष हरिबंश मिश्र ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपकर सावन माह में जिले के सभी मंदिरों में सुरक्षा, स्वच्छता और प्रसाद वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि बाबा भोलेनाथ सहित सभी प्रमुख मंदिरों में प्रसाद की दुकानों पर कार्यरत कर्मचारियों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित कराई जाए तथा मंदिर परिसरों में साफ-सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। साथ ही मंदिरों में लगे सीसीटीवी कैमरों को प्रशासन के नियंत्रण कक्ष से जोड़ने की भी मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि जिले में हिंदू देवी-देवताओं के नाम से संचालित दुकानों की जांच कराई जाए। यदि कोई गैर-हिंदू व्यक्ति ऐसे नामों से दुकान संचालित कर रहा हो तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि धार्मिक भावनाएं आहत न हों। इसके अलावा सड़क किनारे संचालित मुर्गा, मीट और मछली की दुकानों को हटाने की भी मांग की गई है। हरिबंश मिश्र ने प्रशासन से इन सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## नदी में बहता मिला युवक का शव

**आजमगढ़**। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के नीबी खुर्द गांव में बृहस्पतिवार दोपहर तमसा नदी में एक अज्ञात युवक का शव बहता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मुबारकपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार, नीबी खुर्द गांव स्थित तमसा नदी के घाट पर ग्रामीण स्नान करने और समीप स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान लोगों की नजर नदी के पानी में बह रहे एक युवक के शव पर पड़ी। शव दिखाई देते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घाट पर एकत्र हो गए। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही मुबारकपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने मौके पर आवश्यक जांच-पड़ताल की। तलाशी के दौरान मृतक के गले में एक लॉकेट बरामद हुआ, जिसे पहचान का महत्वपूर्ण सुराग मानते हुए पुलिस जांच में जुटी है। हालांकि आसपास के लोगों से पूछताछ के बावजूद शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। थाना प्रभारी निरीक्षक शशि चंद चैधरी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतक की उम्र लगभग 32 वर्ष प्रतीत हो रही है। उसके शरीर पर गुलाबी रंग की टी-शर्ट तथा काले रंग का बरमूडा (नेकर) था। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम एवं पहचान की कार्रवाई के लिए जिला मर्चरी हाउस भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मृतक की पहचान कराने के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों को सूचना दी जा रही है। साथ ही गुमशुदगी के मामलों का मिलान भी कराया जा रहा है। शव की पहचान होने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

## पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनायें



**जौनपुर**। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि वृक्ष लगाना केवल पर्यावरण की रक्षा का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए एक व्यापक जनआंदोलन का रूप दिया है ।डॉ. सिंह ने गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप में आई०आई०ए० औद्योगिक क्षेत्र, सतहरिया । द्वारा में आयोजित वृक्षारोपण में सहभागिता की। कार्यक्रम का संयोजन उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वाराणसी द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित एमकेडी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों एवं सुरक्षा बलों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति यदि एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करे, तो पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य अधिक प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकता है ।कार्यक्रम में वन विभाग, के एसडीओ हरिओम श्रीवास्तव, सरफराज अहमद, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, के क्षेत्रीय अधिकारी रोहित कुमार तथा आई०आई०ए०, के अध्यक्ष श्री बृजेश यादव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# चेयरमैन ने बच्चों में पौधे बांटे पर्यावरण के प्रति जागरूक किया

- वृक्षों के अभाव से होने वाले दुष्प्रभावों को आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया

जिला संवाददाता (vol)



**दुद्धी**। पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरुवार को स्थानीय डीएलसी पब्लिक स्कूल में एक पेड़ नाम के नाम शीर्षक से पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों की महत्ता, पौधों की अंधाधुंध कटाई रोकने तथा वृक्षों के अभाव से होने वाले दुष्प्रभावों को आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन ने बच्चों द्वारा बनाई पोस्टर की प्रशंसा करते हुए बच्चों से संवाद के क्रम में कहा कि बदलता मौसम, बढ़ती गर्मी और अनियमित वर्षा का प्रमुख कारण तेजी से हो रही वृक्षों की कटाई है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि विद्यालय से दिए जा रहे पौधों को अपने घर ले जाकर स्वयं रोपित करें तथा नियमित रूप से उनकी देखभाल और सिंचाई करें, ताकि वे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें। उन्होंने कहा कि जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन हमें पेड़-पौधों से ही प्राप्त होती है, इसलिए उनकी रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है ।कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेशमोहन, सभासद प्रेमनारायण सिंह तथा विद्यालय प्रबंधक श्रवण कुमार ने संयुक्त रूप से स्कूली बच्चों को 300 से अधिक पौधों का वितरण किया ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामानुज दूबे, गोविंद मिश्रा, बाल्मीकि द्विवेदी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सावन के पहले दिन शिवालयों में भारी भीड़



**जौनपुर**। जौनपुर जिले में श्रावण मास के पावन अवसर पर गुरुवार को शिवालयों में आस्था का सैलाब देखने को मिला। बक्शा थाना क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक सारनाथ महादेव मंदिर, त्रिलोचन महादेव धाम जलालपुर , और करसूलनाथ गौरीषंकर धाम सुजानगंज, पातालनाथ महादेव, गोमतेष्वर महादेव केराकत, पांचो ष्विाला पुरानी बाजार, आदि विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करने और आशीर्वाद लेने के लिए कतारों में खड़े नजर आए। सारनाथ महादेव मंदिर में स्थिति यह थी कि दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार मंदिर परिसर से बाहर तक करीब 200 मीटर लंबी हो गई थी। श्रद्धालु गंगाजल, बेलपत्र और पूजा सामग्री लेकर श्हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ अपनी बारी का इंतजार करते रहे। मंदिर में उमड़ी इस भीड़ ने प्रशासन की तैयारियों की परीक्षा भी ली। बदलापुर रू क्षेत्र के प्राचीन गौरीशंकर धाम चंदापुर, चैरेश्वरनाथ धाम छंगापुर, भगवान दूधनाथ धाम दुगौली खुर्द, कवंचलनाथ मंदिर दाउदपुर सहित सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही। धमार्पुर रू धमार्पुर बाजार स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर में भी भारी भीड़ रही। बताया गया कि सावन शुरू होते ही भक्तों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। फिलहाल, सावन के पूरे महीने में इन मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहने की उम्मीद है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से सुविधाओं के विस्तार को लेकर की जाने वाली कार्रवाई पर ही अब सभी की निगाहें टिकी हैं, ताकि आस्था के इस महापर्व में भक्तों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

## राहुल का पुतला फूंकना बीजेपी के हताशा को दर्शाता है : कांग्रेस

**मीरजापुर**। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं का पुतला भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में फूंके जाने का आरोप लगाते हुए जिला मुख्यालय पर धरना जारी करते हुए बीजेपी नेताओं को निशाने पर रखा है। कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा नगर के संकट मोचन हनुमान मंदिर तिराहे पर पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में पिछले दिनों लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का व विपक्ष के नेताओं का पुतला भारतीय जनता पार्टी के लोगों द्वारा अभद्रता पूर्ण तरीके से जलाना व उसके साथ दुर्व्यवहार करना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा राहुल गांधी का कुसूर क्या था जो इन लोगों ने इस तरह से उनका पुतला जलाने का काम किया। क्या उनका देश के नौजवान छात्रों के लिए लड़ाई लड़ना, उनका हक दिलाना, पेपर लीक होने के कारण हताश हुए बच्चे जो सुसाइड कर रहे हैं उनके घर परिवार से मिलकर उनको संवेदना व्यक्त करना और पुलिस के बर्बरता पूर्ण कार्रवाई को जनता तक पहुंचाना, उस पर रोक लगाने के लिए सदन में आवाज उठाना अगर यह गलत है तो यह गलती राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी और मिजार्पुर का कार्यकर्ता बार-बार करेगा। वक्ताओं ने कहा जो देश के लिए अच्छा काम करेगा लड़ेगा यह भारतीय जनता पार्टी के लोग उसको बदनाम करने का काम करेंगे। उस पर कीचड़ उछालने का काम करेंगे। तमाम ऐसे लोग पुतला जलाने वाले थे जो अपने मोहल्ले में गलियों में सफाई तक नहीं करवा पाते हैं, ऐसे लोग भी देश के लिए लड़ने वाले जननायक का पुतला जलाने का काम किए हैं हम लोग इसका घोर विरोध करते हैं और यह मांग करते हैं की इन लोगों पर तत्काल मुकदमा लिखा जाए और नहीं तो कांग्रेस का कार्यकर्ता धरना-प्रदर्शन अनशन भी करने के लिए बाध्य होगा।

## दुर्गा माता मंदिर के निर्माण का शुभारंभ



**जौनपुर**। आदिशक्ति संस्था ट्रस्ट द्वारा संचालित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर, सब्जी मंडी में माता रानी के भव्य दरबार निर्माण कार्य प्रारंभ होने के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में बैठकर माता रानी का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर जय माता दी के गगनभेदी जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर दरबार निर्माण कार्य की सफलता एवं जनकल्याण की कामना की। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया ।ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि माता रानी के भव्य दरबार का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने सभी भक्तों से इस पुण्य कार्य में तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की, ताकि मंदिर का भव्य स्वरूप शीघ्र पूर्ण हो सके। अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, महामंत्री दिलीप जायसवाल, मंत्री संतलाल मद्धेशिया, संरक्षक रूद्रेश जायसवाल, उपाध्यक्ष अंकित यादव एवं सुनील यादव, व्यवस्थापक सत्यम गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रियेश गुप्ता रुद्रा सहित ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## अवैध अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग मेहरबान

**जौनपुर** । केराकत तहसील मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक आसपास और केराकत ब्लॉक क्षेत्र के लगभग सभी छोटे-बड़े बाजारों में इन दिनों अवैध अस्पतालों का जाल फैला हुआ है। आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की शह पर ये अस्पताल बेधड़क चल रहे हैं, जहां न सिर्फ मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है, बल्कि उनसे मोटी रकम भी वसूली जा रही है ।स्थानीय लोगों की मानें तो विभागीय साठगांठ के चलते इन अवैध अस्पतालों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। यदि कभी कभार किसी मरीज के साथ कोई ऊंच नींच हो गई और बवाल हो गया तो ही कार्रवाई होती है। आलम यह है कि केराकत बाजार से लेकर ग्रामीण इलाकों की दुकानों और मकानों में बिना किसी वैध लाइसेंस या मानक के अस्पताल खोल दिए गए हैं। इन सेंटरों पर गंभीर मरीजों को भर्ती करने से लेकर अवैध तरीके से प्रसव और एबॉर्शन तक का खेल धड़ल्ले से चल रहा है ।हाल ही में नाउपुर गांव में एक गर्भवती महिला की ऐसे ही एक अवैध अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल पर जमकर हंगामा और बवाल काटा था। तब जाकर प्रशासनिक दबाव में स्वास्थ्य विभाग जागा और आनन-फानन में उस अस्पताल पर सीलिंग व एफआईआर की कार्रवाई की गई।

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यातायात पुलिस लाइन सदर कैण्ट लखनऊ परिसर में विभिन्न प्रकार के (दोपहिया, तिपहिया, चार पहिया व अन्य वाहन) लम्बे समय से निरूद्व/लावारिस खड़े है, जिनकी नीलामी प्रक्रिया प्रशासनिक स्तर पर प्रचलित है। उपरोक्त वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहन को वैधानिक तरीके से अवमुक्त कराने में कोई रूचि नही ली जा रही है। ऐसे वाहन जो लम्बे समय से यातायात पुलिस लाइन परिसर में खड़े है उन वाहन स्वामियों का पता व पहचान हेतु प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक प्रयास किये गये परन्तु वाहन स्वामियों का पता व पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। जिन वाहन स्वामियों की पहचान एवं पता उपलब्ध हो सका है, उन्हे पृथक रूप से नोटिस जारी किया जा चुका है। अतः सम्बन्धित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि वे इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर अपना वाहन नियमानुसार अवमुक्त करा लें, अन्यथा वाहनों की नीलामी नियमानुसार कर दी जायेगी तथा प्राप्त धनराशि राजकीय कोष में जमा कर दी जायेगी। जिसका दायित्व स्वयं वाहन स्वामी का होगा। **सहायक पुलिस आयुक्त, यातायात पुलिस लाइन, कमिश्नरेट लखनऊ।**

## कारगिल विजय दिवस पर तिरंगा रैली

**जौनपुर**। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मुंगरा बादशाहपुर में भव्य कार्यक्रम एवं तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूनम यादव तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य जीत यादव रहीं। कार्यक्रम का नेतृत्व सेवानिवृत्त सैनिक सुशील कुमार पांडे एवं अन्य पूर्व सैनिकों ने किया। इस अवसर पर वीर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा तिरंगा रैली निकाली गई। रैली के दौरान ष्भारत माता की जय, ष्हिंदुस्तान जिंदाबाद और वीर शहीद अमर रहेंष्के नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया। इस अवसर पर समाजसेवी जज सिंह अन्ना, अज्जू भैया, डॉ. विकास पाल, वसंत जैसवारा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और युवा रैली में शामिल हुए।

# राज्यमंत्री ने लाभार्थियों को सौंपी सीएम आवास की चाभी

जिला संवाददाता (vol)



**दुद्धी, सोनभद्र**। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ब्लाक सभागार कक्ष में गुरुवार को लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र / चाभी वितरण कार्यक्रम का आयोजन खंड विकास अधिकारी डॉ जितेंद्र नाथ दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान ब्लाक क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए 77 लाभार्थियों को अतिथियों के द्वारा स्वीकृति पत्र एवं चाबी वितरित की गई।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री जीत सिंह खरवार ने कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। जिसका एक छोटा सा उदारहण मुख्यमंत्री आवास योजना है जिससे आप सभी लाभांवित हो रहे है। प्रत्येक लाभार्थी का पक्का मकान बनवाना प्रधानमंत्री का लक्ष्य है जिसके क्रम में ग्रामीणों के सर्वे उपरांत नए लाभर्थियों के सूची का भी प्रकाशन किया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि 2017 से पूर्व गांव में चूल्हे पर खाना बनता था लेकिन आज उज्वला योजना का लाभ महिलाओं को मिल रहा है।

**लेन-देन को लेकर बीडीओ की चेतावनी, कह दी बड़ी बात -**

खंड विकास अधिकारी ने कहा कि ब्लाक क्षेत्र के रजखड़, झारो, धनौरा, दिघुल सहित 77 लाभार्थियों को आज मुख्यमंत्री आवास की स्वीकृति पत्र / चाभी का वितरण किया गया। जिसमें 51 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं 26 लाभार्थियों को चाभी शामिल है । उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाना हमारी जिम्मेदारी है जिसके लिए गांव गांव में तैनात ब्लाक के कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे है यदि किसी लाभार्थी को लगता है कि उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करने में परेशान किया जा रहा है तो वे सीधे कार्यालय से संपर्क करे ।और किसी तरह का पारितोषिक देने से परहेज करे।

प्रायः सुना जाता है कि शौचालय निर्माण आवास निर्माण या अन्य किसी ब्लाक से जुड़ी योजनाओं के लाभ दिलाने के नाम पर दलाल किस्म के लोग ग्रामीणों को बरगलाते है, उनसे बचे। कार्यक्रम का संचालन बीओ धर्मेंद्र कुमार ने किया। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री मनोज सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन, मंडल अध्यक्ष दीपक शाह, एडीओ पंचायत आशुतोष श्रीवास्तव, राकेश मौर्या, सुरेंद्र कुमार अरुण वर्मा, सहित काफी संख्या में ग्रामीण एवं ब्लाक कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## नाबालिग को फुसलाकर ले जाने वाला गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना जैंत पुलिस ने नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को भी सकुशल बरामद कर लिया है। थाना जैत पुलिस ने गुरुवार मघेरा चैराहा, बाटी रोड की तरफ (जिला मथुरा) से वांछित गौरव खन्ना (पुत्र अजय खन्ना, निवासी मोहल्ला जनकपुरी, थाना सिविल लाइन, जिला मुजफ्फरनगर, उम्र करीब 19 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में पहले मु.अ.सं.-483/2026 के तहत धारा 137(2) बी.एन.एस. दर्ज थी। गिरफ्तारी और साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमे में धारा 64(1)/87/115(2)/352/351(2) बी.एन.एस. एवं 3/4 पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूछताछ और रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। इस सराहनीय कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सोनू कुमार (थाना जैत, मथुरा) उपनिरीक्षक शिव कुमार (थाना जैत, मथुरा) हेड कांस्टेबल 1040 यतेन्द्र सिंह (थाना जैत, मथुरा) कांस्टेबल 1129 सतेन्द्रपाल सिंह (थाना जैत, मथुरा) आरक्षी (रि.का.) 414 सचिन कुमार (थाना जैत, मथुरा) शामिल रहे।

## साधु वेशधारी पर 13 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म का आरोप

**मथुरा।** जनपद के गोवर्धन कस्बे में एक साधु वेशधारी द्वारा नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने और आपत्तिजनक वीडियो बनाने का गंभीर मामला सामने आया है। आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। गोवर्धन थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंदिरा कॉलोनी इलाके में हरिदास (निवासी 24 परगना, पश्चिम बंगाल), जो पिछले कुछ वर्षों से गोवर्धन में रह रहा था। आरोपित बाबा पिछले कुछ महीनों से किराए के मकान में रह रहा था। आरोप है कि उसने एक नाबालिग बालिका को अपने घर बुलाकर उसके कपड़े उतारे, नाजुक अंगों से छेड़छाड़ की और उसके वीडियो बना लिए। विरोध करने पर आरोपी ने उसे डराया-धमकाया और बाद में दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। बालिका ने कुछ दिनों तक डर के कारण यह बात अपने परिजनों से छिपाई, लेकिन बाद में पूरी घटना की जानकारी दी।

## गुरु पूर्णिमा सत्संग मेले का समापन

**मथुरा।** हाईवे स्थित जयगुरुदेव आश्रम में चल रहे तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा सत्संग मेला के अंतिम दिन गुरुवार को राष्ट्रीय उपदेशक सतीश चंद्र वं बाबूराम ने उपदेश दिए। सतीश चंद्र ने बताया कि पिछले युगों में लड़ाइयां गद्दी की नहीं थी। धर्म-अधर्म की लड़ाई थी, जबकि उस समय सभी लोग वैदिक धर्म को मानने वाले थे। यदि ईमानदारी से रामराज्य, सनातन धर्म लाना चाहते हैं तो सबसे पहले धर्म नगरी में मांस, मछली, अंडा, शराब की दुकानों को बंद करवाना पड़ेगा। ऐसे धार्मिक स्थानों पर मांसाहार, मद्यपान व उन्हें बेचना राम, कृष्ण, संतों, महात्माओं के नाम को बदनाम करना है। सत्संग से सुधरा नहीं, ताको बड़ा अभाग पंक्ति का अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग सत्संग सुनकर भी स्वयं में परिवर्तन नहीं लाते हैं वे लोग बड़े अभागे होते हैं।

# दिल्ली-आगरा राजमार्ग पर दो बस आपस में टकरायीं, 13 यात्री घायल



**मथुरा।** आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोसीकलां क्षेत्र के कोटवन कट के समीप गुरुवार शाम करीब चार बजे सवारियां पहले बैठाने की होड़ में एक तेज रफ्तार डग्गामार बस और यूपी रोडवेज की बस आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बसें अनियंत्रित होकर हाइवे से नीचे उतर गईं। गनीमत यह रही कि यूपी रोडवेज की बस पलटने से बच गई, वरना बड़ा जानी नुकसान हो सकता था।

आगरा से ताज डिपो की एक रोडवेज बस करीब 25 से अधिक सवारियों को लेकर दिल्ली की ओर जा रही थी। जब बस कोसीकलां क्षेत्र के कोटवन कट के पास पहुंची, तभी आगरा से गुरुग्राम के राजीव चैक जा रही हरियाणा की एक तेज रफ्तार डग्गामार बस ने आगे निकलने और पहले सवारियां भरने की जल्दबाजी में रोडवेज बस को खतरनाक तरीके से ओवरटेक करने का प्रयास किया। ओवरटेक करते समय दोनों बसें आपस में भिड़ गईं, जिससे चालकों ने वाहनों पर से नियंत्रण खो दिया और दोनों गाड़ियां हाईवे के नीचे जा गिरीं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार के बीच आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए दौड़े। स्थानीय नागरिकों ने बड़ी सूझबूझ दिखाते हुए बसों में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना मिलते ही कोसीकलां थाना प्रभारी कमलेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां 13 गंभीर रूप से घायलों का उपचार चल रहा है। वहीं, मामूली रूप से चोटिल हुए अन्य यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद दूसरे वाहनों से उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

इस भीषण हादसे में घायल हुए यात्रियों में दिल्ली निवासी प्रमोद, अनुसूईया, सोहबा निवासी सतीश, बलदेव निवासी अरुण, टिक्कल, रूबी, आगरा निवासी सोहिल, नूंह पहाड़ी निवासी लक्ष्मी, प्रीति, इमरत, सुभाष, नगला जाट वहीन निवासी श्यामा, शिवरानी शामिल है। सीओ छाता भूषण वर्मा ने बताया कि दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाकर किनारे खड़ा करवा दिया गया है, जिससे मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में तहरीर मिलने पर संबंधित चालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मुड़िया मेले में 1.75 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगायी परिक्रमा

**मथुरा।** श्री गिरिराज जी महाराज की अपार भक्ति और प्रशासनिक मुस्तैदी का एक भव्य उदाहरण पेश करते हुए मथुरा के मुड़िया पूर्णिमा मेले 2026 का सफल समापन हुआ। पिछले छह महीनों की अथक मेहनत और जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा की गई व्यापक तैयारियों के सुखद परिणाम स्वरूप, मेले की अवधि 23 से 30 जुलाई के दौरान, रिकॉर्ड 1 करोड़ 75 लाख श्रद्धालुओं ने श्री गिरिराज जी महाराज की परिक्रमा कर दर्शन लाभ प्राप्त किया। विशेष रूप से, एकादशी और सप्ताहांत के अवकाश के कारण प्रतिदिन लगभग 25-25 लाख श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। इतनी भारी भीड़ के बावजूद, सुरक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, ए.डी.जी. जोन आगरा, मंडलायुक्त आगरा, डी.आई.जी. आगरा परिक्षेत्र, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन की तकनीकी और प्रबंधकीय कुशलता सराहनीय रही। 184 महत्वपूर्ण स्थानों की निगरानी के लिए एक अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम, वॉच टावर और वायरलेस नेटवर्क स्थापित किया गया था। यातायात को सुचारू रखने के लिए। बसों का एकल दिशा (वन-वे) में संचालन और वाहनों के लिए निर्धारित दूरी पर पार्किंग की व्यापक व्यवस्था की गई थी, जिससे यातायात सुचारू बना रहा। स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं के पुख्ता प्रबंधों और श्रद्धालुओं द्वारा नियमों के अनुशासित पालन के कारण, यह भव्य मेला शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस सफल आयोजन की श्रद्धालुओं और प्रशासन दोनों ने परस्पर सराहना की है।

## राजाधिराज के भक्तों ने किये अलौकिक दर्शन

**मथुरा।** पुष्टिमार्ग संप्रदाय के प्रसिद्ध मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में सावन मास के पावन पर्व का हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ हो गया है। सावन के पहले दिन ठाकुर जी महाराज प्राचीन स्वर्ण और रजत हिंडोले में विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन दिए, जिससे पूरा मंदिर परिसर श्रद्धा और उल्लास से गूंज उठा। मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने जानकारी दी कि मंदिर के सभी धार्मिक कार्यक्रमों का निर्धारण मंदिर के गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज (कांकरोली नरेश, तृतीय पीठ) के निर्देशन में किया जाता है।

## धूमधाम से मनाया प्रेस क्लब संरक्षक का जन्मदिवस



**टूंडला।** टूंडला प्रेस क्लब व प्रेस क्लब टूंडला के संरक्षक हेमंत उपाध्याय का जन्मदिवस गुरुवार को क्लब के पत्रकारों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि हेमंत उपाध्याय का पत्रकारिता जगत एवं सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके मार्गदर्शन में प्रेस क्लब लगातार संगठन को मजबूत करने और पत्रकार हितों के लिए कार्य कर रहा है। प्रेस क्लब के संरक्षक पुनीत रावत ने कहा कि हेमंत उपाध्याय का लंबा पत्रकारिता का अनुभव रहा है, उनके अनुभव का प्रेस क्लब को लाभ मिल रहा है, उनके अनुभव से प्रेस क्लब नई ऊंचाइयों को छूएगा, हम उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। संरक्षक राजू उपाध्याय ने कहा कि हेमंत उपाध्याय का अनुभव और मार्गदर्शन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। हम उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं। प्रेस क्लब अध्यक्ष राधेश्याम चौहान ने कहा कि हेमंत उपाध्याय ने सदैव पत्रकारों को एकजुट रखने और संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य किया है। उनका स्नेह और सहयोग हमेशा मिलता रहा है। प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां ने कहा कि हेमंत उपाध्याय जी का सरल स्वभाव पत्रकारों के प्रति समर्पण और संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अनुकरणीय है। उनका मार्गदर्शन आगे भी इसी प्रकार मिलता रहे, यही हमारी शुभकामना है। प्रेस क्लब के सचिव अरुण रावत ने कहा कि हेमंत उपाध्याय जी का जन्मदिवस हम सभी के लिए खुशी का अवसर है। ईश्वर से उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं पत्रकारों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में संरक्षक राजू उपाध्याय, पुनीत रावत, अध्यक्ष राधेश्याम चौहान वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां, उपाध्यक्ष सीपी रावत हितेंद्र यादव सचिव अरुण रावत, कोषाध्यक्ष राष्ट्रदीप जैन, देवेंद्र प्रताप सिंह, विवेक शर्मा, संजय शर्मा, अनिल शर्मा रामपाल सिंह, उपेंद्र यादव जाविद अली अंकित श्रोतिया अनुज रावत, सुनील गर्ग संतोष शर्मा गुलाब सिंह योगेंद्र सिंह, धीरज बघेल, कुलदीप उपाध्याय पत्रकार गण मौजूद रहे।

## स्वयंसेवकों ने किया एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण



**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा वन महोत्सव के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। सभी स्वयंसेवकों को एक पेड़ देकर घर पर लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ वायु तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सभी स्वयंसेवको ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों की सुरक्षा एवं संवर्धन का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया तथा सभी नागरिकों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने की अपील की। एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार जैन एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय, सुरेश पचौरी हरिओम शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, शीरध्वज शर्मा हिमांशु भारद्वाज, दिनेश राय नरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शिव भक्तों ने श्रावण मास के पहले दिन बनाये 1.11 लाख पार्थिव शिवलिंग का किया अभिषेक



**मथुरा।** वृन्दावन श्रावण मास के प्रथम दिन प्रियाकान्तजु मंदिर पर हजारों शिवभक्तों ने ब्रज की माटी से पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर पूजा अर्चना की। देवकीनंदन महाराज के साथ राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के इंद्रेशजी ने रूद्राभिषेक कर विश्व शांति की कामना की। सांयकाल में श्रद्धालुओं ने महाशिवपुराण का श्रवण किया। गुरूवार को छटीकरा मार्ग स्थित प्रियाकान्तजु मंदिर पर श्रद्धालुओं ने ब्रज की मिट्टी से एक लाख पार्थिव शिवलिंग बनाये। शिवभक्तों ने मंत्रौच्चारण के बीच पंचामृत, फल एवं बेलपत्र से पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया। महाशिवपुराण कथा से पूर्व आरएसएस के वरिष्ठ राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इन्द्रेश जी, प्रचारक रूपेशजी, डा. दयालु महाराज एवं मुख्य यजमान ने व्यासपीठ पूजन किया। अपने सम्बोधन में इन्द्रेशजी ने कहा कि सृष्टि के आरम्भ और अंत में शिव ही हैं। उनकी विशेषता है कि वे सभी को प्रेम करते हैं। उन्होने कहा कि हमारे पास दो विकल्प हैं कि किससे प्रेम करना है किससे दूरी बनानी है। लेकिन किसी से नफरत नहीं करनी चाहिये। प्रेम करना इंसान का और नफरत करना शैतान का काम है। बुराई के रास्ते पर चलने वाला खुद बर्बाद होता है और दूसरों को भी बर्बाद करता है।

देवकीनंदन महाराज ने कहा कि शिव न्याय के देवता हैं। सतोगुणी, रजोगुणी हो या तमोगुणी प्राणि जैसा गुण धारण करता है शिव वैसा ही फल प्रदान करते हैं। हमें सद्गुणों को धारण कर जीवन जीना चाहिये। उन्होने कहा कि भगवान की कथा सुनने से प्राणि संभावित पापों से मुक्त हो जाते हैं क्योंकि उनकी बुद्धि भगवान की भक्ति में लग जाती है। मंदिर मीडिया प्रभारी जगदीश वर्मा ने बताया कि शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्यपाल आनंदीबेन पटेल प्रियाकान्तजु मंदिर में आयोजित पार्थिव शिवलिंग अभिषेक, पूजन एवं महाशिव पुराण कथा में भाग लेंगी। वे प्रातः 10.30 पर मंदिर पहुँचेंगी। देवकीनंदन महाराज से भेंट के पश्चात रूद्राभिषेक करेंगी।

## सीडीओ ने की निपुण भारत मिशन के तहत बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा

**फिरोजाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षा विभाग की प्रगति की गहन समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, सीडीओ ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि नामांकन प्रक्रिया में शत-प्रतिशत बच्चों के दाखिले पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। विद्यालयों का निरंतर आकस्मिक निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान जो भी अध्यापक अनुपस्थित पाए जाएं, उनके विरुद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। शिकोहाबाद एवं एका ब्लॉक के विद्यालयों में नामांकन की खराब प्रगति पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। सभी विद्यालयों में पूर्ण रूप से फर्नीचर उपलब्ध होना चाहिए। जर्जर भवनों से शिफ्ट किए गए विद्यालयों में फर्नीचर का प्रयोग अवश्य सुनिश्चित किया जाए। प्राथमिक विद्यालय लड़ीह के निर्माण की खराब गुणवत्ता पर सीडीओ ने सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने निर्माण कार्यदायी संस्था को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए निर्देश दिया कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो संस्था को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। विद्यालयों में दिव्यांग सुलभ शौचालयों के निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर इसे समय सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए। सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों को जमीन पर बैठाकर खाना न खिलाया जाए, उन्हें डाइनिंग टेबल उपयुक्त व्यवस्था पर ही भोजन कराया जाए। विद्युत विभाग को सख्त निर्देश दिए गए कि जिन विद्यालयों के ऊपर से हाई-टेंशन या विद्युत तार गुजर रहे हैं, उन्हें तत्काल हटवाना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित व गरिमापूर्ण वातावरण मिले। नामांकन में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के साथ-साथ विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं और स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाए।

# मुड़िया मेला सकुशल संपन्न



**मथुरा।** राजकीय मुड़िया मेला गोवर्धन आज अपने पारंपरिक और आध्यात्मिक उल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया है। मेले के दौरान देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नागरिक सुरक्षा विभाग (सिविल डिफेंस) के स्वयंसेवकों ने पूरी मुस्तैदी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

डीएम एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा विभाग के विशेष निदेशों के तहत 23 से 30 जुलाई तक चलने वाले इस मेले में सिविल डिफेंस की विशेष ड्यूटी लगाई गई थी। मेला अवधि के दौरान उमड़ने वाली भारी भीड़ और यातायात के भारी दबाव को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन को पूरा सहयोग देने के वास्ते प्रशासनिक अधिकारियों का मार्गदर्शन बेहद महत्वपूर्ण रहा। उप नियंत्रक कश्मीर सिंह, सहायक उप नियंत्रक नीरज श्रीवास्तव, चीफ वार्डन राजीव अग्रवाल, डिप्टी चीफ वार्डन कल्याण दास अग्रवाल, डिविजनल वार्डन भारत भूषण तिवारी, राजेश कुमार मित्तल तथा स्टाफ ऑफिसर दीपक चतुर्वेदी के कुशल निर्देशन में पूरी कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाया गया। वार्डन पोस्ट संख्या-1 के पोस्ट वार्डन एवं मास्टर ट्रेनर इंजीनियर अशोक यादव के नेतृत्व में वार्डन एवं स्वयंसेवकों की टीम मैदान में डटी रही। इन सभी स्वयंसेवकों ने महाराणा प्रताप मंडी चैराहे और अत्यंत व्यस्त गोवर्धन चैराहे पर अपनी सेवाएं दीं। सुबह की भोर से लेकर देर शाम तक ये स्वयंसेवक बिना थके अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद नजर आए। मुड़िया मेले के दौरान सभी वार्डनों और स्वयंसेवकों ने लगातार मुस्तैद रहकर पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, जिससे गोवर्धन की सड़कों पर जाम की स्थिति से बचा जा सका और मेला पूरी तरह व्यवस्थित रहा। भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में घटना नियंत्रक अधिकारी अरविंद चैधरी सहित जिन प्रमुख वार्डनों और स्वयंसेवकों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई, उनमें सतीश चंद्र शर्मा, विकास सोनी, राम कुमार चैहान, हेमंत, जीतेश सैनी, राम सैनी, सोहनलाल, चंद्रशेखर अग्रवाल, श्याम सिंह, रोहित कुशवाह, योगेश कुमार, शुभम कुमार, निवेस्वरी, अनुज, अरुन कुमार, अविनाश कुमार, नरेश अग्रवाल, गोविंद प्रसाद, राम सिंह, नंद किशोर, कौशल किशोर, पंकज गर्ग, विनोद, पंकज कुमार, देवेन्द्र कुमार, विनोद कुमार, जयवीर यादव, गुलशेर, पवन प्रकाश, पंकज धनगर, कन्हैया लाल परिहार, पवन, विशाल कश्यप, पिंकी, शैली अग्रवाल, विवेक, प्रवेश कुमार दीक्षित, राजेन्द्र सैनी, सोनू और नवीन शामिल रहे। इन सभी ने अपनी ड्यूटी को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाया।

## डकैती की योजना बना रहे पांच बदमाश दबोचे

मथुरा। **थाना गोवर्धन पुलिस ने** डकैती की योजना बना रहे पांच अभियुक्तों को अवैध हथियारों व सेंधमारी के उपकरणों सहित गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तमंचा, कारतूस, चाकू समेत अन्य औजार बरामद किए हैं। बुधवार-गुरूवार मध्य रात्रि मथुरा-गोवर्धन रोड स्थित सींचपाल कार्यालय के पास नहर पटरी के निकट सुनसान स्थान पर दबिश देकर पांचों अभियुक्तों को पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में संजय निवासी गोविंदनगर, रोहित निवासी बद्रीनगर, कुन्दन निवासी कामा (डीग, राजस्थान), अनिल निवासी रक्सा (झांसी) तथा गोपाल निवासी नीमगांव थाना गोवर्धन शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस, 02 चाकू, एक सब्बल, प्लास, पेचकस, टॉर्च तथा तलाशी के दौरान 770 रुपये नकद बरामद किए हैं।

## रेलवे बोर्ड अध्यक्ष से मिलीं संध्या गौतम कार्यकाल विस्तार पर दी बधाई

**टूंडला।** क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे की सदस्य संध्या गौतम ने रेल भवन, नई दिल्ली में रेलवे बोर्ड एवं रेल मंत्रालय के अध्यक्ष तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उनके कार्यकाल को 30 सितंबर 2027 तक एक वर्ष के लिए बढ़ाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान संध्या गौतम ने कहा कि सतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में भारतीय रेल ने आधुनिकीकरण, आधारभूत संरचना के विकास और यात्री सुविधाओं के विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भारतीय रेल आगे भी विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगी। बैठक में टूंडला रेलवे स्टेशन के विकास एवं यात्री सुविधाओं के विस्तार पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान सतीश कुमार ने आश्वासन दिया कि स्टेशन के विकास के लिए यदि अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता होगी तो उसे उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि टूंडला रेलवे स्टेशन को देश के प्रमुख एवं आधुनिक रेलवे स्टेशनों में शामिल करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। संध्या गौतम ने रेलवे बोर्ड अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टूंडला रेलवे स्टेशन के विकास से क्षेत्र के लाखों रेल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी नई गति प्राप्त होगी।



## मुड़िया पुनों मेला संपन्न होने के बाद सफाई में जुटे एक हजार कर्मचारी

**मथुरा।** आस्था और श्रद्धा का प्रतीक मुड़िया पुनों मेला इस वर्ष निर्विघ्न और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। पांच दिवसीय मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने गिरिराज जी की सप्तकोसीय परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मेले के दौरान व्यवस्थाएं काफी संतोषजनक रहीं लेकिन मेला समाप्त होते ही अब सफाई व्यवस्था प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। मेला समाप्ति के बाद परिक्रमा मार्ग और गिरिराज जी की तलहटी में भारी मात्रा में कचरा और गंदगी के ढेर लग गए हैं। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने करीब 1000 सफाई कर्मियों की तैनाती कर दी है जो दिन-रात सफाई कार्य में जुटे हुए हैं। गोवर्धन नगर पंचायत के साथ-साथ जनपद की अन्य नगर पंचायतों और जिला पंचायत राज विभाग के कर्मचारी भी अभियान में शामिल हैं। सबसे अधिक परेशानी गिरिराज जी की तलहटी में भंडारा लगाने वालों द्वारा फेंकी गई खाद्य सामग्री से हो रही है। बड़ी मात्रा में बचे हुए भोजन के कारण क्षेत्र में दुर्गंध फैल गई है जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा 21 किलोमीटर लंबी परिक्रमा मार्ग पर प्लास्टिक की बोतलें पॉलिथीन और अन्य कचरा भी बड़ी मात्रा में फैला हुआ है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए युद्ध स्तर पर सफाई अभियान शुरू करा दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द परिक्रमा मार्ग को पूरी तरह स्वच्छ किया जाए। इस बार एक और बड़ी समस्या बारिश न होना रही। सामान्यतः मेला अवधि के आसपास होने वाली बारिश से गंदगी स्वतः कम हो जाती है लेकिन इस बार इंद्रदेव की कृपा न होने से हालात और बिगड़ गए। आसपास के जनपदों में जहां अच्छी बारिश हुई। वहीं मथुरा जनपद में पिछले चार दिनों से एक बूंद भी नहीं गिरी है।

# कृषि अधिकारी ने किया उर्वरक की दुकानों का निरीक्षण

● 5 विक्रेताओं को नोटिस व 3 लाइसेंस निलंबित



**फिरोजाबाद।** डीएम के निदेर्शों के क्रम में जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान द्वारा तहसील सिरसागंज क्षेत्र अंतर्गत उर्वरक की दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उर्वरकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रताप खाद भंडार काठफोरी एवं श्री राधा कृष्ण खाद एवं बीज भंडार सिरसागंज से दो उर्वरक नमूने गृहित किए गए, रेट स्टॉक बोर्ड प्रदर्शित न करने, स्टॉक एवं विक्रय पंजिका अद्यतन ना रखना एवं सही प्रकार से सूचनायें न भरने के कारण कृषक सेवा केंद्र कथफोरी एवं प्रशांत ट्रेडर्स सराय मुरलीधर, राधा कृष्णा बीज एवं खाद भंडार सिरसागंज करिश्मा खाद भंडार सिरसागंज आर.एस खाद भंडार काठफोरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है साथ ही प्रताप खाद भंडार काठफोरी पर बिना पॉस मशीन से विक्रय करने पर प्रबल खाद भंडार सिरसागंज पर स्टॉक दूसरी दुकान मे रखने और स्टॉक विक्रय पंजिका न पाए जाने पर उर्वरक लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किये गए तथा बघेल खाद बीज भंडार काठफोरी द्वारा जाँच टीम को मौके पर देख कर दुकान बंद कर दी गयी जिसके कारण निरिक्षण नहीं किया जा सका जिस कारण से दुकान के लाइसेंस को अग्रिम आदेश तक निलंबित किया गया है।

कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद मे उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है विक्रताओं को किसानों को यूरिया एवं डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों के बारे मे किसानों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया है, विक्रेताओं को रेटबोर्ड स्टॉक बोर्ड स्टॉक विक्री पंजिका अधतन रखने हेतु निर्देशित किया गया संस्तुत मात्रा व जोत वही के अनुसार वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया है। सभी विक्रेताओं को शत प्रतिशत पॉस मशीन के माध्यम से जोत वही और फसल की संस्तुत मात्रा के अनुसार वितरण हेतु निर्देशित किया गया उर्वरकों का वितरण निर्धारित दरों पर किया जाये और टैगिंग ना की जाये' जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी जमाखोरी टैगिंग, ओवररेटिंग अथवा बिना अभिलेख बिक्री जैसी अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा उर्वरक एवं बीज विक्रेताओं की सतत निगरानी की जा रही है तथा भविष्य में भी औचक निरीक्षण की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। जनपद में यूरिया 17685 मीट्रिक टन, डीएपी 6886 मीट्रिक टन एनपीके 3421 मीट्रिक टन, एम-ओ पी 5361 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 1951 मीट्रिक टन उपलब्ध है। उर्वरकों की रैक लगातार जनपद में प्राप्त हो रही हैं तथा किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। आज शिकोहाबाद रेक पर एच यू आर एल कंपनी की यूरिया की रेक प्राप्त हुयी जिसे समितियों और निजी विक्रेताओं को आपूर्ति कराई गयी उन्होंने जनपद के समस्त कृषक भाइयों से अपील की है कि खरीफ फसलों की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक क्रय करें तथा भविष्य के लिए अनावश्यक भंडारण न करें।

## मत्स्य विभाग की योजनाओं के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी, 5 अगस्त तक करें आवेदन

फिरोजाबाद। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न राज्य सेक्टर योजनाओं में आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पहले यह पोर्टल 31 जुलाई 2026 तक खुला था, जिसे अब बढ़ाकर 5 अगस्त 2026 कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम स्थापना योजना निषादराज बोट सब्सिडी योजना, उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत मछली विक्रय हेतु मोपेड विद आइस बॉक्स परियोजना मोती संवर्धन योजना तथा विशिष्ट प्रजाति की मत्स्य हैचरी स्थापना योजना के लिए विभागीय पोर्टल पर 5 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग आवेदन करना होगा। आवेदन से संबंधित आवश्यक अभिलेख एवं विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। पूर्व वर्षों में निरस्त अथवा प्रतीक्षारत आवेदन वाले अभ्यर्थी भी पुनः आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय, कक्ष संख्या 108, प्रथम तल, विकास भवन दबरई, फिरोजाबाद में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क कर सकते हैं।

# स्वास्थ्य सेवा की चुनौतियां

देश की 1.4 करोड़ आबादी के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा कोई ऐसा विषय नहीं है जिसे चुटकियों में या क्षण भर में हल किया जा सकता है। इतने बड़े देश और इतनी विशाल आबादी की चुनौतियां एक दिन में खत्म नहीं होंगी लेकिन अगर प्रयास होते रहें, तो एक दिन अवश्य गंभीर से गंभीर समस्या का समाधान सामने आ जाता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सरकार का प्रयास धीरे-धीरे सफलता की ओर बढ़ रहा है। उच्च और मध्य वर्ग की पहुंच अच्छी चिकित्सा सेवा तक पहले से है और गरीबों के लिए सरकार ने आयुष्मान भारत, ईएसआई जैसी योजनाओं के जरिए इलाज का प्रबंध किया है। लेकिन इसमें और अधिक सुधार की जरूरत है। अच्छी बात यह है कि सरकार दिनोंदिन बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लक्ष्य की ओर बढ़ भी रही है। स्वास्थ्य सेवा की राह में सबसे बड़ी बाधा चिकित्सकों की कमी है। इस कमी को पूरा करने के लिए नये मेडिकल कालेज खोले जा रहे हैं, चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई के लिए अवसर बढ़ाये जा रहे हैं और इलाज के लिए जिला अस्पताल से लेकर नये-नये एम्स भी खोले जा रहे हैं। लेकिन इनमें अभी बहुत चुनौतियां भी हैं। मसलन जो नये एम्स खड़े किए जा रहे हैं, उनमें डॉक्टरों के आधे से अधिक पद खाली पड़े हैं, क्योंकि योग्य और विशेषज्ञ डॉक्टरों का बहुत अभाव है। ऐसे में आगामी 5 सालों में 75,000 मेडिकल सीटों का सृजन महत्वपूर्ण घोषणा है। उनमें से 10,000 सीटें आगामी एक साल में ही सृजित करने का लक्ष्य तय किया गया है, लेकिन यह भी चुनौतीपूर्ण है। विशेषज्ञ और वरिष्ठ चिकित्सक मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर आशंकित हैं। फिलहाल देश में 1.16 लाख मेडिकल सीटें हैं। इसके




साथ ही 200 जिला अस्पतालों में कैंसर के डे-केयर सेंटर स्थापित करने की घोषणा भी बेहद मानवीय है, क्योंकि महानगरों को छोड़ दें, तो दूरदराज और कस्बाई इलाकों में कैंसर जैसी घातक बीमारी की जांच और उसके इलाज की बुनियादी सुविधाएं ही नहीं हैं। कैंसर के विशेषज्ञ डॉक्टर भी बहुत कम हैं। बड़े शहरों में भी कैंसर अस्पतालों में चिकित्सकों की भारी कमी है। कैंसर मरीजों को औसतन मरीज को 7-8 महीने बाद की तारीख दी जाती है। इतने अंतराल में मरीज की बीमारी और घातक हो जाती है। लिहाजा 200 केंद्र खोलने की बात पूर्व में कही थी। लेकिन यह चरणबद्ध होनी चाहिए कि कब, कितने केंद्र खुलेंगे और बाकायदा सुचारू रूप से काम करना शुरू कर देंगे? यह सवाल भी अति महत्वपूर्ण है कि कैंसर केंद्रों का संचालन कैसे किया जाएगा? उनका संचालन निजी भागीदारी के साथ होगा अथवा सरकार के स्तर पर ही तमाम बंदोबस्त किए जाएंगे? निजी अस्पतालों में कैंसर के इलाज की सुविधाएं तो हैं, लेकिन इलाज बेहद महंगा है। आम आदमी इतना पैसा खर्च करने में असमर्थ है। कुछ साल पहले इसी तर्ज पर जिला अस्पतालों में गुर्दा मरीजों के लिए डायलिसिस की सुविधा शुरू की गई थी। उसका फायदा काफी लोगों को मिला, लेकिन डायलिसिस मिशन को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। इसी तरह कैंसर के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा सकती है। मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना लागू तो कर रखी है, लेकिन उसका भी अर्द्धसत्य यह है कि सिर्फ सर्जरी या भर्ती के मामले में ही यह कार्ड मान्य है। इसके तमाम नियम ऐसे हैं जो इलाज के समय आडे आते हैं। आयुष्मान की पात्रता के लिए भी कई शर्तें हैं, लिहाजा उन्हीं को यह सेवा उपलब्ध है, जो बिल्कुल वंचित जमात के हैं। विश्व बैंक के अनुसार, भारत में सरकार 50.2 फीसदी इलाज का ही खर्च उठाती है। शेष 49.8 फीसदी लोग अपनी जेब से ही इलाज कराने को विवश हैं। जाहिर है कि देश की जो आधी आबादी सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा से वंचित है, उनमें गरीबों या निम्न मध्यवर्ग की संख्या सर्वाधिक होगी। इसलिए सरकार को सबके लिए स्वास्थ्य सेवा को सुनिश्चित करने की दिशा में बढ़ना होगा, तभी एक कल्याणकारी राष्ट्र का सपना पूरा होगा।

## विचार

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

-गुरुनानक.

अस्पृश्यता का कोई शास्त्रीय आधार नहीं। परमेश्वर का दरवाजा किसी के लिए बंद नहीं और यदि वह बंद हो जाये तो परमेश्वर, परमेश्वर नहीं।

-बाल गंगाधर तिलक.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

- ड्रायन एडवर्ड.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

-स्वामी रामतीर्थ.

# अमेरिका-सऊदी अरब की परमाणु डील



शाहिद ए चौधरी

अक्टूबर 2023 में ही हमास के हमले के बाद इजराइल ने गजा पर हमला शुरू कर दिया, नतीजतन सऊदी अरब व इजराइल के संबंध सामान्य न हो सके। अब रियाद का कहना है कि वह 'स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य के गठन' के बाद ही इजराइल से संबंध बनायेगा। इससे अमेरिकी-सऊदी अरब समझौता कितना प्रभावित होगा, यह तो समय ही बतायेगा।

अमेरिका के ऊर्जा सचिव क्रिस राइट और सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुल अजीज बिन सलमान ने 22 जुलाई 2026 को नागरिक परमाणु सहयोग समझौते और द्विपक्षीय परमाणु बचाव समझौते पर हस्ताक्षर किये। अमेरिकी ऊर्जा विभाग के अनुसार, यह समझौता दोनों देशों के बीच 30-वर्ष की मल्टी-बिलियन परमाणु पार्टनरशिप की बुनियाद रखेगा। यूएस कम्पनियां रियाद को अपना परमाणु क्षेत्र विकसित करने में मदद करेंगी। लेकिन इसके अगले ही दिन यानी 23 जुलाई 2026 को यूएस के राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि समझौता सऊदी अरब के अब्राहम एकॉर्ड में शामिल होने पर निर्भर करता है, जिसका अर्थ है सऊदी अरब इजरायल के साथ सम्पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करे। इसके बाद वाइट हाउस ने कहा कि 'डील इज ऑफ' (समझौता रद्द समझो) अगर सऊदी अरब एकॉर्ड में शामिल नहीं होता है। ट्रम्प की शर्त से स्पष्ट है कि वह यूएई की तरह सऊदी अरब को भी इजरायल के खेमे में लाना चाहते हैं और ईरान के परमाणु कार्यक्रम के मुकाबले में खाड़ी में अपना परमाणु कार्यक्रम खड़ा करना चाहते हैं। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि वह सऊदी अरब, पाकिस्तान व तुर्की जो मुस्लिम देशों का नाटो जैसा संगठन बनाने का प्रयास कर रहे हैं उसे बेअसर करना चाहते हैं ताकि इजरायल का दबदबा क्षेत्र में कायम रहे। गौरतलब है कि पाकिस्तान की खाड़ी देशों में परमाणु शक्ति होने के कारण ही पैठ है, जिसे वाशिंगटन सीमित करना चाहता है। आगे बढ़ने से पहले संक्षेप में जान लें कि डील में क्या कहा गया है?

अमेरिका से सऊदी अरब नागरिक परमाणु मटेरियल, टेक्नोलॉजी व उपकरण ट्रांसफर किया जायेगा। जब सऊदी अरब अपना परमाणु इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाना शुरू करेगा तो अमेरिकी कम्पनियों को उसमें प्राथमिकता दी जायेगी। द्विपक्षीय बचाव समझौता प्रसार-संवेदनशील क्षेत्रों जैसे संवर्धन, परिवर्तन, ईंधन निर्माण और दोबारा प्रोसेस में अतिरिक्त पुष्टि उपायों पर भी लागू होगा। गौरतलब है कि 2009 में जब अमेरिका व यूएई ने जब नागरिक परमाणु सहयोग समझौते की घोषणा की थी तो अबुधाबी ने वायदा किया था कि अपना बरकाह प्लांट खोलने से पहले वह यूरेनियम




संवर्धन या इस्तेमाल किये गये ईंधन को पुनः प्रोसेस नहीं करेगा। अप्रसार विशेषज्ञों ने परमाणु ऊर्जा के इच्छुक देशों के लिए इस डील को 'गोल्ड स्टैण्डर्ड' माना था। लेकिन अमेरिकी मीडिया के अनुसार अमेरिका-सऊदी अरब समझौते (जिसके पूर्ण टेक्स्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है) में ऐसी कोई जरूरत नहीं है। शुरूआत में परमाणु ईंधन सऊदी अरब को निर्यात किया जायेगा। डील में प्रस्ताव है कि दो वर्ष तक रियाद के लिए संयुक्त रूप से संवर्धन के मूल्य व कमर्शियल व्यवहार्यता का अध्ययन किया जायेगा। अध्ययन में स्थानीय संवर्धन की जरूरत महसूस की जाती है तो अमेरिकी कम्पनियां सऊदी अरब में यूरेनियम संवर्धन ईकाई स्थापित करेंगी व उसका संचालन करेंगी, जिससे समझौते के तहत रियाद को संवेदनशील संवर्धन टेक्नोलॉजी ट्रांसफर होने से रोका जा सकेगा। समझौते के अनुसार सऊदी अरब को इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी के अतिरिक्त प्रोटोकॉल को अपनाने की जरूरत नहीं है, जिसके तहत इंस्पेक्टरों को अनुमति होती है कि वह शोर्ट-नोटिस पर जांच करें कि परमाणु मटेरियल का प्रयोग शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए हो रहा है या नहीं।

**चिंतन**

सवाल यह है कि सऊदी अरब को परमाणु कार्यक्रम क्यों चाहिए? एक दशक पहले सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मुहम्मद बिन सलमान ने कहा था कि रियासत को तेल के प्रति अपने मोह को छोड़ना पड़ेगा। उन्होंने एक विजन डॉक्यूमेंट को प्रोत्साहित किया कि अर्थव्यवस्था को विविध किया जाया और तेल व गैस पर निर्भरता को कम किया जाये। विजन 2030 में पर्यटन को प्रोमोट करना, मेगा प्रोजेक्ट्स का निर्माण करना, टॉप-क्लास वित्तीय सेक्टर विकसित करना और पॉवर-हंगरी एआई डाटा सेंटर निर्मित करना शामिल हैं। इस समय सऊदी अरब बिजली निर्माण के लिए बहुत अधिक तेल व गैस जलाने पर निर्भर है। सऊदी अधिकारी लम्बे समय से यह कहते आ रहे हैं कि जब उनके पास यूरेनियम अयस्क की भरमार है तो क्यों न परमाणु ईंधन से बिजली का उत्पादन किया जाये और आर्थिक विविधता योजना को आगे बढ़ाया जाये। ईरान पर जो यूएस व इजराइल ने बेतुका बेमतलब का युद्ध थोपा व स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद हुआ, सऊदी अरब के तेल उत्पादों को प्रभावित करते हुए, से रियाद में इस ख्याल को अधिक बल मिलने लगा है कि तेल पर निर्भरता को कम किया जाये।

एमबीएस वर्षों से इस प्रयास में थे कि अमेरिका से नागरिक परमाणु समझौता हो। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में उनका प्रतिद्वंदी ईरान अगर परमाणु बम बनाता है तो सऊदी अरब को भी परमाणु बम बनाना पड़ेगा। चूंकि अमेरिका व ईरान के बीच युद्ध चलते ही चला जा रहा है और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता होता हुआ नजर नहीं आ रहा है, इसलिए सऊदी अरब पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है कि अपना परमाणु कार्यक्रम स्थापित करने की योजना को फास्ट-ट्रैक किया जाये। दूसरी ओर अमेरिका के परमाणु उद्योग को इस समझौते से जबरदस्त लाभ हो सकता है। वैसे इस समय जब सऊदी अरब पर ईरान व हुती मिसाइल व ड्रोन से हमले कर रहे हैं तो ट्रम्प रियाद को आश्वासन देना चाहते हैं कि अमेरिका से पार्टनरशिप में ही उसका रक्षा व भलाई है, यह अलग बाद है कि अभी तक अमेरिका अरब देशों में अपनी बेसों की रक्षा करने में नाकाम रहा है। सोचने की बात यह भी है कि क्या इस समझौते से ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर कोई प्रभाव पड़ेगा? फारस की खाड़ी में अन्य देशों की तुलना में ईरान का परमाणु कार्यक्रम अधिक विकसित व आधुनिक है। ईरान ने एडवांस्ड सेंट्रीफ्यूज बनाये हुए हैं और टेक्नोलॉजी को इतना विकसित कर लिया है कि वह यूरेनियम का संवर्धन हथियार-ग्रेड शुद्धता तक कर सकता है। ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बताता है, जबकि अमेरिका व इजराइल का आरोप है कि तेहरान के पास गोपनीय हथियार कार्यक्रम है। वैसे अनेक जांचों के बाद भी यह साबित नहीं हो सका है कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने की क्षमता है या परमाणु बम बनाने का उसका इरादा है।

क्या समझौता अब्राहम एकॉर्ड से जुड़ा हुआ है? जब अमेरिका के ऊर्जा विभाग ने समझौते की घोषणा की थी तो अब्राहम एकॉर्ड का कोई जिक्र नहीं था, जिसके तहत यूएई, बहरीन व मराकश ने 2020 में इजराइल के साथ अपने संबंध सामान्य किये थे, ट्रम्प प्रशासन के पहले कार्यकाल के दौरान। तबसे यूएस की कोशिश रियाद व तेल अवीव के बीच वार्ता कराने की रही है और ये दोनों 2023 में राजनयिक संबंध स्थापित करने के करीब भी आ गये थे। उसी साल अमेरिका ने भारत-मध्य, पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की भी घोषणा की, जिससे भारत का पश्चिमी तट पश्चिम एशिया से होते हुए दक्षिण यूरोप तक जा मिलता। इस गलियारे में सऊदी अरब व इजराइल की मुख्य भूमिका होनी थी। अक्टूबर 2023 में ही हमास के हमले के बाद इजराइल ने गजा पर हमला शुरू कर दिया, नतीजतन सऊदी अरब व इजराइल के संबंध सामान्य न हो सके। अब रियाद का कहना है कि वह 'स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य के गठन' के बाद ही इजराइल से संबंध बनायेगा। इससे अमेरिकी-सऊदी अरब समझौता कितना प्रभावित होगा, यह तो समय ही बतायेगा।

## सोशल मीडिया

बंगाल पुनर्जागरण के महान स्तंभ ईश्वर चंद्र विद्यासागर जी ने शिक्षा को सामाजिक बदलाव का माध्यम बनाया, वर्ण परिचय की रचना कर बांग्ला की वर्णमाला को नया रूप दिया। अमितशाह.



हमारे छात्रों को हर हाल में इंसाफ मिलना चाहिए, उसके साथ हुई बर्बरता की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरनी में एक स्वतंत्र व उच्च स्तरीय समिति द्वारा की जानी चाहिए। राहुल गांधी.



युवाओं के आंदोलन का एक सबक बड़े मीडिया वालों के लिए भी है। मेन स्ट्रीम मीडिया को मेन स्ट्रीट मीडिया बनना होगा, इस आंदोलन ने बड़े-बड़ों की पोजिशन रोटेट कर दी है। अखिलेश यादव



# प्रकृति के साथ चलो

**अंतर्दृष्टि**

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम क्यों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है।

**- वीओएल.**

# तमाम लोग बेहोश हैं...

**व्यंग्यलोक**

साहित्यिक गोष्ठी में जाने का अवसर मिला। गोष्ठी अपने पीक पर थी। मैंने साहित्यकार की कुहनी मारकर कहा आंखें खोलो प्रभू! निर्लज्जता की भी हद होती है। काव्य-मीमांसा के तत्वों की व्याख्या की जा रही है। मेरी बात पर ध्यान न देते हुए साहित्यकार बोला- यार दो-तीन दिन से ठीक तरह से सो नहीं पा रहा-घर में बच्चे सोने नहीं देते। लेकिन साहित्यिक गोष्ठी का तो ख्याल करो। मैंने कहा। ख्याल करके ही तो खर्राटे नहीं ले रहा वर्ना नींद जोरों की आ रही है। फिर आए क्यों थे। सोने के लिए। साहित्यकार फिर निद्रालीन होकर साहित्य से बेखबर हो गया। मैंने फिर कहा- यार सुनो आलोचक जी काव्य मीमांसा में रोचकता की दलील दे रहे हैं। क्या साहित्यिक गोष्ठी में निद्रा लेना खुद गंभीर रोचकता नहीं है। ऐसा करो मित्र साहित्य में क्या कुछ होना है, उसे ध्यान से सुनो तथा जागने पर मुझे बता देना। मेरी खोपड़ी मत चाटो-अपना काम करो। मैं चुप रहा-बगल में देखा तो दीपंकरजी ने भी आंखें ढेर रखी थीं। मैंने दीपंकरजी को हिलाया और चौकस किया। दीपंकरजी उबल पड़े- सोते हो न सोने देते हो साहित्य साहित्य की रट लगा रखी है। भैया चुपचाप सुनो। तुम्हारे हाजमे के लिए यह जरूरी है-मेरे स्वास्थ्य के लिए सोना जरूरी है। मैं ठंड पी गया और सोचने लगा कि साहित्यिक गोष्ठी में क्यों कर आया? आलोचक को देखा तो उसका व्याख्यान जारी था। वह इस बात से बिल्कुल बे-खबर था कि अस्सी प्रतिशत संभागी निद्रा में डूब गए हैं और वे उसकी कोई बात नहीं सुन रहे। मैंने आलोचक से ही कहा-देखिए, भाषण ऐसा दीजिए-ताकि लोग जिन्दे और होश में बने रह सकें। हालात देखिए-तमाम लोग बेहोश हैं। वह मेरी कब सुनने वाला था-उसका व्याख्यान जारी था-कविता की भाषा और उसका मुहावरा अब बदल देना है। उन प्रतीकों से नये कवि को हटना होगा जो कविता को बोदा बनाते हैं। इस अर्थ में काव्यगत वैशिष्ट के लिए स्वयं कवि को सजग रहना चाहिए। हिन्दी कविता में यह समय अत्यन्त हौच-पौच का है-अब कवि और आदमी में फर्क नहीं रह गया है। मेरी राय में कवि को आदमी से अलग होना चाहिए। जहां तक काव्य मीमांसा की शैली और उसके वैविध्य का प्रश्न है-साहित्यकार की उन परिवेशगत सच्चाइयों को समालोचक को देखना चाहिए, जो कविता में उपस्थित नहीं होती। मैं बोर हो गया था-अतः बोला-यदि कविता में सच्चाई है ही नहीं तो वह खोजी कहां से जाए। देखिए आप तनिक साहित्य का ख्याल करके उसे सुपाच्य बनाये रखिए। ऐसा नहीं हो कि इस गरिष्ठता के कारण उपस्थित तमाम साहित्यकार अपना हाजमा ही खराब कर बैठें।



पूरन सरमा

# सावनः जब हर तरफ गूंजती है ओम नम. शिवाय की ध्वनि



धर्म/अध्यात्म

आर.सी.शर्मा

सावन का महीना आते ही प्रकृति मानो शिवमय हो जाती है। वातावरण में हर तरफ ओम नमः शिवाय की ध्वनि गूंजने लगती है। वास्तव में सावन एक महीनाभर नहीं है बल्कि एक समूचा आध्यात्मिक वातावरण है, जिसमें भक्ति, आस्था, संयम और आत्मशुद्धि आपस में घुल-मिल जाते हैं। देश के छोटे-बड़े सभी शिवालयों में इस महीने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है और हर श्रद्धालु अपने आराध्य भोले बाबा का जलाभिषेक कर उनकी कृपा पाने की चाह में रहता है। भगवान शिव और सावन के महीने का गहरा धार्मिक, आध्यात्मिक और पौराणिक संबंध है। माना जाता है कि समुद्र मंथन के समय निकले कालकूट विष को जब भगवान शिव ने लोक कल्याण के लिए अपने कंठ में धारण किया, तब देवताओं ने उन्हें शीतलता प्रदान करने के लिए जल अर्पित किया, तभी से सावन के महीने में शिवलिंग पर जल चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई। वर्षा ऋतु में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध जल और प्रकृति की शीतलता ने इस परंपरा को कहीं अधिक अर्थपूर्ण बना दिया है। शिवलिंग पर जल, दूध, दही, बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित करना केवल धार्मिक अनुष्ठानभर नहीं बल्कि श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक भी है। सावन के प्रत्येक सोमवार को विशेष महत्व दिया जाता है। सोमवार के दिन सुबह तड़के से ही शिव मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लग जाती हैं। कोई अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना लेकर आता है, कोई अपने बेहतर स्वास्थ्य की उम्मीद लेकर पहुंचता है, तो कोई मन की शांति के लिए ही सुबह सवेरे भगवान शिव पर जलाभिषेक के लिए शिवालयों में पहुंचता है।

सावन के महीने में मंदिरों में लगातार बजती घंटियों की मधुर ध्वनि, शंखनाद, रुद्राभिषेक और सामूहिक मंत्रोच्चार समूचे वातावरण को दिव्यता से भर देते हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो पूरा समाज ही कुछ क्षणों के लिए सांसारिक चिंताओं से मुक्त होकर आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ एकाकार हो गया हो। सावन की सबसे आकर्षक परंपराओं में से एक है कांवड यात्रा। देश के विभिन्न भागों से लाखों शिव भक्त गंगाजल लाने के लिए पैदल यात्रा करते हैं। केसरिया कपड़े पहने हुए और 'बोल बम, बोल बम' तथा 'हर-हर महादेव' का अलख लगाते हुए ये कांवड़िये कई-कई सौ किलोमीटर की कठिन यात्रा पूरी करते हैं। वास्तव में यह यात्रा केवल आस्था का प्रदर्शन नहीं है, यह अनुशासन, त्याग और सामूहिकता का अद्भुत उदाहरण भी है। रास्तेभर स्थानीय लोग सेवा शिविर लगाकर कांवड़ियों को भोजन कराते हैं, उनके पानी और चिकित्सा की व्यवस्था करते हैं और यह सब भारतीय समाज की सेवा परंपरा का हिस्सा होता है।

भगवान शिव को भोलनाथ शायद इसीलिए कहा जाता है क्योंकि वे अपने भक्तों की निष्पक्ष भक्ति से शीघ्रता से प्रसन्न हो जाते हैं। उन्हें राजसी वैभव की नहीं बल्कि सच्चे मन से अर्पित एक लोटा जल और कुछ बेलपत्र ही प्रिय हैं। शिव का यह सहज और सरल रूप हमें सिखाता है कि ईश्वर तक पहुंचने के लिए बाहरी आडंबरों की दरकार नहीं है। सिर्फ निर्मल मन और सच्ची श्रद्धा ही जरूरी है। यही कारण है कि समाज के हर वर्ग का व्यक्ति शिव की आराधना में समान रूप से सहभागी होता है। सावन आत्मसंयम का भी महीना है। श्रद्धालु इस महीने में व्रत रखते हैं, सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं, क्रोध, अहंकार और नकारात्मक विचारों से दूर रहने का प्रयास करते हैं। वास्तव में यह समय केवल मंदिर जाकर पूजा करने का नहीं है बल्कि सावन का महीना हमें अपने भीतर मौजूद विकारों के परिमार्जन का भी मौका देने वाला महीना है। शिव का स्वरूप हमें संतुलन का भी संदेश देता है। क्योंकि वे तपस्वी भी हैं, तो गृहस्थ भी। वो संहारक भी हैं और कल्याणकारक भी। शिव के व्यक्तित्व में जीवन के हर पक्ष का अद्भुत सामंजस्य है। इसलिए आज के तेज रफ्तार और तनावपूर्ण जीवन में शिवमय सावन के महीने का आध्यात्मिक संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। जब मनुष्य भौतिक उपलब्धियों के दौर में मानसिक शांति खोने लगता है, तब भगवान शिव उसे भीतर की ओर लौटने की प्रेरणा देते हैं। ओम नमः शिवाय का मंत्र केवल एक धार्मिक उच्चारणभर नहीं है बल्कि मन को स्थिर करने और आत्मिक ऊर्जा जगाने का माध्यम भी है। कुछ क्षणों का ध्यान, प्रार्थना और शिव स्मरण व्यक्ति के भीतर सकारात्मकता का संचार कर सकता है। सावन का महीना सामाजिक समरसता का एक लंबा पर्व है। मंदिरों में जाति, वर्ग, भाषा और क्षेत्र के भेद मिट जाते हैं।

## आपकी बात

### बेरोजगारी चिंताजनक

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

### विकसित भारत का संकल्प

वैश्विक चुनौतियों के बीच यह नये भारत के निर्माण का संकल्प लेने का समय है। नये भारत के निर्माण का संकल्प पूरा करने का यह सबसे उपयुक्त समय है। देश में आर्थिक प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामााजिक विकास, वित्तीय समावेशन, उद्यमिता आदि हर क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहे हैं। गरीबी उन्मूलन में भी बड़ी सफलता मिल रही है। ऐसे एक महान राष्ट्र के निर्माण और भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प पूरा करने के लिए यह जरूरी है देश में गुणी शिक्षा का विकास हरेक स्तर पर हो। प्रत्येक बच्चे को विश्व स्तरीय शिक्षा के दायरे में लाया जाये। दुर्भाग्य से हमारे यहां प्राथमिक स्तर पर सरकारी शिक्षा का जो स्तर है वह बहुत ही सोचनीय है। जब यह सार्वजनिक रूप से विदित है कि 8वीं, 9वीं या कक्षा 10 के छात्र दूसरी कक्षा के हिंदी-अंग्रेजी के पाठ नहीं पढ़ पाते, जोड़, गुणा, भाग या घटाव के चौथी कक्षा के प्रश्न उनको समझ नहीं आते। नवीं, दसवीं के छात्र अंग्रेजी और हिंदी के मूल व्याकरण यानी इज, एम, आर का सही प्रयोग नहीं कर पाते, बीजगणित, ज्यामिति तो दूर की बात, वे गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस में भी भेद नहीं जानते, वह भी तब जब हम शिक्षा प्रसार, विस्तार के लिए करीब दो दशक से गहन प्रयास कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंतन जरूरी हो गया है। दरअसल केन्द्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय और स्वतंत्र एजेंसियों की रिपोर्ट ने शिक्षा व्यवस्था की पोल पट्टी खोल कर रख दी है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट में जिन दो प्रमुख तथ्यों को उजागर किया गया है।

**विनोद कुमार शुक्ल, लखनऊ.**

संक्षेप

## कांवड़ यात्रा को लेकर हुई बैठक, किया गया मार्ग में बदलाव

बांदा। कांवड़ यात्रा को लेकर कांवड़ यात्रा समितियों और व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और रूट डायवर्जन पर विस्तार से चर्चा हुई। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि बैठक में उन कांवड़ियों से बात की गई जो बांदा से बाबा बैजनाथधाम बिहार और चित्रकूटधाम के लिए जाते हैं। सभी श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान पहचानपत्र रखने, जरूरी मोबाइल नंबर सुरक्षित रखने और पुलिस के जारी दिशा-निर्देशों के पालन की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि सावन के सोमवार को जलाभिषेक के चलते शनिवार व रविवार को कांवड़ यात्रियों की संख्या अधिक रहती है। इसे देखते हुए बांदा-अतर्रा-बदौसा व चित्रकूट मार्ग को कांवड़ यात्रियों के लिए समर्पित डेडिकेडेट रूट बनाया गया है। इस दौरान इस मार्ग पर अन्य बड़े व छोटे वाहन के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित बनी रहे। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि बांदा से चित्रकूट जाना हो तो बिसंडा-पहाड़ीमार्ग अथवा बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से यात्रा करें।

# गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धा का उमड़ा सैलाब

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर एवं श्रीसिद्धपीठ चंडी धाम सहित नगर व जनपद के मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। दोनों मंदिरों में सुबह से ही गुरु पूजन, अभिषेक, हवन-पूजन और आशीर्वाद कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने गुरुओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर स्थित श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर में सुबह भगवान का विधि-विधान से अभिषेक, पूजन एवं

- श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर और श्रीसिद्धपीठ चंडी एवं राम जानकी बड़ा मंदिर में हुए भव्य धार्मिक आयोजन
- जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों व हजारों श्रद्धालुओं ने लिया

प्रभात दर्शन संपन्न हुआ। इसके बाद पूज्य जगद्गुरु डा.राजेंद्र दास देवाचार्यजी महाराज का भक्तों ने पादुका पूजन एवं गुरु पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महंत गंगादास महाराज ने कहा कि गुरु के बिना जीवन अधूरा है।

गुरु ही मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। श्रेष्ठ जीवन, उत्तम संस्कार और आध्यात्मिक उन्नति गुरु के मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि गुरु का स्थान जीवन में सर्वोच्च है और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही मानव जीवन सफल एवं सार्थक बन सकता है। समारोह में महंत रामबालक दासजी लिटौरिया सहित अनेक संत उपस्थित रहे। उधर श्रीसिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम में भी गुरु पूर्णिमा का पर्व पूरे धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। प्रातःकाल परमपूज्य अनंतविभूषित चंडीपीठाधीश्वराचार्य महामंडलेश्वर स्वामी चन्द्रेश्वर गिरि महाराज ने गुरु मूर्तियों का महाभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद शिष्यों ने उनका गुरु पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी चन्द्रेश्वर गिरि महाराज ने कहा कि संतों का सत्संग मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है। वहीं राजघाट स्थित रामजानकी बड़ा मंदिर में गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरू जी महाराज ने कहा कि सत्संग से मिलने वाला आनंद बैकुण्ठ के सुख से भी श्रेष्ठ माना गया है। सत्संग व्यक्ति के चरित्र को संवारता है और उसे अपने वास्तविक कर्तव्य का बोध कराता है। उन्होंने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महर्षि वेदव्यास के जीवन का वर्णन किया तथा बताया कि चारों वेदों के विभाजन, महाभारत, अठारह पुराण और ब्रह्मसूत्र की रचना करने वाले महर्षि वेदव्यास के सम्मान में ही गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है।

# प्लाट बेचने के नाम पर 8 लाख रुपये हड़पे, चार पर केस दर्ज

**ललितपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में जमीन बेचने के नाम पर 8 लाख रुपए लेने, बाद में बैनामा न करने तथा रुपये वापस मांगने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पहले पुलिस स्तर पर कार्रवाई न होने के बाद सीजेएम के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ बीएनएस और एससी/एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जेल चौराहा घुसयाना निवासी निखिल कुमार पुत्र सुरेश बाल्मीकि ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 1 दिसंबर 2025 को उनके परिचित पिसनारीबाग निवासी मनोज कुमार पुत्र शंकरलाल कुशवाहा उनके घर आया और तत्काल 8 लाख रुपए की आवश्यकता बताते हुए आर्थिक मदद मांगी। जब निखिल ने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई तो मनोज ने अपना 60 वाई 80 वर्गफीट का आवासीय प्लॉट बेचने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद मनोज उन्हें तिलयाना मोहल्ला स्थित नहर की पुलिया के पास बने प्लॉट पर ले गया, जहां उसके भाई प्रमोद कुमार, मां रतीबाई और पत्नी सीमा भी मौजूद थे। चारों ने प्लॉट बेचने पर सहमति जताते हुए जल्द बैनामा कराने का भरोसा दिया। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों की बातों पर विश्वास कर 10 दिसंबर 2025 को पीड़ित ने अपने भतीजे अनिकेत के बैंक खाते से दो चेकों के माध्यम से 6 लाख रुपए तथा 2 लाख रुपए नकद देकर कुल 8 लाख रुपए मनोज कुमार को सौंप दिए। अगले दिन 11 दिसंबर को तहसील में बैनामा कराने का समय तय किया गया, लेकिन आरोपी वहां नहीं पहुंचे।

इसके बाद लगातार संपर्क करने पर भी वह टालमटोल करते रहे। आरोप है कि 12 मार्च 2026 को चारों आरोपी उसके घर पहुंचे और साफ शब्दों में रजिस्ट्री कराने से इंकार कर दिया। जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर पहुंचे सुमित और दीपक ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोप लगाया कि घटना के बाद उसने कोतवाली पुलिस तथा एसपी को डाक के माध्यम से शिकायत भेजी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## संत रविदास के आदर्शों को अपनाकर, सशक्त, विकसित समाज का निर्माण संभवः राकेश कर्रा



**बाराबंकी।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पीड़ स्थित अंबेडकर मैदान में कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा वरिष्ठ नेता राकेश वर्मा कर्रा ने संत शिरोमणि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए किया। तथा सामाजिक समरसता, सद्भाव और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कर्रा ने कहा कि संत रविदास का संपूर्ण जीवन समाज में समानता, भाईचारे और मानव सेवा का संदेश देने वाला रहा है। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और भेदभाव मिटाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है कार्यक्रम मे विशेष आकर्षण के रुप मे ग्रामीणो द्वारा अम्बडेकर मैदान मे 5100 दीपों को प्रज्जवलित कर दीपदान किया गया। इसके पश्चात उपस्थित क्षेत्रवासियों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर दीपू रावत, उमेश रावत, गयाप्रसाद गौतम, अरविंद वर्मा, रणजीत वर्मा, बाबूलाल रावत, सुधांशु मिश्रा, ललित मौर्य, बलराम मौर्य, अनिल, कमलेश, अंकज वर्मा मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोकदल पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष रामअचल के नेतृत्व मे जनपद मे विभिन्न समस्याओ को लेकर गन्ना कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुये जिलाधिकारी को सम्बोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। इस मौके पर रालोद जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों को खेती के लिए यूरिया खाद की उपलब्धता एवं उचित मूल्य पर उपलब्ध कराया जाए। जिससे किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े। मुख्य महासचिव दिलीप वर्मा ने कहा कहा कि तहसील नवाबगंज के लखपेड़ा बाग आरएलबी चैराहे से पायनियर स्कूल रोड तक सड़क बहुत जर्जर एवं गड्ढे में तब्दील हो गई है जिसको तत्काल बनवाया जाए और बिजली के खंभों पर लाइटें लगवाई जाये। इस अवसर पर रमेश द्विवेदी, मोहम्मद सईद वारसी, जमील उर रहमान, सतनु वर्मा, सुनील कुमार, भगौती, बंसीलाल, राजेश कुमार, सुधीर सिंह, परशुराम सिंह, रामकुमार रावत, संदीप कुमार सिंह, प्रेमनाथ अवस्थी, महादेव रावत, हनुमान शरण, रामकुमार रावत, ननकऊ, बाबा उमेश चंद्र, प्रमोद कुमार, बंसराज, धर्मराज, मनोज वर्मा, रामप्रताप रावत बदलू, ननकऊ गौतम, अमरजीत, जयकरन, नसरुद्दीन, रामफल, रामदुलारी, कैलाश चंद वर्मा, सतीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

# पाइप लाइन से महीनों से बह रहा हजारों लीटर पानी

**ललितपुर।** विकास खंड महरौनी की ग्राम पंचायत मैंनवार (पोस्ट सौजना) में जल जीवन मिशन नमामि गंगे के तहत बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन कई स्थानों पर पिछले करीब आठ-नौ माह से टूटी पड़ी है। पाइपलाइन से लगातार पानी बहने के कारण हजारों लीटर पेयजल प्रतिदिन

- ग्रामीणों ने जांच और कार्रवाई की उठाई मांग

व्यर्थ हो रहा है, वहीं सड़क पर जलभराव और बड़े-बड़े गडढे बनने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सौजना-जगारा मुख्य मार्ग पर मैंनवार गांव के सामने पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से लंबे समय से पानी सड़क पर बह रहा है। लगातार जलभराव के कारण सड़क जगह-जगह धंस गई है और गहरे गड्ढे बन गए हैं। इन गडढों में कई बार पानी वाले सांप भी दिखाई दिए हैं, जिससे ग्रामीणों, विशेषकर बच्चों और राहगीरों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल 1076 पर कई बार की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद जल जीवन मिशन (नमामि गंगे) के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों ने अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने विभागीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय रहते पाइपलाइन की मरम्मत नहीं कराई गई तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। ग्राम पंचायत मैंनवार निवासी घनश्याम चंदेल ने शासन और जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच करायें।

# नकली चांदी के आभूषण गिरवी रखकर ठगने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** थाना सौजना पुलिस ने नकली चांदी के आभूषण बेचकर और गिरवी रखकर लोगों से ठगी करने वाले तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से

- सौजना पुलिस ने गिरोह का किया भंडाफोड़, तीन जोड़ी पायल व दो कमरबंद बरामद

सफेद गिलट धातु के तीन जोड़ी पायल एवं दो कमरबंद बरामद किए हैं। आरोपियों ने एक ग्रामीण को नकली आभूषण गिरवी रखकर 70 हजार रुपये की ठगी करने की बात भी स्वीकार की है। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ महरौनी अरविंद कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सौजना पुलिस ने थाना में दर्ज मु.अ.सं. 105/2026 धारा 318(4) बीएनएस के वांछित एवं प्रकाश में आए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में ग्राम सड़कौरा निवासी दीपचन्द्र अहिरवार पुत्र छत्ता, पण्डाखेरा निवासी हनुमत अहिरवार पुत्र भदुआ, ग्राम कुआघोषी महरौनी निवासी नारायण सिंह पुत्र भगवत सिंह शामिल हैं।

पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। थाना सौजना क्षेत्र के मजरा निबुआखेड़ा निवासी मुकेश यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ लोगों ने उसे झांसा देकर 70 हजार रुपये में नकली चांदी के आभूषण गिरवी रख दिए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित की। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी एवं मैनुअल सर्विलांस की सहायता से



आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह एक संगठित गिरोह के सदस्य हैं। गिरोह बाहर से सफेद गिलट धातु के पायल, चैन, कमरबंद सहित अन्य नकली आभूषण खरीदकर लाता है और ग्रामीण क्षेत्रों में घूमकर सीधे-सादे लोगों को झूठी कहानियां सुनाकर उन्हें असली चांदी के आभूषण बताकर बेच देता है या गिरवी रख देता है। ठगी से प्राप्त रकम को आपस में बांटकर खर्च कर देते थे। आरोपियों ने स्वीकार किया कि 21 जुलाई 2026 को उन्होंने मुकेश यादव को पैसों की जरूरत का बहाना बनाकर नकली आभूषण 70 हजार रुपये में गिरवी रख दिए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सफेद गिलट धातु के तीन जोड़ी पायल एवं दो कमरबंद बरामद किए हैं, जिन्हें ठगी के लिए इस्तेमाल किया जाता था। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष सुधाकर पाण्डेय, उपनिरीक्षक निखिल मलिक, आरक्षी शुभम दिवाकर, गौरव कुमार, गजेन्द्र सिंह, शौर्य प्रताप तथा महिला आरक्षी सुधा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शिक्षा व्यवस्था, विद्यालयों की साफ सफाई, मिड डे मील समस्याओ को लेकर सयुंक्त किसान संगठनो ने किया प्रदर्शन



**बाराबंकी।** प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था, विद्यालयों की साफ सफाई, मिड डे मील को लेकर संयुक्त किसान संगठनों ने गन्ना कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने किसानो की समस्याओ को सुनते हुये एक सप्ताह के अंदर सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर किसान नेताओ विक्रांत सैनी, के0के यादव, लाल यादव, सुनील यादव, निहाल अहमद ने संयुक्त रुप से संबोधित करते हुए कहा कि जनपद में शिक्षा व्यवस्था जो बिल्कुल बदहाल चल रही है इसके जिम्मेदार विद्यालय के अध्यापक और खंड शिक्षा अधिकारी हैं विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा नहीं दी जा रही। शौचालय के पास गंदगी रहती है। जिस सांप बिच्छू निकाल आते हैं। बरसात के मौसम में बच्चों को डस लेते हैं और जान चली जाती है। और विद्यालयों में मीनू के हिसाब से न दूध, न फल वितरण किया जाता है। प्रदर्शन के दौरान शैल कुमारी, नरेंद्र यादव, कन्हैया लाल रावत, कामता प्रसाद, सुषमा देवी, वीरेंद्र यादव, संजय गुप्ता, मोहम्मद शाहिद, रमेश चंद वर्मा, दिलशाद हुसैन, दीपू यादव, मोनू रस्तोगी, अनीता वर्मा आदि मौजूद रहे।

# हैदरगढ़ तहसील बार नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह



**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन के तत्वाधान मे तहसील हैदरगढ़ बार एसोसिएशन नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान एक-दूसरे को फूल माला पहनाकर बधाई देते हुये तहसील हैदरगढ़ बार नई कार्यकारिणी से अधिवक्ताओं के हित में काम करने की अपील की गई। आज बृहस्पतिवार को जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष रमनलाल द्विवेदी व महामंत्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे बार सभागार मे हैदरगढ़ तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह, महामंत्री संतोष कुमार शुक्ला, वरिष्ठ

- अधिवक्ताओं के अधिकार, मान-सम्मान, सुरक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील

उपाध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रथम देशराज वर्मा, उपाध्यक्ष द्वितीय धर्मेंद्र यादव, संयुक्त मंत्री प्रशासन मित्रसेन वर्मा, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य सुसेंद्र बख्श सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य परमहंस गौतम का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात नवनिर्वाचित हैदरगढ़ बार अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि न्यायिक व्यवस्था में जनता को न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। अधिवक्ताओं का हित केवल एक वर्ग का हित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज और न्याय व्यवस्था का हित है। अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करने और न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाने की हम सबको मिलकर लड़ाई को आगे बढ़ाना होगा।

नवनिर्वाचित हैदरगढ़ बार महामंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि अधिवक्ता समाज को दिशा देते हैं और समाज के लिए महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। नई टीम अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा और समर्पण के साथ करेगी। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन पूर्व उपाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने परिसरो में वकीलों के बैठने के लिये व्यवस्था, साफ पानी और शौचालय की उचित व्यवस्था कराने तथा अधिवक्ताओं के अधिकार, मान-सम्मान और सुरक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की। स्वागत करने वालो मे पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार यादव, प्रणय बाजपेई, कोषाध्यक्ष दौलता कुमारी, अमित सूर्यवंशी, रमाकान्त शुक्ला, पंकज आनन्द वर्मा, रुबी सिंह, नमिता पंकज, सोनू कुमार वर्मा, विजयराज सिंह, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, पूर्णिमा गुप्ता, सांत्वना सिंह वर्मा, रुद्र प्रताप सिंह वर्मा, नितिन सिंह, मुकेश कुमार यादव, अनिता सिंह आदि मौजूद रहे।

# जंगलों में अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर वन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद में सालों से वन व खनिज माफिया जनपद की संपदा को निरन्तर लूट रहे हैं, और जनपद की भूमि को छलनी करते हुये संपदा को उजाड कर धनार्जन कर रहे हैं। तालबेहट वन रेंज के बिगारी वन ब्लॉक में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ वन विभाग द्वारा की गई देर रात की कार्रवाई के दौरान खनन माफियाओं ने दुस्साहस का परिचय देते हुए सरकारी वाहन में ट्रैक्टर-ट्रॉली से

- दो नामजद आरोपियों पर पहले से दर्ज हैं करीब एक दर्जन खनन के मामले, चार अन्य की तलाश जारी
- माफियाओं ने सरकारी वाहन में मारी टक्कर
- ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से हो रहा था अवैध खनन

टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गए। घटना में वन विभाग का सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वनरक्षक की तहरीर पर तालबेहट कोतवाली पुलिस ने दो नामजद आरोपियों सहित छह लोगों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम और बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

वनगुवां बीट प्रभारी एवं वनरक्षक शिवम रावत ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 21 जुलाई 2026 की रात लगभग 10 बजे उन्हें सूचना मिली कि बिगारी वन ब्लॉक के संरक्षित वन क्षेत्र में कुछ लोग अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही वनरक्षक शिवम रावत, सेक्शन प्रभारी एवं वन दारोगा राकेश आनंद तथा वनरक्षक नीरज सिंह सरकारी वाहन संख्या यू.पी. 32 एन.जेड. 8150 से मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम को देखकर खनन में लगे लोग ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर भागने लगे। वन विभाग के अनुसार, भागने के दौरान आरोपियों ने अपनी सोनालिका ट्रैक्टर-ट्रॉली से वन विभाग के सरकारी वाहन में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बावजूद वन अधिकारियों ने मौके पर मौजूद दो आरोपियों की पहचान कर ली, जबकि उनके चार अन्य साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए।

वन विभाग ने जिन दो आरोपियों की पहचान की है, वह ग्राम खांदी के मजरा गनेशपुरा निवासी रवि यादव एवं जयपाल यादव पुत्रगण रमेश यादव हैं। वन विभाग का दावा है कि दोनों आरोपी लंबे समय से अवैध खनन में संलिप्त हैं और उनके विरुद्ध वन भूमि में अवैध खनन से संबंधित करीब 12 प्रकरण पहले से लंबित हैं। विभाग के अनुसार, पूर्व में भी इनका एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किया जा चुका है। आरोप है कि आरोपियों ने वन सीमा को नुकसान पहुंचाते हुए जंगल की भूमि से बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध उत्खनन और परिवहन किया, जिससे वन संपदा और पर्यावरण को क्षति पहुंची। वनरक्षक की तहरीर के आधार पर तालबेहट कोतवाली पुलिस ने रवि यादव, जयपाल यादव तथा चार अज्ञात साथियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26, 41, 42 एवं 63(सी) तथा बीएनएस की धारा 324(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## बंद कमरे में मिला युवक का शव

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला अजीतापुरा में गुरुवार को एक व्यक्ति का शव बंद कमरे के अंदर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा खुलवाकर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नाराहट थानांतर्गत ग्राम उमरिया निवासी 40 वर्षीय रामनरेश पुत्र रामरतन शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो शव कमरे के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए।

# डीएम के निर्देश पर ग्राम पंचायतों में चला विशेष स्वच्छता, झाड़ी कटाई अभियान



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देश एवं मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन के नेतृत्व में जनपद की सभी 15 विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता एवं झाड़ी कटाई अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के मुख्य संपर्क मार्गों, विद्यालय परिसरों, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर

- विद्यालय परिसरों, मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों से हटाई गयीं झाड़ियां

बरसात के कारण उगी झाड़ियों की व्यापक स्तर पर कटाई कराते हुए साफ-सफाई सुनिश्चित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं अन्य विद्यालयों परिसरों तथा उनके आसपास झाड़ियों की कटाई सर्वोच्च प्राथमिकता पर कराई जाए, ताकि विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध हो सके। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों, एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों को निर्देशित करते हुये कहा कि अभियान की नियमित निगरानी कर जहां भी आवश्यकता हो, वहां तत्काल झाड़ियों की कटाई एवं साफ-सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल औपचारिकता न होकर ग्राम पंचायतों में स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुगम वातावरण स्थापित करने का सतत प्रयास है।

# जननी सुरक्षा योजना के लंबित भुगतान शत-प्रतिशत पूर्ण करायेंः सीडीओ



**ललितपुर।** जनपदवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा शासन की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु आज गुरूवार को मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चोहान की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की आयोजित कही गई ।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना की प्रगति खराब पाये जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपनी टीम के साथ रात्रि में

- जखौरा व बिरधा को अक्सर सभी स्वास्थ्य योजनाओं में फिसड्डी रहने पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए सीएमओ को कार्यवाही के निर्देश
- स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा बैठक में सीडीओ ने खराब प्रगति पर जतायी नाराजगी, लापरवाही पर कार्यवाही की दी चेतावनी

पोर्टल पर कार्य कराकर अगले दो दिन के भीतर सभी पात्र लाभार्थियों के खातों में शत-प्रतिशत भुगतान कराना सुनिश्चित करें ।जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान लाभार्थियों के भुगतान में जिला लेखा प्रबंधक स्तर पर सर्वाधिक लंबित प्रकरण पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिन के भीतर सभी लंबित भुगतान लाभार्थियों के बैंक खातों में नहीं किये गए तो सम्बंधित जिला लेखा प्रबंधक के विरुद्ध सेवा से हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में मड़ावरा विकासखण्ड में जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत सबसे कम मात्र 32 प्रतिशत भुगतान पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई, उन्होंने निर्देश दिये कि सम्बंधित अधिकारी अपनी टीम के साथ आज ही जिला मुख्यालय पर रहकर सभी लंबित भुगतान पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ।इसी प्रकार से मुख्य विकास अधिकारी ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की भी समीक्षा की, टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति अपेक्षानुसार खराब पाये जाने पर उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए तथा इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान उन्होंने विकासखण्ड जखौरा व बिरधा को अक्सर सभी स्वास्थ्य योजनाओं में फिसड्डी रहने पर असंतोष व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि वह इन दोनों प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों का दायित्व निर्धारित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें ।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, सीएमएस डॉ गजेन्द्र सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, सीडीपीओ नीरज सिंह, डीपीएम डॉ रजिया फिरोज, सभी एमओआईसी, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने वित्तीय परिणामों में मजबूत वृद्धि की घोषणा की

नई दिल्ली। ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 30 जून, 2026 को समाप्त पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा कंपनी का समेकित राजस्व रुपये 12,548 मिलियन रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के रुपये 11,506 मिलियन की तुलना में 9.1% की वृद्धि दर्शाता है ब्याज, कर, मूल्यह्रास एवं परिशोधन से पूर्व आय रुपये 1,599 मिलियन रही, जो Q1 FY2026 के रुपये 1,520 मिलियन की तुलना में 5.2% अधिक ह कर पश्चात लाभ 0.6% घटकर रुपये 1,066 मिलियन रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह रुपये1,072 मिलियन था ऑटोमोटिव, कंज्यूमर गुड्स और क्विक-कॉमर्स से जुड़े फुलफिलमेंट में अच्छी बढ़त बनी रही। हालांकि, हमारे अलग-अलग तरह के मल्टीमॉडल ऑपरेटिंग मॉडल और पूरे देश में फैले ब्रांच नेटवर्क की वजह से हम इस तिमाही में भी कामकाज में स्थिरता बनाए रखने में कामयाब रहे डीजल और बंकर ईंधन की ऊंची कीमतों के कारण तिमाही के दौरान लागत पर कुछ दबाव पड़ा।

## टोयोटा ने भारत में ऑल न्यू हिलक्स लॉन्च किया

नई दिल्ली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज प्रतिष्ठित ऑल-न्यू हिलक्स के लॉन्च की घोषणा की, जो भारत में अपने एसयूवी पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। टोयोटा की विरासत में शामिल विश्वसनीयता, मजबूती और गुणवत्ता का प्रतीक, नौवीं पीढ़ी की हिलक्स रग्ड ड्यूरेबिलिटी और हमेशा तैयार रहने वाली क्षमता को जोड़ते हुए बहुउद्देशीय परफॉर्मेंस देने के लिए इंजीनियर की गई है।आईएमवी प्लेटफॉर्म पर आधारित, ऑल-न्यू हिलक्स को इस तरह विकसित किया गया है कि यह असाधारण ऑल-राउंड उपयोगिता प्रदान करे। यह हेवी-ड्यूटी कार्यों के लिए बेहद टिकाऊ है, शहरी ड्राइविंग के लिए आरामदायक है और हल्के एडवेंचर के लिए सक्षम है। यह लचीलापन टोयोटा की मोबिलिटी फॉर ऑल की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है, साथ ही अपनी विश्वसनीयता के माध्यम से ग्राहकों के साथ आजीवन संबंधों को गहरा करता है।

## जावा येज्दी ने लॉन्च की नयी येज्दी रेंज 2026

नई दिल्ली। जावा येज्दी मोटरसाइकल्स ने भारत के त्योहारी सीजन से ठीक पहले येज्दी की 2026 रेंज का अनावरण किया है। अनटेम्ड ट्रिनिटी नाम की ये तीन विशेष मोटरसाइकल्स येलो फाल्कन एडवेंचर, रिंग माम्बा रोडस्टर और रेड पैंथर स्क्रैम्बलर येज्दी के निरंतर विकास को दर्शाती हैं, जहां हर नया राइडर्स की असली जरूरतों को पूरा करता है।केरल से शुरू होकर, जहां ओणम के साथ भारत का त्योहारी सीजन शुरू हो रहा है, यह तिकड़ी अब देश भर में उपलब्ध होगी।रेंज में सबसे आगे येलो फाल्कन एडवेंचर है, जिसमें क्रॉस-स्पोक व्हील्स दिए गए हैं। ये पारंपरिक स्पोक व्हील्स की मजबूती के साथ ट्यूबलेस टायरों की सुविधा प्रदान करते हैं, जो राइडर्स द्वारा सबसे ज्यादा मांगी जाने वाली सुविधाओं में से एक थी।येज्दी हमेशा से एक ऐसा ब्रांड रहा है जिसे जितना हमने बनाया है, उतना ही इसके राइडर्स ने भी बनाया है।राइडर्स ने येज्दी को पीढ़ियों से आगे बढ़ाया है, इसे रीस्टोर किया है और इसके आसपास कम्युनिटीज बनाई हैं।

## स्केल विदाउट बाउंडरीस थीम का अनावरण

नई दिल्ली। फोरम का एक दशक पूरा होने पर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में 7 से 10 अक्टूबर, 2026 तक होने वाले इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 के 10वें संस्करण के लिए आधिकारिक थीम स्केल विदाउट बाउंडरीस का अनावरण किया। दुनियाभर से नीति निर्माताओं, उद्योगपतियों, नवप्रवर्तकों, स्टार्टअप्स, निवेशकों और एकेडमिया को 10 वर्षों से एक मंच पर लाने का जश्न मनाते हुए आईएमसी 2026 यह झलक पेश करता है कि किस प्रकार से भारत के डिजिटल पारितंत्र ने वैश्विक डिजिटल परिवर्तन के अगले चरण के लिए दिशा तय करते हुए पिछले एक दशक में प्रगति की।दसवें संस्करण की थीम (स्केल विदाउट बाउंडरीस) ,एक ऐसे भविष्य को संजोती है जहां नवप्रवर्तन किसी भौगोलिक, उद्योग या टेक्नोलॉजी की सीमा में नहीं बंधा है।

# सेंसेक्स में 274 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और दोनों मानक सूचकांक लाभ के साथ बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली और विदेशी पूंजी के प्रवाह से बीएसई सेंसेक्स 274 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 67 अंक का लाभ रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद अंतिम घंटे में लिवाली से तीस शेयर पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 273.55 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 77,928.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 78,007.09 अंक के उच्च स्तर तक गया और 77,440.91 अंक के निचले स्तर तक आया। इस दौरान इसमें 566.18 अंक का उतार-चढ़ाव आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयर वाला निफ्टी भी 66.95 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 24,317.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और पावर ग्रिड के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं अदाणी पोर्ट्स, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फिनसर्व और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर नुकसान में रहे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किए जाने का फैसला पहले से ही अपेक्षित था, लेकिन महंगाई पर नियंत्रण को लेकर उसका सख्त रुख बरकरार रहा। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में तेज वृद्धि से निकट भविष्य में ब्याज दरें बढ़ने की आशंका मजबूत हुई, जिससे वैश्विक निवेशकों में सतर्कता बनी रही। वहीं पश्चिम एशिया में तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ती अस्थिरता ने भी वैश्विक अनिश्चितता बढ़ाई। उन्होंने कहा कि इन वैश्विक चुनौतियों के बावजूद मजबूत घरेलू आर्थिक बुनियाद के कारण स्थानीय शेयर बाजार में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिला। हालांकि विदेशी निवेशकों की मजबूत लिवाली, रुपये में मजबूती और वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के कंपनियों के उत्साहजनक नतीजों से निवेशकों का भरोसा बढ़ा और उन्होंने गिरावट को चुनिंदा खरीदारी के अवसर के रूप में देखा। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.66 प्रतिशत और मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.36 प्रतिशत टूटा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.45 प्रतिशत बढ़कर 91.15 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। यूरोप के प्रमुख बाजार दोपहर के कारोबार में बढ़त में रहे। अमेरिकी बाजार बुधवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए थे।

# रुपया नौ पैसे मजबूत होकर 95.67 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में मजबूती और विदेशी पूंजी के प्रवाह के बीच रुपया बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ नौ पैसे मजबूत होकर 95.67 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, डॉलर में नरमी से भी रुपये को समर्थन मिला। हालांकि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से इसकी तेजी सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.59 पर खुला और कारोबार के दौरान 95.56 से 95.75 के दायरे में कारोबार करता रहा। कारोबार के अंत में यह 95.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे की बढ़त है। बुधवार को रुपया छह पैसे मजबूत होकर 95.76 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इससे पहले 23 जुलाई को 96.73 के स्तर से शुरू होकर चार लगातार सत्रों में यह कुल 97 पैसे चढ़ा था। बाजार की दिशा पर अमेरिका के अग्रिम जीडीपी आंकड़े, मुख्य उपभोक्ता व्यय मूल्य सूचकांक और साप्ताहिक बेरोजगारी दावों के आंकड़ों का असर पड़ सकता है। डॉलर-रुपया हाजिर भाव 95.40 से 96 के दायरे में रह सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.67 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.12 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 90.63 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने की आशंका के बीच कच्चे तेल की कीमतें एक बार फिर 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गई हैं। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 273.55 अंक यानी 0.35 प्रतिशत चढ़कर 77,928.15 अंक पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 66.95 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 24,317.15 अंक पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को शुद्ध रूप से 2,981.87 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने पांचवीं बार ब्याज दर 3.75 प्रतिशत पर स्थिर रखी

लंदन। ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को इस साल पांचवीं बार अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3.75 प्रतिशत पर स्थिर रखने की घोषणा की।

बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीति समिति ने 6-3 के बहुमत से नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला किया। हालांकि, तीन सदस्यों ने ऊर्जा कीमतों में हाल की तेजी को देखते हुए दर को 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर चार प्रतिशत करने की बात कही थी।

ब्रिटिश केंद्रीय बैंक ने कहा कि ऊर्जा कीमतों के झटके का असर अभी अनिश्चित है और आगे की नीति इसी पर निर्भर करेगी कि यह प्रभाव कितना व्यापक और लंबा रहता है। जून में ब्रिटेन की मुद्रास्फीति दर घटकर 2.6 प्रतिशत पर आ गई, जो मई में 2.8 प्रतिशत थी। हालांकि, यह अब भी बैंक ऑफ इंग्लैंड के दो प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर है। इस बीच, अमेरिका-ईरान तनाव के कारण वैश्विक तेल कीमतों में उछाल आया है, जिससे महंगाई पर दबाव बढ़ने की आशंका बनी हुई है। ब्रिटेन के नवनियुक्त प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम की कर और खर्च नीतियों पर भी अर्थशास्त्रियों की नजर है ताकि यह आंका जा सके कि उपभोक्ताओं को राहत देने और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के प्रयास कहीं महंगाई को और न बढ़ा दें।

## सोना 1000 रुपये मजबूत, चांदी 600 रुपये टूटी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। इसकी वजह वैश्विक बाजार में मजबूत रुझानों के बीच आभूषण और फुटकर विक्रेताओं की ओर से ताजा लिवाली है। इससे पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी की कीमत 600 रुपये टूटकर 2,24,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि बुधवार को यह 2,25,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कहा कि आभूषण विक्रेताओं और स्टॉक रखने वालों की मांग बढ़ने से घरेलू सोने की कीमतें थोड़ी बढ़ीं, हालांकि, रुपया मजबूत होने से कीमतों में और बढ़ोतरी सीमित रही। फेडरल रिजर्व की हालिया नीतिगत घोषणा के बाद डॉलर में गिरावट के बीच इस कीमती धातु की मांग बढ़ने से बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में तेजी आई। उन्होंने कहा कि पिछले सत्र में लगभग एक प्रतिशत की गिरावट के बाद डॉलर इंडेक्स 101 के स्तर के आसपास बना रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,071.55 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था और चांदी एक प्रतिशत बढ़कर 58.25 डॉलर प्रति औंस हो गई। हाजिर सोना 4,060 डॉलर प्रति औंस और चांदी 57.5 डॉलर प्रति औंस के आसपास स्थिर बनी हुई है, क्योंकि बाजार में शामिल लोग दिन के उत्तरार्द्ध में आने वाले अमेरिकी व्यक्तिगत खपत खर्च मुद्रास्फीति और बेरोजगारी दावे के आंकड़ों से पहले फेडरल रिजर्व के यथास्थिति बनाए रखने के फैसले को समझ रहे हैं।

## भारत-जर्मनी पनडुब्बी समझौते पर बहुत जल्द होंगे हस्ताक्षर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और जर्मनी के बीच अगली पीढ़ी की पनडुब्बियों की खरीद से जुड़े समझौते पर बहुत जल्द हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

भारत और जर्मनी, भारतीय नौसेना के लिए भारत में निर्मित की जाने वाली अगली पीढ़ी की छह पारंपरिक पनडुब्बियों से जुड़े अनुमानित आठ अरब यूरो (90,000 करोड़ रुपये से अधिक) के प्रोजेक्ट-75आई समझौते को अंतिम रूप दे रहे हैं।

जर्मनी की थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स (टीकेएमएस) और भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के इस समझौते पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद है।

एकरमैन ने यहां संवाददाताओं से कहा, पनडुब्बी समझौते को लेकर मैं बेहद आशान्वित और आश्वस्त हूं कि इस पर बहुत जल्द, शायद अगले महीने हस्ताक्षर हो जाएंगे। भारत-जर्मनी वाणिज्य एवं उद्योग मंडल (आईजीसीसी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं के साथ बातचीत में एकरमैन ने यह बात कही।

# सरकार प्रधानमंत्री पोस्ट विवाद पर सप्ताह भर में मेटा के साथ करेगी नीतिगत, तकनीकी चर्चा

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फेसबुक पोस्ट को अस्थायी रूप से हटाए जाने के मामले में केंद्र सरकार सोशल मीडिया कंपनी मेटा के साथ नीतिगत और तकनीकी मुद्दों पर एक सप्ताह के भीतर चर्चा करेगी। एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सरकार प्रधानमंत्री मोदी की पोस्ट को कुछ देर के लिए हटाने के मामले में मेटा के वैश्विक लोक नीति प्रमुख को तलब कर चुकी है। प्रधानमंत्री ने 23 जुलाई को अपनी पोस्ट में परीक्षा पेपर लीक के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आश्वासन दिया था। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सेमीकंडक्टर सम्मेलन से इतर संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने मेटा से उच्च स्तर पर उपस्थित होकर इस तकनीकी गड़बड़ी के कारणों की विस्तृत जानकारी देने को कहा है। उन्होंने कहा कि वे आकर स्थिति स्पष्ट करेंगे। हम इस मामले में नीतिगत और तकनीकी दोनों स्तर पर समझ बनाना चाहते हैं और भारत की चिंताओं के अनुरूप आवश्यक सुधार चाहते हैं। हमारे कई मुद्दे हैं, जिन्हें हम उनके साथ उठाएंगे। मेरा मानना है कि वे एक सप्ताह के भीतर आएंगे। सूत्रों के मुताबिक, सोशल मीडिया मंच फेसबुक और इंस्टाग्राम का संचालन करने वाली कंपनी मेटा इस घटना पर सरकार को पत्र लिखकर खेद जता चुकी है। इसके साथ ही कंपनी ने अब प्रधानमंत्री और अन्य प्रमुख खातों के लिए अतिरिक्त निगरानी और कड़े सुरक्षा उपाय लागू करने की जानकारी दी है। हालांकि, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कंपनी की शुरुआती सफाई को अपर्याप्त माना था। अब कंपनी ने मंत्रालय को सूचित किया है कि प्रमुख व्यक्तियों के खातों से जुड़े पोस्ट पर बहु-स्तरीय जांच होगी, जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी शामिल रहेगी। सूत्रों ने बताया कि किसी भी निर्णय से पहले कम-से-कम दो वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समीक्षा को अनिवार्य कर दिया गया है। कंपनी ने घटना के कारणों और उसके बाद उठाए गए सुधारात्मक कदमों का भी ब्योरा साझा किया है। मेटा को यह स्पष्ट करना होगा कि यह घटना किन कारणों से हुई। उन्होंने कहा, उन्होंने हमें कारणों के बारे में अपनी समझ बताई है और 28 जुलाई से प्रमुख खातों के लिए नई व्यवस्था लागू करने की जानकारी दी है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने। सूत्रों के मुताबिक, मेटा ने इस स्थिति के लिए अपने स्वचालित एआई कंटेंट फिल्टर में आई तकनीकी गड़बड़ी को जिम्मेदार बताया है। हालांकि, गलती से हटाई गई सामग्री को बाद में बहाल कर दिया गया था।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति बाधित होने की चिंताओं के बीच कच्चातेल वायदा में सुधार

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को कच्चे तेल की कीमतों में शुरुआती गिरावट के बाद तेजी आई और यह 8,224 रुपये प्रति बैरल पर कारोबार करने लगा। ईरान पर अमेरिका के नए हवाई हमलों के बीच वैश्विक मानक में आई तेजी का असर इस पर दिखा, जिससे पश्चिम एशिया से आपूर्ति में रुकावट की चिंताएँ फिर से बढ़ गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का अगस्त माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 110 रुपये या 1.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,224 रुपये प्रति बैरल हो गया।

कच्चे तेल के सितंबर माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 75 रुपये या एक प्रतिशत की तेजी के साथ 7,973 रुपये प्रति बैरल हो गया। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू वायदा बाजार में कच्चे तेल की कीमतें वैश्विक मानक के अनुरूप फिर से बढ़ीं। ईरान पर अमेरिका के नए हवाई हमलों से पश्चिम एशिया से आपूर्ति में रुकावट की चिंताएं फिर से बढ़ गईं, जिससे बाजार में शामिल लोगों ने नये सौदे खरीदने शुरू कर दिये। वैश्विक स्तर पर सितंबर डिलीवरी वाले वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल करीब एक प्रतिशत की तेजी के साथ 85.03 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

## टेक्समैको, टोउएक्स, ट्रिनिटीरेल संयुक्त उपक्रम का लक्ष्य भारत में रेलकार लीजिंग को बढ़ाना

नई दिल्ली। भारत के रेलकार लीजिंग क्षेत्र में 15 वर्षों से अधिक समय से लंबी साझीदारी कर रहीं टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड और टोउएक्स ग्रुप ने ट्रिनिटी इंडस्ट्रीज इंक की अनुषंगी ट्रिनिटीरेल ग्लोबल को टोउएक्स टेक्समैको रेलकार लीजिंग प्राइवेट लिमिटेड (टीटीआरएल) में शामिल कर वृद्धि के एक नए चरण में प्रवेश किया है। इस साझीदारी के विस्तार से भारतीय विनिर्माण व्यापक होगा, करीब दो शताब्दियों की लीजिंग विशेषज्ञता हासिल होगी और उत्तर अमेरिकी रेल इंजीनियरिंग का नेतृत्व एक एकीकृत प्लेटफॉर्म के तले आएगा। टेक्समैको और टोउएक्स प्रत्येक की इस इकाई में 34 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जबकि शेष 32 प्रतिशत हिस्सेदारी ट्रिनिटीरेल के पास होगी।

पेज एक का शेष

### राष्ट्रमंडल खेल

2022 में रजत पदक जीतने वाले 27 वर्षीय श्रीशंकर ने इस बार 8.09 मीटर की सर्वश्रेष्ठ कूद लगाकर एक और रजत पदक अपने नाम किया। श्रीशंकर से पहले इस स्पर्धा में भारत के लिए केवल सुरेश बाबू (पुरुष कांस्य, 1978), अंजू बॉबी जॉर्ज (महिला कांस्य, 2002) और एम प्रजुषा (महिला रजत, 2010) ही पदक जीत पाए थे।

पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा पैरा एथलेटिक्स की फर्राटा प्रतियोगिता है जिसमें एक हाथ में शारीरिक अक्षमता या उसके अभाव वाले खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। इससे शरीर के एक हिस्से की ताकत, गति या समन्वय प्रभावित होता है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में यह भारत का तीसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले मीराबाई चानू ने महिलाओं के 48 किग्रा भारोत्तोलन वर्ग में और शर्मिला धनखड़ ने पैरा एथलेटिक्स की महिलाओं की गोला फेंक एफ57 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। बुधवार के तीन पदकों से भारत के अभी तक खेलों में 15 पदक हो गए हैं जिसमें तीन स्वर्ण, नौ रजत और तीन कांस्य शामिल है। इससे भारत तालिका में आठवें स्थान पर है।

### योगी ने

विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर षोडशोपचार विधि से पूजन-अर्चन किया और देशवासियों के कल्याण, सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री के मंदिर पहुंचते ही श्रद्धालुओं और कावाड़ियों ने उनका हर हर महादेव के उद्घोष से स्वागत किया, जिसका मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार करते हुए प्रत्युत्तर दिया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को गुरु पूर्णिमा पर भी काल भैरव और बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया था। इस अवसर पर विधायक नीलकंठ तिवारी, अवधेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### असलहा लहराकर

दी। इस मौके पर सीएम ने गाजीपुरवासियों से अपील की कि ऐसे जनप्रतिनिधि चुनिए, जो आपकी पैरोकारी कर सकें। ऐसे सांसद नहीं चाहिए, जो अवैध असलहा लाइसेंस बनाने में व्यस्त हों। ऐसे जनप्रतिनिधि नहीं चाहिए जो फर्जी लाइसेंस बनाकर जनता के घरों में डकैती व अवैध कब्जा करने का दुस्साहस करें। सीएम ने कहा कि अब गाजीपुर के स्प्रिचुअल टूरिज्म से जुड़े स्थानों का विकास हो रहा है। लहुरी काशी के रूप में विख्यात गाजीपुर का अलग महत्व है। जो जनपद पौहारी बाबा का आश्रम, भगवान परशुराम, महर्षि जमदग्नि का महत्पूर्ण केंद्र रहा है, वहां माफिया का पनपना शोभा नहीं देता। ये माफिया किसी के नहीं होते। ये समाज का खून चूसते हैं। गरीबों का शोषण, व्यापारियों को भयभीत और बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाते हैं। सीएम ने कहा कि पूर्व विधायक कृष्णानंद राय ने माफिया के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, लेकिन सत्ता के संरक्षण में पल रहे माफिया ने निर्ममता व बर्बरता के साथ कृष्णानंद राय के साथ ही सात युवाओं की हत्या कर दी थी।

### रास में भी

और केंद्र शासित प्रदेशों को त्वरित अदालतें स्थापित करने का निर्देश देने का भी प्रस्ताव है। ये अदालतें आरोपपत्र दाखिल किए जाने के तीन महीने के भीतर मुकदमे की कार्यवाही पूरी करेंगी।

### वंदे मातरम

पर सदन में हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि इस विधेयक के पारित होने के बाद राष्ट्रगीत को वही सम्मान मिलेगा जो राष्ट्रगान को मिलता है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम एक भारत-श्रेष्ठ भारत और विकसित भारत के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने द्रमुक सांसदों की चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि यह विधेयक राष्ट्र गौरव का विधेयक है जो किसी राज्य, किसी व्यक्ति व किसी विचारधारा के खिलाफ नहीं है। इससे पहले द्रमुक सांसदों ने सदन में विधेयक पारित किए जाने का विरोध किया। विधेयक पर निचले सदन में हुई संक्षिप्त चर्चा में भाग लेते हुए द्रमुक सांसद के. कनिमोई ने कड़ा विरोध दर्ज कराया और आरोप लगाया कि सरकार इसके साथ हिंदुत्व के एजेंडे को राष्ट्रीयता के रूप में पेश कर रही है। उन्होंने कहा यह देश के नागरिकों के विरुद्ध है। इस तरह राष्ट्रवाद नहीं थोपा जा सकता। कनिमोई ने विधेयक को संघीय ढांचे के विरुद्ध बताते हुए यह भी कहा कि विभिन्न मुद्दों पर सदन में हंगामे के बीच विधेयक को पारित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने इसे राज्यों के हितों के और धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ बताया।

### सरकार ने ई-20

के साथ परामर्श कर चरणबद्ध एवं वैज्ञानिक तरीके से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि एआरएआई, सियाम, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारतीय पेट्रोलियम संस्थान और वाहन विनिर्माताओं द्वारा किए गए प्रयोगशाला अध्ययन और क्षेत्रीय परीक्षणों से पुष्टि हुई है कि निर्धारित मानकों के तहत ई20 ईंधन का उपयोग सुरक्षित है।

### अमेरिका-ईरान

गए। जॉर्डन की सरकारी समाचार एजेंसी पेट्रा के अनुसार, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इससे पहले, अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने ईरान के खिलाफ बड़े हवाई हमलों की सैन्य कार्वाई पूरी कर ली है। यूएस सेंट्रल कमांड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि दो घंटे से अधिक समय तक चले अभियान के दौरान अमेरिकी सेना ने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के 12 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें सैन्य कमान केंद्र, मिसाइल एवं ड्रोन ठिकाने तथा तटीय निगरानी और रक्षा स्थल शामिल थे। ये हमले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के कुछ घंटे बाद किए गए जिसमें उन्होंने जॉर्डन स्थित अमेरिकी सैनिकों वाले एक सैन्य अड्डे को निशाना बनाए जाने के बाद ईरान पर बहुत कड़ा प्रहार करने का संकल्प जताया था। ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थित केशम द्वीप पर हुए हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए।

### 11,350 ग्राम

पर करीब 4 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। यहां विद्यार्थियों को 20 हजार से अधिक ई-बुक्स, वीडियो लेक्चर, ऑडियो कंटेंट, डिजिटल लर्निंग मॉड्यूल और इंटरैक्टिव क्विज जैसी अध्ययन सामग्री उपलब्ध होगी। योजना का सकारात्मक असर भी दिखने लगा है। मथुरा की अडिंग ग्राम पंचायत की डिजिटल लाइब्रेरी से पढ़ाई करने वाले टिटू शर्मा और मनीष यादव का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक पद पर हुआ है। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि यह योजना ग्रामीण युवाओं को शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। वहीं पंचायती राज निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी ग्रामीण प्रतिभाओं के सपनों को साकार करने का मजबूत माध्यम बन रही है।

## नड्डा ने बंगाल के सांसदों से टीबी उन्मूलन के लिए जन आंदोलन की अगुवाई करने को कहा



नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल के सांसदों से टीबी के खिलाफ जन आंदोलन का नेतृत्व करने का आग्रह किया, जिसमें मजबूत सामुदायिक भागीदारी, शीघ्र पता लगाने और जिला-स्तरीय निगरानी पर जोर दिया गया ताकि भारत को 2030 तक इस बीमारी को खत्म करने के अपने लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिल सके। नड्डा ने यहां विस्तारित संसद भवन एनेक्सी में संसद के मानसून सत्र के मौके पर पश्चिम बंगाल के संसद सदस्यों के साथ टीबी-मुक्त भारत की वकालत करने वाले सांसद शीर्षक से एक बैठक की अध्यक्षता की। उनके साथ केंद्रीय शिक्षा और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार भी शामिल हुए। बैठक में राजनीतिक नेतृत्व और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से टीबी-मुक्त भारत को प्राप्त करने की दिशा में सामूहिक प्रयासों को मजबूत करने के लिए पार्टी लाइन से परे पश्चिम बंगाल के लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों को एक साथ लाया गया। यह बैठक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु और अन्य राज्यों के सांसदों के साथ जागरुकता लाने संबंधी एक शृंखला का हिस्सा थी। नड्डा ने सदस्यों को सूचित किया कि टीबी उन्मूलन में तेजी लाने के लिए सरकार के संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के तहत अन्य राज्यों के सांसदों के साथ भी इसी तरह का परामर्श किया गया है।

### संत रविदास

और अवसर के साथ आगे बढ़ेगा, तभी राष्ट्र सर्वांगीण विकास की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सकेगा। उन्होंने नागरिकों से संत रविदास के आदर्शों को जीवन का हिस्सा बनाकर समरस और भेदभावमुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में कलश शुभारंभ, मंगल और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। समरसता संकल्प कलश यात्रा इसी भावना के साथ प्रदेश के सभी जिलों में पहुंचेगी और संत रविदास के समानता, भाईचारे तथा मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

### असम में

प्रभावित हैं. 28 जुलाई को छह जिलों में 3.32 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित थे। बाढ़ के कारण विस्थापित 16,500 से अधिक लोगों ने 71 राहत शिविरों में शरण ली है. इसके अलावा, 30 राहत वितरण केंद्र के जरिये 72,000 से अधिक लोगों को मदद दी जा रही है। प्रभावित इलाकों में चिकित्सकों और पशु चिकित्सकों की टीम समेत कई एजेंसियां बचाव कार्यों में जुटी रहीं।

### पुनर्वास के

है और इसने भारी तबाही मचाई है। हमारी डबल इंजन सरकार लोगों की परेशानी को कम करने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ऊपरी असम में आई बाढ़ को असामान्य करार देने की मांग की है, साथ ही नुकसान के आकलन और मदद के लिए लचीले नियमों की भी मांग की है। शर्मा ने कहा कि इसमें शिवसागर, चराइदेव, जोरहाट और गोलाघाट के लिए एक खास केंद्रीय सहायता पैकेज की मांग की गई, जिसमें राहत, आवास, अवसंरचना और आजीविका को फिर से बहाल करना शामिल है।

### सॉल्वर बैठाने

आयोजित सीबीटी परीक्षा में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा धन लेकर सामूहिक नकल कराई जा रही है और मूल परीक्षार्थियों की जगह सॉल्वर को बैठाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को एसटीएफ की प्रयागराज इकाई ने परीक्षा केंद्र पर दबिश दी और मूल परीक्षार्थियों के स्थान पर सॉल्वर को परीक्षा देते हुए पाया। प्रधानाचार्य द्वारा उसे परीक्षा प्रभारी नियुक्त किया गया था।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com




# अजिंक्य रहाणे ने क्रिकेट को अलविदा कहा

## भारतीय टीम को टेस्ट श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले सीनियर बल्लेबाज ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

एजेंसी

मुंबई। आस्ट्रेलिया में 2020 . 21 दौरे पर सिताराहीन भारतीय टीम को टेस्ट श्रृंखला में अपनी कप्तानी में ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले भारत के सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को यह कहकर अलविदा कह दिया कि आगे बढने का सही समय आ गया है। भारत के लिये 2013 में पदार्पण करने वाले 38 वर्ष के रहाणे ने 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी20 खेले हैं। वह 2023 में वेस्टइंडीज में टेस्ट श्रृंखला के बाद भारत के लिये नहीं खेले हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल के दौरान भी हालांकि कहा था कि उन्होंने वापसी की उम्मीद छोड़ी नहीं है।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो संदेश में कहा जीवन का सत्य यही है कि हर शुरूआत का एक अंक होता है। जब समय आ जाये तो आपको उसका सम्मान करके आगे बढ जाना चाहिये। मैने बल्लेबाजी में हमेशा टाइमिंग पर भरोसा किया है और मुझे इसका महत्व पता है। उन्होंने कहा मुझे आज लग रहा है कि आगे बढने का सही समय है इसलिये मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और सभी प्रारूपों से विदा ले रहा हूं। रहाणे ने टेस्ट क्रिकेट में 12 शतक और 26 अर्धशतक के साथ 38. 46 की औसत से 5077 रन बनाये। इसके अलावा 90 वनडे में 35 . 26 की औसत से तीन शतक और 24 अर्धशतक के साथ 2962 रन जोड़े। टी20 में उन्होंने 375 रन बनाये हैं। रहाणे के लिये सबसे बड़ी उपलब्धि 2021 का आस्ट्रेलिया दौरा थी जब नियमित कप्तान विराट कोहली की गैर मौजूदगी में उन्होंने सितारों के बिना खेल रही भारतीय टीम की अगुवाई की और तमाम कयासों को धता बताते हुए आस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 2-1 से हराया। एडीलेड में पहला टेस्ट बुरी तरह हारने के बाद कोहली पितृत्व अवकाश पर भारत लौट आये थे।

एडीलेड में भारतीय टीम दूसरी पारी में 36 रन पर आउट हो गई थी। उसके बाद रहाणे ने कप्तानी की और जसप्रीत बुमराह तथा रविंद्र जडेजा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में भी श्रृंखला जीती। दूसरे टेस्ट में रहाणे ने आस्ट्रेलियाई तेज आक्रमण का



डटकर सामना करते हुए 223 गेंद में 112 रन बनाये। भारत ने ब्रिसबेन में चौथा और आखिरी टेस्ट तीन विकेट से जीता। वहीं मेलबर्न टेस्ट आठ विकेट से जीतकर श्रृंखला में बराबरी की थी। रहाणे ने अपने संदेश में कहा शुरूआत में अभ्यास के लिये डोम्बिवली से ट्रेन से सफर करने के दिनों से आज तक मैने खेल को सब कुछ दिया। हर दिन, हर पारी और बल्लेबाजी के हर मौके पर मेरा सपना हमेशा से भारत के लिये खेलने का था।

दुनिया भर में विभिन्न भाषाओं में क्रिकेट कमेंट्री करने वाले रहाणे ने कहा कि वह खेल से जुड़े रहेंगे। उन्होंने कहा मैने हमेशा से एक ही नियम माना है कि अपने से पहले टीम और देश को रखना है। मैने पूरी ईमानदारी से क्रिकेट खेला है। प्रथम श्रेणी क्रिकेटर के तौर पर मेरे पदार्पण से आज तक भारतीय क्रिकेट ने काफी प्रगति की है। मुझे गर्व है कि मैं पिछले 20 साल से इसका हिस्सा रहा हूं।

### अजिंक्य रहाणे : चुपचाप रहकर योगदान देने वाला योद्धा

नयी दिल्ली। यह पांच साल पहले की बात है जब अजिंक्य रहाणे ऑस्ट्रेलिया में कई स्टार खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के कारण कमजोर पड़ी भारतीय टीम को टेस्ट श्रृंखला में अप्रत्याशित टेस्ट जीत दिलाने के बाद मुंबई में अपनी आवासीय सोसायटी में लौटे, तो उनके पड़ोसियों ने कंगारू के आकार के टॉपिंग वाले केक से उनका स्वागत किया। रहाणे ने उसे एक नज़र देखा और केक के ऊपर से टॉपिंग हटाने के बाद ही उसे काटने के लिए राजी हुए। कंगारू ऑस्ट्रेलियाई गौरव का प्रतीक है और अपनी जीत के बावजूद वह प्रतिद्वंद्वी टीम के राष्ट्रीय प्रतीक का अपमान नहीं करना चाहते थे। इस घटना से उस व्यक्ति के चरित्र का पता चलता है जिन्होंने शांत रहकर पूरी ईमानदारी और साहस के साथ अपना काम किया। रहाणे ने 85 टेस्ट मैचों में 12 शतकों सहित 5000 से अधिक रन बनाए। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच दो साल पहले खेला था और अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया। इससे हालांकि एक सवाल अब भी जवाब की तलाश में है कि क्या रहाणे अपनी क्षमता से कम प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी थे या भारतीय क्रिकेट ने उन्हें कम आंका? अपने करियर में अधिकतर समय रहाणे भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा के साए में खेलते रहे जिससे भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान पर ज्यादा चर्चा नहीं हो पाई। इसके बावजूद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में नियमित कप्तान कोहली की अनुपस्थिति और कुछ खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने के बाद साबित किया कि वह एक कुशल और प्रेरणादायी कप्तान हैं। उन्होंने तब न सिर्फ कप्तान बल्कि एक बल्लेबाज के रूप में भी अच्छा प्रदर्शन करके भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। लेकिन सभी शांत स्वभाव वाले खिलाड़ियों की तरह रहाणे ने कभी कोई शिकायत नहीं की जबकि उन्हें लंबे समय तक कप्तान नहीं रखा गया था। उन्होंने संकट के समय बखूबी टीम की कमान संभाली और दिखाया कि वह ड्रेसिंग रूम को शांत बनाए रखकर अपने काम को अंजाम देने में माहिर हैं।

# नीरज, रोहित व यशवीर राष्ट्रमंडल खेलों के पुरुषों के भाला फेंक फाइनल में



ग्लास्गो। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के साथ दो अन्य भारतीय बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में क्वालीफिकेशन राउंड में शीर्ष 12 में जगह बनाकर पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। चोपड़ा ने 2018 में भाला फेंक स्पर्धा का खिताब जीता था। वह क्वालीफिकेशन राउंड में 79.61 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे जबकि रोहित यादव (78.37 मीटर) और यशवीर सिंह (78.36 मीटर) क्रमश: नौवें और 10वें स्थान पर रहे। इससे इस स्पर्धा में हिस्सा लेने वाला पूरा भारतीय दल पदक दौर में पहुंचा। प्रत्येक राउंड में आखिरी थ्रो और रहने वाले चोपड़ा ने अपना तीसरा और आखिरी प्रयास नहीं किया क्योंकि तब तक वह पदक दौर में जगह बना चुके थे। क्वालीफिकेशन राउंड के दौरान परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रहीं जिसमें लगातार सामने से तेज हवा चल रही थी और तापमान 18 डिग्री सेल्सियस बना हुआ था। 18 प्रतिभागियों में से कोई भी 84 मीटर के स्वतः क्वालीफिकेशन मानक को पार नहीं कर सका। इसके चलते शीर्ष 12 खिलाड़ियों ने शुक्रवार को होने वाले फाइनल दौर के लिए क्वालीफाई किया। इस सत्र में दोहा और रोम डायमंड लीग जीतने वाले शानदार फॉर्म में चल रहे श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरागे ने पहले ही प्रयास में 82.84 मीटर का थ्रो कर क्वालीफिकेशन राउंड में पहला स्थान हासिल किया। ग्लास्गो के ठंडे मौसम में बीनी (ऊनी टोपी) पहने नजर आए चोपड़ा को स्कॉट्सटाउन स्टेडियम में दर्शकों से सबसे ज्यादा तालियां मिलीं। हालांकि कठिन परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने संयमित रणनीति अपनाई। पूर्व विश्व चैंपियन चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 76.28 मीटर का थ्रो किया जिससे वह पहले दौर के बाद छठे स्थान पर रहे। दूसरे प्रयास में उन्होंने 79.61 मीटर का थ्रो कर पांचवें स्थान पर जगह बना ली। इसके बाद उन्होंने अपना तीसरा और अंतिम प्रयास नहीं किया। यशवीर का इस सत्र और करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83.72 मीटर है और उन्होंने भी प्रतियोगिता के दौरान लगातार सुधार किया। 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले प्रयास में 73.89 मीटर, दूसरे में 74.45 मीटर और अंतिम प्रयास में 78.36 मीटर का थ्रो कर फाइनल के लिए क्वालीफिकेशन सुनिश्चित किया। रोहित का इस सत्र और करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 87.05 मीटर है। उन्होंने पहले प्रयास में 77.04 मीटर और दूसरे प्रयास में 78.37 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने भी अपना अंतिम प्रयास नहीं किया। चोपड़ा पिछले वर्ष सितंबर से परेशान कर रही कमर के निचले हिस्से की चोट से उबरकर लौटे हैं। इस चोट के कारण उनकी वापसी में देरी हुई और उन्होंने जून में दोहा डायमंड लीग से प्रतिस्पर्धी वापसी की, जहां उन्होंने 85.69 मीटर के थ्रो के साथ चौथा स्थान हासिल किया था।

### श्रीशंकर ने रचा इतिहास, लगातार दूसरा पदक जीता

ग्लास्गो। मुरली श्रीशंकर ने बुधवार को भारतीय एथलेटिक्स के इतिहास में एक और अध्याय जोड़ दिया जब वह राष्ट्रमंडल खेलों में लंबी कूद स्पर्धा में रजत पदक के साथ लगातार दो पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। बर्मिंघम 2022 में रजत पदक जीतने वाले 27 वर्षीय श्रीशंकर ने इस बार 8.09 मीटर की सर्वश्रेष्ठ



कूद लगाकर एक और रजत पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि उनके लिए इसलिए भी खास रही क्योंकि पिछले साल गंभीर घुटने की चोट के बाद उनके करियर पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। श्रीशंकर से पहले इस स्पर्धा में भारत के लिए केवल सुरेश बाबू (पुरुष कांस्य, 1978), अंजू बॉबी जॉर्ज (महिला कांस्य, 2002) और एम प्रजुषा (महिला रजत, 2010) ही पदक जीत पाए थे। जमैका के पूर्व विश्व चैंपियन ताजे गेले ने 8.15 मीटर की कूद के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि मेजबान स्कॉटलैंड के स्टीफन मैकेंजी ने 8.08 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक हासिल किया। यह पदक श्रीशंकर के लिए इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि अप्रैल 2024 में उनके घुटने की पैटलर टेंडन फट गई थी। इसके बाद उन्हें सर्जरी करानी पड़ी और वह पेरिस ओलंपिक में हिस्सा नहीं ले सके। उस समय उनके करियर में वापसी को लेकर भी सवाल उठने लगे थे। हालांकि, श्रीशंकर ने शानदार वापसी करते हुए इन आशंकाओं को गलत साबित कर दिया। अपने दूसरे राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रहे श्रीशंकर ने पहले प्रयास में 8.03 मीटर की कूद लगाई। दूसरे प्रयास में उन्होंने 8.09 मीटर का प्रदर्शन कर बढ़त बना ली। हालांकि यह बढ़त ज्यादा देर नहीं रही। जमैका के ताजे गेले ने 8.15 मीटर की कूद लगाकर पहला स्थान हासिल कर लिया।

## संक्षेप

### एफसी रेंगदाई ने इंडियन नेवी फुटबॉल टीम को 1-0 से हराया

इंफाल। एफसी रेंगदाई ने बृहस्पतिवार को अपने पहले ही डूरंड कप मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछले चरण के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली इंडियन नेवी फुटबॉल टीम को ग्रुप डी मुकाबले में 1-0 से हरा दिया। एफसी रेंगदाई की ओर से स्थानापन्न खिलाड़ी खैदेम अमरजीत सिंह ने 58वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। यह डूरंड कप में एफसी रेंगदाई का पहला गोल भी था और इसी के दम पर टीम ने यादगार जीत दर्ज की।

### मांडविया ने निशानेबाज नीरू और ईशा को मदद जारी रखने का आश्वासन दिया

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पिछले दो विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा और पिस्टल निशानेबाज ईशा सिंह को सरकार के निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया। नीरू ने इस महीने की शुरुआत में आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला ट्रैप निशानेबाज बनकर इतिहास रचा था। उन्होंने यह उपलब्धि इटली के लोनाटो में हासिल की। एशियाई खेलों और आईएसएसएफ विश्व कप में कई पदक जीत चुकी ईशा ने हाल ही में चीन के हांगझोउ में संपन्न हुए आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शानदार प्रगति जारी रखी। मांडविया ने दोनों खिलाड़ियों से कहा, सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी कि आप किसी भी तरह से पीछे न रहें और हर टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने इन दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा, निशानेबाजी हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता वाले खेलों में शामिल है।

### ग्लास्गो में अपने खर्च पर पहुंचे जयवीर चौधरी

ग्लास्गो। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के निजी कोच जयवीर चौधरी बृहस्पतिवार को ग्लास्गो के स्कॉट्सटाउन स्टेडियम में राष्ट्रमंडल खेलों के पुरुष भाला फेंक क्वालीफिकेशन राउंड के दौरान अपने शिष्य का मार्गदर्शन करते नजर आए। जयवीर भारतीय दल का आधिकारिक हिस्सा नहीं थे इसलिए वह अपने खर्च पर यहां पहुंचे। नीरज की अगुआई वाले 32 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स दल के साथ पांच कोच, दो फिजियोथेरेपिस्ट, एक डॉक्टर और दो अन्य चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल थे। खेल मंत्रालय से मंजूरी प्राप्त इस सहयोगी स्टाफ का नेतृत्व मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर कर रहे थे, लेकिन जयवीर चौधरी का नाम इस सूची में शामिल नहीं था।

# विश्व कप में केसरिया जर्सी में उतरेगी भारतीय टीम



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें अगले महीने नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले एफआईएच विश्व कप में पारंपरिक नीली जर्सी नहीं बल्कि केसरिया रंग की जर्सी पहनेगी। जर्सी का रंग बदलने के इस फैसले पर विवाद के बाद हॉकी इंडिया ने कहा है कि कोचों और खिलाड़ियों के अनुरोध पर तकनीकी कारणों से यह फैसला लिया गया है। इस फैसले पर हालांकि पूर्व कप्तान वीरेन रासकिन्हा ने सवाल उठाते हुए कहा है कि हॉकी टीम बरसों से नीली जर्सी में खेलती आई है और प्रशंसक भी उसे इसी रंग में देखना चाहते हैं। विवाद के बाद हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, यह देखा गया कि नीली जर्सी नीले रंग की एस्ट्रो टर्फ (मैदान की सतह) के साथ घुल-मिल जाती थी जबकि अंतरराष्ट्रीय हॉकी पिचों के लिए नीला रंग ही अब मानक है। इस एक जैसे रंग की वजह से खिलाड़ियों को मैदान पर साफ देखने में दिक्कत होती थी। इसमें कहा गया कोचों और खिलाड़ियों ने पीले या केसरिया जैसे दूसरे रंगों का सुझाव दिया। अच्छी तरह सोच विचार के बाद केसरिया रंग को चुना गया। तकनीकी जरूरत को पूरा करने के अलावा केसरिया रंग का गहरा महत्व भी है क्योंकि यह हमारे राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में से एक है और साहस, त्याग और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। इसमें कहा गया कोचों और खिलाड़ियों से तकनीकी फीडबैक मिलने और हमारे राष्ट्रध्वज का रंग होने से इस रंग के सांकेतिक महत्व को देखते हुए यह फैसला किया गया। जर्सी विवाद के राजनीतिक रंग लेने के बीच हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने स्पष्ट किया कि यह फैसला किसी के कहने पर नहीं बल्कि सिर्फ तकनीकी कारणों से लिया गया। टिर्की ने भाषा से कहा मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि जर्सी का रंग बदलने के लिये किसी का दबाव नहीं था। यह सिर्फ खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ के अनुरोध पर किया जा रहा है। इसका कारण पूरी तरह से तकनीकी है। मैं अनुरोध करता हूं कि टूर्नामेंट से पहले ऐसा कोई अनावश्यक विवाद नहीं हो जिससे टीम और खिलाड़ियों पर असर हो। इससे पहले हॉकी इंडिया ने अपने सोशल मीडिया पेज पर नयी जर्सी का

**हॉकी इंडिया ने कहा– तकनीकी कारणों से बदला रंग**

अनावरण करते हुए कहा कि जर्सी का डिजाइन और रंग एक कहानी बताने और भारत का गौरव दिखाने के लिये है। हॉकी इंडिया ने कहा कि केसरिया रंग साहस, बलिदान और जीत का प्रतीक है। इसने कहा भारत के राष्ट्रध्वज और उगते हुए सूरज से प्रेरित यह जर्सी नयी शुरूआत की प्रतीक है। विश्व कप 15 से 30 अगस्त के बीच खेला जायेगा। जर्सी पर मंडाला कला से प्रेरित पैटर्न हैं जो भारत की सांस्कृतिक विरासत दर्शाते हैं। हॉकी इंडिया ने कहा कि इस पर गहरा नेवी ब्लू रंक अशोक चक्र से प्रेरित है जो प्रगति, शांति और फोकस का प्रतीक है। हॉकी इंडिया ने कहा कि छाती पर बना ग्राफिक सुदर्शन चक्र का एक आधुनिक रूप है।

### एसए20 : सुपर किंग्स ने एल्बी मोर्कल को बनाया मुख्य कोच

जोहानिसबर्ग। जोबर्ग सुपर किंग्स ने आगामी एसए20 सत्र से पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर एल्बी मोर्कल को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया और वह स्टीफन फ्लेमिंग की जगह लेंगे जिन्हें अब इंग्लैंड की टेस्ट टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी और सुपर किंग्स समूह का लंबे समय से हिस्सा रहे मोर्कल अब फ्रेंचाइजी को उसके पहले एसए20 खिताब तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे। फ्लेमिंग ने टीम के पहले चार सत्र में मुख्य कोच की भूमिका निभाई थी। फ्लेमिंग ने इसी महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि वह सुपर किंग्स समूह से अलग हो रहे हैं। उन्होंने एसए20 में जोबर्ग सुपर किंग्स के साथ मेजर लीग क्रिकेट की टीम टेक्सास सुपर किंग्स के साथ भी कोचिंग की जिम्मेदारी निभाई थी।

# हॉकी : हर चीज की भगवा ब्रांडिंग क्यों : परगट सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व कप से पहले भारतीय हॉकी टीमों की जर्सी का रंग नीले से बदलकर केसरिया करने पर भड़के पूर्व कप्तान परगट सिंह ने सवाल दागा कि देश में हर चीज की भगवा ब्रांडिंग क्यो हो रही है जबकि धनराज पिल्लै का कहना है कि राष्ट्रीय टीम की पहचान नीली जर्सी रही है, यह कोई फ्रेंचाइजी हॉकी नहीं है।

**धनराज ने कहा यह आईपीएल या फ्रेंचाइजी हॉकी नहीं है**

नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 अगस्त से शुरू हो रहे विश्व कप से पहले भारतीय महिला और पुरूष टीमों की जर्सी का रंग बदले जाने को लेकर काफी विवाद हो गया है। पूर्व कप्तान वीरेन रासकिन्हा द्वारा सवाल उठाये जाने के बाद हॉकी इंडिया ने हालांकि सफाई में कहा है कि तकनीकी कारणों से कोचों और खिलाड़ियों के अनुरोध पर यह फैसला लिया गया।

चार ओलंपिक, विश्व कप और चैम्पियंस ट्रॉफी समेत भारत के लिये 339 मैच खेल चुके महान फॉरवर्ड धनराज ने भाषा से कहा , भारतीय हॉकी की पहचान नीली जर्सी रही है। केसरिया हमारे ध्वज का रंग है और काफी मायने रखता है लेकिन भारतीय हॉकी से जुड़ा नहीं है। इतने साल बाद लेकिन अचानक क्यो बदला गया यह समझ से परे है।

### भारतीय पुरुष टीम सेमीफाइनल में

ओंटारियो। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरूष टीम इंग्लैंड को हराकर विश्व स्क्वाश जूनियर टीम चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि महिला टीम अमेरिका से हारकर बाहर हो गई। भारतीय पुरूष टीम ने तीसरी वरीयता प्राप्त इंग्लैंड को हराया और मुकाबला अमेरिका से होगा। पिछले साल भारत ने इस स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आर्यवीर दीवान ने रॉनी हिकलिंग को हराकर भारत को बढत दिलाई लेकिन इस्माइल खलील ने युशा नफीस को हराकर इंग्लैंड को बराबरी दिलाई। भारत के गुरवीर सिंह ने निर्णायक मुकाबला जीता। वहीं महिला वर्ग में हाल ही में विश्व जूनियर चैम्पियन बनी अनाहत सिंह ने दिया यादव को हराकर भारत को बढत दिलाई।

# संतोष व यशस 400 मीटर दौड़ के फाइनल में

एजेंसी

ग्लास्गो। भारतीय एथलीट यशस पलाक्षा और संतोष के तमिलरासन ने बुधवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में जगह बना ली। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी हीट में सबसे तेज दो क्वालिफायर के बाद तीसरे स्थान पर रहते हुए (फास्टेस्ट लूजर) के रूप में फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

संतोष ने दूसरी हीट में 49.51 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया जबकि यशस पहली हीट में 49.65 सेकंड का समय निकालते हुए तीसरे स्थान पर रहे। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी हीट में तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में प्रवेश किया। संतोष कुल मिलाकर सातवें और यशस आठवें स्थान पर रहे। तीन हीट में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाले धावकों ने सीधे आठ खिलाड़ियों के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया जबकि बाकी दो



स्थान उन खिलाड़ियों को मिले जिन्होंने स्वतः क्वालीफिकेशन से चूकने के बावजूद सबसे तेज समय दर्ज किया। पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ का फाइनल शुक्रवार को होगा। वहीं दूसरी ओर भारत के अनुभवी तैराक साजन प्रकाश राष्ट्रमंडल खेलों में पुरूषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में नहीं पहुंच सके और अपनी हीट में पांचवें तथा कुल 20वें स्थान पर रहे। आठ सर्वश्रेष्ठ तैराक ही फाइनल में पहुंचते हैं। साजन एक मिनट 51 . 99 सेकंड का समय निकालकर काफी पीछे थे। उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड एक मिनट 46 . 61 सेकंड का है। 32 वर्ष के साजन भारत के ही अनीश गौड़ा से भी पीछे रहे जो पदार्पण करते हुए एक मिनट 51. 64 सेकंड का समय निकालकर 18वें स्थान पर रहे। गौड़ा का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन एक मिनट 51 . 88 सेकंड है।

बाद में भारत के आर्यन नेहरा पुरुषों की 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में सातवें स्थान पर रहे। उन्होंने 15:36.25 का समय लिया। ऑस्ट्रेलिया के सैम शॉर्ट ने 14:42.11 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उत्तरी आयरलैंड के डैनियल विफेन (14:44.70) और ऑस्ट्रेलिया के बेंजामिन गोडेमैन्स (14:49.50) उनके बाद रहे।

# राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप आज से दिखेगा वर्चुअल ताइक्वांडो का रोमांच

खेल संवाददाता

लखनऊ। मेजबान लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश के 61 जिलों के खिलाड़ी 42वीं सब जूनियर, 10वीं कैडेट, 44वीं जूनियर, 43वीं सीनियर क्योरगी एवं 10वीं पूमसे उत्तर प्रदेश राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप में दांव पर लगे 194 स्वर्ण पदकों के लिए अपनी चुनौती पेश करेंगे। इस बार चैंपियनशिप में पहली बार वर्चुअल ताइक्वांडो स्पर्धा का भी आयोजन होगा, जो चैंपियनशिप का विशेष आकर्षण होगी।

उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा इस चैंपियनशिप का आयोजन 31 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में किया जा रहा है। चैंपियनशिप की पूर्व संध्या पर गुरुवार को विभिन्न जिलों से पहुंचे प्रतिभागी खिलाड़ियों का वजन किया गया। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह शैलू व सचिव राजकुमार ने बताया कि चैंपियनशिप में मेजबान लखनऊ सहित 61 जिलों के 2000 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। चैंपियनशिप में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ी क्योरगी (फाइट) व पूमसे (फॉर्म) की स्पधाओं में 194 स्वर्ण, 194 रजत व 388 कांस्य पदकों के लिए चुनौती पेश करेंगे।

### पैरा साइकिलिस्ट लिशा दास अंतिम स्थान पर

ग्लास्गो। भारतीय पैरा साइकिलिस्ट लिशा दास बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की सी4-सी5 4,000 मीटर व्यक्तिगत परसूट क्वालीफाइंग स्पर्धा में छठे और अंतिम स्थान पर रहने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। भारतीय दल की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाली देश की एकमात्र पैरा-ट्रैक साइकिलिस्ट 16 वर्षीय इस खिलाड़ी ने क्वालीफाइंग राउंड में 6:58.000 का समय निकाला, जिसमें उनकी औसत गति 34.450 किमी प्रति घंटा रही। ऑस्ट्रेलिया की तारा नेलैंड ने 4:45.796 के समय के साथ क्वालीफाइंग में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि इंग्लैंड की मॉर्गन न्यूबेरी ने 5:06.470 के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक की दौड़ में अपनी जगह पक्की कर ली।

# भारत ने नामीविया को हराया

एजेंसी

ग्लास्गो। भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों की लॉन बॉल्स प्रतियोगिता में अपना शानदार अभियान जारी रखते हुए बुधवार को पुरुष पेयर्स वर्ग के सेक्शन बी के दूसरे दौर के दूसरे मैच में

**पुरुष पेयर्स लॉन बॉल्स में लगातार दूसरी जीत दर्ज की**

नामीबिया को कड़े मुकाबले में हराया। मंगलवार को कुक आइलैंड्स के खिलाफ टाईब्रेकर में मिली जीत के बाद भारत के लीड नवनीत सिंह और स्किप दिनेश कुमार की जोड़ी ने पिछड़ने के बावजूद संयम बनाए रखा और पहला सेट 5-3 से अपने नाम किया। नामीबिया ने 3-0 की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन भारतीय जोड़ी ने सटीक थ्रो और शानदार



रणनीति के दम पर लगातार पांच अंक जुटाकर मैच का रुख पलट दिया और प्रतिद्वंद्वी टीम की वापसी की उम्मीदों को झटका दिया। दूसरे सेट में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा शुरू से ही कायम रहा। उन्होंने शुरुआती 2-0 की बढ़त को लगातार शानदार खेल और जैक पर प्रभावी नियंत्रण के दम पर 6-1 तक पहुंचा दिया। नामीबिया ने सेट के अंतिम चरण में दो अंक लेकर अंतर 3-6 कर दिया लेकिन तब तक मुकाबले का नतीजा लगभग तय हो चुका था। भारतीय जोड़ी ने आसानी से मैच जीतकर ग्रुप चरण में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

वहीं महिला एकल सेक्शन सी के राउंड दो के तीसरे मैच में भारत की नयनमोनी सैकिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आइल ऑफ मैन की कैरोलीन व्हाइटहेड को 2-0 से हरा दिया। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अनिमेष कुजूर ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए बुधवार को राष्ट्रमंडल खेलों में 200 मीटर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

### चित्रावेल और प्रभु त्रिकूद फाइनल में

ग्लास्गो। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी प्रवीण चित्रावेल और सेल्वा प्रभु ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुष त्रिकूद स्पर्धा के क्वालीफिकेशन राउंड में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। चित्रावेल ने अपने पहले और एकमात्र प्रयास में 16.41 मीटर की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल किया। ठंडे और तेज हवाओं वाले मौसम के कारण 14 में से कोई भी एथलीट 16.60 मीटर के स्वतः क्वालीफिकेशन मानक को पार नहीं कर सका। चित्रावेल ने दूसरा और तीसरा प्रयास नहीं किया। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 17.37 मीटर है जबकि इस सत्र का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.08 मीटर रहा है। दूसरी ओर प्रभु को क्वालीफिकेशन के दौरान कुछ तनावपूर्ण पल झेलने पड़े।

लखनऊ, शुक्रवार 31 जुलाई 2026
www.voiceoflucknow.com

# छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान

## निरंतर शिक्षा, संस्कार और उत्कृष्टता की ओर अग्रसर...



मन्दीप कुमार वर्मा
तहसील प्रभारी,
मो.- 9839208078
कार्यालय- वॉयस ऑफ लखनऊ
खुटार रोड, गोला गोकर्णनाथ,
लखीमपुर-खीरी



संकलन एवं प्रस्तुति

छोटी काशी के नाम से विख्यात गोला गोकर्णनाथ केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि शिक्षा और संस्कारों की समृद्ध धरती भी है। यहां के शिक्षण संस्थानों ने वर्षों से हजारों विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देकर उन्हें सफलता की राह दिखाई है। नर्सरी से लेकर स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक शिक्षा तक के छह दर्जन से अधिक शिक्षण संस्थान आज इस नगर को क्षेत्र की शिक्षा नगरी के रूप में नई पहचान दिला रहे हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, संस्कार और नैतिक मूल्यों के बल पर यहां से निकली अनेक प्रतिभाएं देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। ज्ञान की यह ज्योति सदैव प्रज्वलित रहे और छोटी काशी शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को स्पर्श करती रहेकृइसी मंगलकामना के साथ यह शिक्षा परिशिष्ट समर्पित है।

## रानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज



ग्राम शहाबुद्दीनपुर (विकास खंड कुंभी) स्थित रानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज ग्रामीण क्षेत्र में बालिका शिक्षा की अग्रणी संस्था है। उत्कृष्ट शिक्षण, अनुशासन एवं श्रेष्ठ परीक्षा परिणामों के कारण विद्यालय ने क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों का भी नियमित आयोजन किया जाता है। यहां के विद्यार्थी शैक्षणिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

सर्वेश वर्मा - प्रधानाचार्य




## श्री गुरूनानक कन्या महाविद्यालय



वर्ष 1997 में समाजसेवी एवं शिक्षाविद स्व. सरदार गुरूचरन सिंह द्वारा स्थापित श्री गुरूनानक कन्या महाविद्यालय क्षेत्र की छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा का प्रतिष्ठित केंद्र है। कला संकाय से प्रारंभ हुई इस संस्था में वर्तमान में स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर विभिन्न विषयों की शिक्षा उपलब्ध है। वर्ष 2016 से महाविद्यालय में बी.एड. पाठ्यक्रम का भी सफल संचालन किया जा रहा है। अनुभवी शिक्षकों, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के कारण महाविद्यालय ने क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। प्राचार्या डॉ. अंजू भोगल के कुशल निर्देशन में यह संस्थान छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणामों के लिए निरंतर प्रयासरत है।

अरजेन्द्र सिंह - प्रबंधक




## सरस्वती शिशु मंदिर



वर्ष 1984 में स्थापित सरस्वती शिशु मंदिर आज अपने सुसज्जित एवं आधुनिक भवन में गुणवत्तापूर्ण, संस्कारयुक्त एवं राष्ट्रवादी शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक गतिविधियों के साथ संगीत, योग, शारीरिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा तथा सांस्कृतिक, खेलकूद और बौद्धिक प्रतियोगिताओं का नियमित आयोजन किया जाता है।

ठाकुर प्रसाद गंगवार - प्रबन्धक




## कृषक समाज इंटर कालेज



वर्ष 1949 में स्वर्गीय बालगोविन्द वर्मा के अथक प्रयासों से स्थापित कृषक समाज इंटर कॉलेज क्षेत्र की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं में अग्रणी है। विद्यालय में साहित्य, विज्ञान, कृषि, कंप्यूटर, गृहविज्ञान एवं व्यावसायिक शिक्षा की उत्कृष्ट व्यवस्था उपलब्ध है।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एनसीसी, एनएसएस, रेड क्रॉस, ईको क्लब, आईजीडी बॉम्बे सहित खेलकूद, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक प्रतियोगिताओं का नियमित आयोजन किया जाता है। यहां के छात्र-छात्राएं हॉकी, कबड्डी, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस एवं एथलेटिक्स में जनपद, मंडल और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ा चुके हैं।

रवि प्रकाश वर्मा-प्रबन्धक




## गुरू हरिकिशन पी.जी कालेज



वर्ष 2003 में प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों के प्रयासों से स्थापित गुरु हरिकिशन पी.जी. कॉलेज उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जनपद की अग्रणी संस्थाओं में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। यहां अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी. (बायो/मैथ्स), एम.कॉम. एवं एम.ए. (चित्रकला) की कक्षाएं संचालित हैं। महाविद्यालय में आधुनिक प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, विशाल एवं हवादार कक्षाएं, खेलकूद की सुविधाएं तथा छात्राओं के लिए वाहन व्यवस्था उपलब्ध है। सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया जाता है।

स0 परमेंन्द्र पाल सिंह-प्राचार्य




## स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान

स्वर्गीय शिवकुमार राबड़ा द्वारा वर्ष 1985 में स्थापित स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान ने संस्कारयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। नर्सरी से प्रारंभ हुई यह संस्था आज कक्षा 8 तक नगर की प्रतिष्ठित एवं अग्रणी शिक्षण संस्थाओं में गिनी जाती है। विद्यालय में अनुशासन, संस्कार, नियमित अध्यापन एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण के साथ चित्रकला, सांस्कृतिक गतिविधियों और व्यक्तित्व विकास पर विशेष बल दिया जाता है। विशाल, हवादार एवं प्रकाशयुक्त कक्ष, शुद्ध पेयजल, जनरेटर एवं वाहन जैसी आधुनिक सुविधाएं विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण प्रदान करती हैं।

सुश्री शशिबाला रावडा
प्रधानाचार्या/प्रबन्धक




## केन ग्रोअर्स नेहरू डिग्री कालेज



वर्ष 1968 में क्षेत्र के किसानों के बच्चों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित केन ग्रोअर्स नेहरू डिग्री कॉलेज आज जनपद की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। प्रारंभ में 56 विद्यार्थियों के साथ शुरू हुआ यह महाविद्यालय समय के साथ निरंतर प्रगति करता रहा है। महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विभिन्न विषयों की शिक्षा के साथ आधुनिक कंप्यूटर लैब, मल्टीमीडिया युक्त भूगोल प्रयोगशाला, प्रोजेक्टर युक्त कक्ष तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। वर्तमान सत्र से गृहविज्ञान विषय का संचालन भी प्रारंभ किया गया है। प्रो. पंकज सिंह के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

चरनजीत कौर - प्रबन्धक




## जीवनलाल कमला देवी कन्या महाविद्यालय

गोला वर्ष 2015 में स्थापित जीवनलाल कमला देवी कन्या महाविद्यालय छात्राओं की उच्च शिक्षा के लिए समर्पित एक प्रतिष्ठित संस्थान है। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध इस महाविद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, इतिहास, गृह विज्ञान, चित्रकला एवं शिक्षाशास्त्र विषयों में स्नातक स्तर की शिक्षा उपलब्ध है। उत्कृष्ट शिक्षण, अनुशासित वातावरण एवं श्रेष्ठ परीक्षा परिणामों के कारण महाविद्यालय ने क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। यहां की छात्राएं कई बार विश्वविद्यालय टॉपर बनकर संस्थान और क्षेत्र का गौरव बढ़ा चुकी हैं।

जया अग्निहोत्री-प्रबन्धक




## विद्या कुँवरि स्मा. सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज



विद्या कुँवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कारों के लिए क्षेत्र की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था है। नगर एवं जनपद में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने के साथ यहां के विद्यार्थियों ने नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। नर्सरी से इंटरमीडिएट तक हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा उपलब्ध है। विशाल परिसर, आधुनिक प्रयोगशालाएं, खेल मैदान, सभागार एवं अन्य सुविधाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यहां से शिक्षा प्राप्त कर अनेक छात्र-छात्राएं प्रशासनिक, चिकित्सा, अभियंत्रण, पुलिस एवं अन्य प्रतिष्ठित सेवाओं में सफलता प्राप्त कर चुके हैं।

- महेंद्र कुमार त्रिपाठी




## सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज



विद्या भारती से संबद्ध एवं भारतीय शिक्षा समिति, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पिछले 42 वर्षों से संस्कारयुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का पर्याय बना हुआ है। उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के साथ यहां के अनेक छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय ने शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कारों का आदर्श वातावरण स्थापित किया है। आधुनिक प्रयोगशालाएं, सीसीटीवी युक्त कक्षाएं तथा ट्यूशन-मुक्त शिक्षण व्यवस्था इसकी प्रमुख विशेषताएं हैं। यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा-2026 में जिले की टॉप-10 सूची में 8 विद्यार्थियों का स्थान प्राप्त करना संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है।

ईश्वरदीन वर्मा
कोषाध्यक्ष

